डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार | 26 अगस्त 2025 | वर्ष-31, अंक-309, पृष्ठ-12 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 03, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

हरतालिका तीज की शुभकामनाएं

ॐ नमः शिवाय शान्ताय करणत्रय हेतवे।
निवृत्य ध्वान्तसंसार ज्योतिषे ज्ञानरूपिणे।।

## हर घर तक पहुंचेगा पोषण व सशक्तिकरण का लाभ : अन्नपूर्णा देवी

**राणा अरुण सिंह**

### राष्ट्रीय नवीन मेल से विशेष बातचीत के प्रमुख अंश



**मेदिनीनगर।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. अन्नपूर्णा देवी ने सोमवार को परिसदन में राष्ट्रीय नवीन मेल से विशेष बातचीत की। इस दौरान उन्होंने पोषण अभियान, महिला सुरक्षा, बाल विवाह रोकथाम, महिला उद्यमिता और ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण पर विस्तार से अपने विचार साझा किए।

**सवाल :** पोषण अभियान की प्रगति को आप कैसे देखती हैं? क्या इसके परिणाम अपेक्षित स्तर तक पहुँचे हैं?

**जवाब :** पोषण अभियान के तहत मिशन आंगनबाड़ी, मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति के माध्यम से व्यापक काम हो रहा है। वर्तमान में 0 से 6 वर्ष तक के लगभग 10 करोड़ लाभार्थी जुड़े हुए हैं, जिनमें 14 लाख सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है और निगरानी के लिए पोशन ट्रैकर एक्ट जैसी आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।

**सवाल :** आंगनबाड़ी सेवाओं में सुधार के लिए सरकार ने हाल में कौन-से कदम उठाए हैं?

**जवाब :** देशभर में आंगनबाड़ी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मंत्रालय लगातार कदम उठा रहा है। प्रशिक्षण, मॉनिटरिंग और संसाधनों की उपलब्धता पर विशेष जोर दिया जा रहा है ताकि बच्चों और महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ मिल सकें।

**सवाल :** महिला सुरक्षा और बाल विवाह रोकथाम को लेकर मंत्रालय की क्या ठोस पहल है?

**जवाब :** महिला सुरक्षा और बाल विवाह रोकने के लिए दो मंत्रालय मिलकर काम कर रहे हैं। देशभर में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि समाज में इस मुद्दे पर संवेदनशीलता और जिम्मेदारी बढ़ सके।

**सवाल :** 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की जमीनी स्थिति क्या है?

**जवाब :** यह केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

**शेष पेज 11 पर...**

## झारखंड को बारिश से नहीं मिलेगी राहत, 31 अगस्त तक वर्षा

- **26, 27 और 28 अगस्त को वज्रपात और तूफान की आशंका**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड को अभी मानसून की बारिश से राहत मिलने वाली नहीं है. गरज-चमक के साथ 31 अगस्त तक वर्षा-वज्रपात की चेतावनी मौसम विभाग की ओर से दी गई है. मौसम विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी कर दिया है. भारत मौसम विज्ञान विभाग के रांची स्थिति मौसम केंद्र ने कहा है कि 26 से 28 अगस्त तक झारखंड में कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवाओं के साथ वज्रपात होने की संभावना है। मौसम विभाग ने झारखंड के लिए जारी मौसम की चेतावनी में कहा है कि 26 अगस्त, 27 अगस्त और 28 अगस्त को आंधी-तूफान के साथ कहीं-कहीं वर्षा और वज्रपात होगी. हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है. दैनिक मौसम पूर्वानुमान में मौसम केंद्र ने कहा है कि मानसून ट्रफ इस समय झारखंड से गुजर रहा है, जिसका असर आने वाले दिनों में यहां के मौसम पर दिखेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, 29 अगस्त को झारखंड के दक्षिण-पूर्वी (पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और पूर्वी सिंहभूम) और उत्तर-पूर्वी (साहिबगंज, **शेष पेज 11 पर...**

## राहुल गांधी से जुड़े मामले में हाईकोर्ट में अब दो सप्ताह बाद सुनवाई

**रांची।** राहुल गांधी के द्वारा दाखिल कवैशिंग याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सोमवार को न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट में सुनवाई के दौरान राहुल गांधी के अधिवक्ता की ओर से बहस के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए दो सप्ताह बाद की तारीख निर्धारित की है. झारखंड पर्यटन राहुल गांधी पर चाइबासा के प्रताप कुमार ने केस दर्ज करवाया था. जिसे पहले रांची कोर्ट में ट्रांसफर किया गया था. लेकिन फिर कुछ समय अंतराल के बाद इस केस को चाईबासा कोर्ट में ही ट्रांसफर कर दिया गया है। प्रताप कुमार की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता विनोद कुमार साहू ने अदालत में पक्ष रखा.वहीं राहुल गांधी की तरफ से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर राय ने पक्ष रखा।

### मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर का किया स्थल निरीक्षण, कहा-

# निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर की बेहतर उपयोगिता की कार्य योजना बनाएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को रांची के धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी परियोजना अंतर्गत निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर का स्थल निरीक्षण किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कन्वेंशन सेंटर से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों ने यह जानकारी दी कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत वर्ष 2018 में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था, परन्तु बीच में ही इस परियोजना को बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि इस परियोजना के तहत 5 हजार लोगों के बैठने की क्षमता वाले कन्वेंशन सेंटर का निर्माण किया जाना था।

मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि आने वाले समय में इस निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर की उपयोगिता राज्य हित में बेहतर तरीके से हो सके, इस निमित्त एक बेहतर कार्य योजना बनाएं। मौके पर मंत्री, नगर विकास एवं आवास सुदिव्य कुमार, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव नगर विकास विभाग सुनील कुमार, सीईओ स्मार्ट सिटी सूरज कुमार, जीएम स्मार्ट सिटी राकेश नंदकुलियार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## झारखंड विधानसभा में सीएजी रिपोर्ट पेश, कई गंभीर आपत्तियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन में पेश हुई । वित्तीय वर्ष 2022-23 के अनुपालन प्रतिवेदन में साफ कहा गया है कि करोड़ों रुपए की लागत से ली गई कई योजनाओं का आम जनता को कोई लाभ नहीं मिला।

रिपोर्ट के मुताबिक, पथ निर्माण विभाग ने सड़क चौड़ीकरण की एक योजना पर 19.15 करोड़ रुपए खर्च किए, लेकिन कार्यपालक अभियंता और भू-अर्जन पदाधिकारी के बीच समन्वय की कमी से रकम बर्बाद हो गई। इसी विभाग ने दामोदर और गवई नदी पर दो पुलों के लिए 15.09 करोड़ रुपए खर्च किए। पुल तो बन गए, लेकिन पहुंच पथ का निर्माण नहीं हुआ, क्योंकि जमीन अधिग्रहण ही नहीं किया गया। नतीजा यह कि इस पुल का कोई उपयोग नहीं हो पाया।

सीएजी ने बोकारो के चंदनकियारी प्रखंड में ग्रामीण विकास विभाग की एक योजना में 5.09 करोड़ रुपए की बर्बादी पकड़ी। इस राशि से बनी मॉल जैसी इमारत आज तक इस्तेमाल ही नहीं हुई। यही नहीं, विभाग ने वेब आधारित अकाउंट प्रबंधन प्रणाली पर 1.77 करोड़ रुपए खर्च किए, लेकिन यह प्रणाली अब तक काम ही नहीं कर रही है। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने 2014 में 16 शीतगृह और छंटाई केंद्रों पर 3.67 करोड़ रुपए खर्च किए। लेकिन, एक दशक गुजरने के बाद भी इनमें काम शुरू नहीं हुआ। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने जमशेदपुर के धालभूमगढ़ में 50 बिस्तरों वाला अस्पताल 1.55 करोड़ रुपए खर्च कर बना दिया, पर तीन साल बाद भी बंद पड़ा है। रिपोर्ट में कुल मिलाकर करीब 41.10 करोड़ की ऐसी योजनाओं की स्थिति उजागर की गई है, जिनसे आम जनता को कोई लाभ नहीं मिला।

### पीएम मोदी की डिग्री नहीं होगी सार्वजनिक

**नई दिल्ली ।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को केंद्रीय सूचना आयोग के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी की स्नातक की डिग्री से संबंधित जानकारी सार्वजनिक करने का निर्देश दिया था।

**(देश विदेश पेज देखें )**

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## कैमरून में फंसे बोकारो-हजारीबाग के 17 मजदूरों की हुई स्वदेश वापसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के हस्तक्षेप के बाद अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे झारखंड के 19 में से 17 मजदूरों की सुरक्षित स्वदेश वापसी हो गई है। ये मजदूर बोकारो और हजारीबाग जिले के रहने वाले हैं। सोमवार को सभी अपने घर पहुंच गए। बताया गया है कि दो अन्य मजदूरों की वापसी 26 अगस्त को होगी। ये मजदूर एक एजेंसी के जरिए कैमरून में बिजली ट्रांसमिशन का काम करने वाली ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड कंपनी में मजदूरी करने ले जाए गए थे। इस कंपनी ने उनका चार महीने का वेतन रोक रखा था। वेतन बंद होने से उनके सामने खाने-पीने और अन्य बुनियादी जरूरतों का संकट खड़ा हो गया था। मजदूरों ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश साझा कर केंद्र एवं झारखंड सरकार से हस्तक्षेप और वतन वापसी कराने की गुहार लगाई थी। झारखंड सरकार के श्रम विभाग ने भारत **शेष पेज 11 पर...**

### झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र की हंगामेदार शुरुआत

## सूर्या हांसदा एनकाउंटर की सीबीआई जांच की मांग

- **विपक्ष का सदन के अंदर-बाहर प्रदर्शन**

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** झारखंड विधानसभा का पूरक मानसून सत्र के दौरान सोमवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। रिम्स 2 और सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले को सदन के भीतर भाजपा विधायकों ने जोरदार हंगामा किया। प्रश्नकाल की शुरुआत होते ही विपक्ष नारेबाजी करने लगा। इसके बाद बढ़ते हंगामे को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को दोपहर 12.30 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। **शेष पेज 11 पर...**

**इंडिया**

# सोशल मीडिया से फैलता राजनीति का बारूद



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक



सबसे तेज और बिना एडिटिंग बिना रोक टोक के सोशल मीडिया आंददायक उत्तेजक साधन बना हुआ है साथ ही भ्रामक जहर फैलाने का माध्यम भी सस्ते स्मार्ट फोन और फ्री डाटा के साथ सूचना क्रांति का एक और हमला हुआ तो इसे किसी ने वैसा खतरा नहीं बताया जैसा अभी सोशल मीडिया रूप ले चुका है । आज देश के किसी भी हिस्से में कोई भी मामूली घटना सनसनी बनकर कब देश विदेश में फैल जाएगी कोई नहीं जानता।किसी भी घटना को मोबाइल में क़ैद करते अनगिनत हाथ कब उसे लाइव या अपनी समझ से किस रूप में फैला देंगे कोई नहीं जानता ।अनेक ऐसे मामलों में निहित स्वार्थ में झूठी और नफरत फैलाने वाली बातें जानबूझकर फैलाई गईं जिससे दंगे फ़साद हुए । इसके भयंकर कुपरिणाम अभी आने शेष हैं जिससे ऐसा भ्रम फैलेगा कि मीडिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठने लगेंगे। पढ़ा लिखा परिपक्व वर्ग इसे व्हॉट्सएप यूनिवर्सिटी बोलकर गंभीरता से नहीं लेता पर भारत का एक बहुत बड़ा वर्ग जो बहुत पढ़ा -लिखा या मानसिक रूप से परिपक्व नहीं है वह झूठी गढ़ी हुई या फोटोशॉप की हुई तस्वीरें या आधुनिक कृत्रिम मेधा द्वारा तैयार सोशल मीडिया सामग्री को सच मान लेता है और उसपर चर्चा भी करता है उसे फैलाता है ।जाति,धर्म,राजनीति और अन्य संवेदनशील मुद्दों पर आधारित ये यह जहर तेज़ी से समाज में फैल रहा है जिसमें कहीं धर्म संकट में है तो कहीं मजहबी पहचान खतरे में है ।इतिहास भूगोल की झूठी जानकारी और चरित्र हनन के हजारों फोटो,वीडियो इंस्टा,फेसबुक,रील और यूट्यूब के अलावा व्हॉट्सएप के माध्यम से विभिन्न राजनैतिक पार्टियों,धार्मिक उन्माद फैलाने वाले षड्यंत्रकारियों से लेकर देश के दुश्मनों द्वारा फैलाई जा रही हैं जिससे समाज के अंदर एक जहरीला बारूद फैलता जा रहा है जिसे बस किसी घटना की माचिस का इंतजार है और जिस दिन ये आग लगेगी उस दिन नफरत का दावानल कहां तक पहुंचेगा कहना मुश्किल है। इस आग को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करने की ताक में पहले देश के दुश्मन रहा करते थे पर इससे भेदभाव फैलाकर या अपना पक्ष उज्ज्वल बताकर चुनाव जीतने की दौड़ में अनेक राजनैतिक दल भी शामिल हो गए हैं। इसका प्रमाण है अनेक जातीय धार्मिक दंगों की रिपोर्ट। झारखंड जैसा साफ़ सुथरा राज्य भी अब जातीय धार्मिक पहचान के रंग में रंगता जा रहा है ।गांव से लेकर सुदूरवर्ती दुर्गम इलाकों तक में झंडों से लेकर जातीय धार्मिक पोशाक और पर्व त्योहारों में शक्ति प्रदर्शन और उसके वीडियो एक प्रतिस्पर्द्धा का रूप ले चुके हैं ।झारखंड के अनेक गांवों में आपसी सौहार्द और सद्भावना के बजाय बातचीत में छींटाकशी से लेकर पलामू सहित माओवाद प्रभावित जिलों में अगड़े पिछड़े,धर्म और जातीय विद्वेष फैलाकर राजनीति चमकाने के संगठित प्रयास अभियान का रूप ले चुके हैं। सिंहभूम,पलामू,गुमला और माओवाद प्रभावित अनेक जिलों के सुदूरवर्ती गांवों में सरकारी गाड़ी सुरक्षा कारणों से भले ना घुस पाए पर समाज सेवा,चिकित्सा और जागरूकता के नाम पर विशिष्ट कोड अंकित वाहनों का प्रवेश धड़ल्ले से होता है ।माओवादी, जातीय और धार्मिक संगठनों के अलावा राजनैतिक गतिविधियों वाली कुछ गाड़ियां नियमित रूप से घूमती है ।कुछ संदिग्ध स्वयंसेवी संस्थाओं के बारे में चर्चा है कि वे गांवों से प्राप्त आंकड़ों को विकास कार्यों के अलावा विदेशों तक पहुंचाती हैं जिनकी जांच से बहुत से खुलासे हो सकते हैं । भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय की तरफ से फैक्ट फाइंडिंग वेबसाइट भी चलाई जा रही है जिसमें झूठी खबरों और चित्र या वीडियो की जानकारी तुरंत मिल जाती है। इसी प्रकार रिवर्स सर्च की सुविधा गूगल प्रदान करता है जिससे इसकी जानकारी आसानी से मिल जाती है ।संदिग्ध लोगों से सोशल मीडिया में दोस्ती करने और मैसेज फॉरवर्ड करने से भी बचना चाहिए।

## अनुबंध समाप्त होने से विधि-व्यवस्था व यातायात व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका, डीआईजी ने मुख्यालय को भेजा प्रस्ताव




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के 552 सहायक पुलिसकर्मियों की सेवा अवधि समाप्त हो चुकी है, ऐसे में अब उनकी सेवाओं के विस्तार पर विचार किया जा रहा है। झारखंड सहायक पुलिस प्रदेश एसोसिएशन, रांची की ओर से इस संबंध में एक पत्र पुलिस उप-महानिरीक्षक (डीआईजी), पलामू प्रक्षेत्र, डालटनगंज को सौंपा गया है। इसके बाद डीआईजी ने इसे मुख्यालय को अग्रसारित करते हुए अनुबंध विस्तार पर विचार करने की अनुशंसा की है। एसोसिएशन द्वारा दिए गए पत्र में बताया गया है कि पलामू और लातेहार जिले के सहायक पुलिसकर्मियों की अनुबंध सेवा अवधि 20 अगस्त को ही समाप्त हो चुकी है। वहीं गढ़वा जिले के सहायक पुलिसकर्मियों की अवधि 30 अगस्त को समाप्त हो रही है। **शेष पेज 11 पर...**

## एक नजर

### खेत में लगे सोलर प्लेट की चोरी

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के कूलहिया पंचायत अंतर्गत जगदीशपुर गांव में बीती रात चोरों ने किसान के खेत में लगे तीन सोलर प्लेट चोरी कर लिए । भुक्तभोगी किसान शिवपूजन मेहता ने बताया कि उसे सिंचाई के लिए वर्ष 2022 में ज्रेडा द्वारा सोलर पंप योजना की स्वीकृति मिली थी। रविवार की देर रात अज्ञात चोरों ने खेत में लगे 9 सोलर प्लेट में से 3 सोलर प्लेट की चोरी कर ली । इससे पीड़ित किसान को फसल की सिंचाई करने में काफी परेशानी होगी। किसान ने इसकी सूचना पुलिस को देते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

### घर से तीन लाख रुपए मूल्य संपत्ति की चोरी

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर-14 के जपला चौबे स्थित हरिजन टोला में बीती रात्रि चोरों ने एक घर से करीब तीन लाख रुपए मूल्य की संपति चुरा ले गए। बताया जाता है कि विरति कुंवर के पुत्र महेश राम का नया घर है, जो दिल्ली में काम करता है। उस क्रम में विरति कुंवर का तबीयत खराब रह रहा था। पिछले दो दिनों से वह पुराने घर पर रात्रि में सो रही थी, उसका फायदा उठाकर चोरों ने घर से सोने का आभूषण, पीतल के बर्तन, कीमती सामान और जमीन का कागजात सहित करीब तीन लाख रुपए का सामान चोरी कर ले गए। उस स्थान पर लोगों में चर्चा थी कि आस पास महुआ का शराब मिलता है, जिसे पीने के लिए कई अनजान लोग आते जाते हैं। लोगों ने आशंका जाहिर किया है कि उन लोगों का भी हाथ हो सकता है।

### पेड़ से लटकता नर कंकाल बरामद

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के शिकारपुर गांव से करीब 5 किमी दूर दक्षिण दिशा में स्थित चोरहा पहाड़ के जंगल में बरगद पेड़ से लटकता एक नर कंकाल मिला है। घटनास्थल बिहार राज्य के टंडवा थाना क्षेत्र का सीमावर्ती इलाका है। सोमवार को सूचना के बाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार सदल बल के साथ पहुंचे तथा ग्रामीणों की मदद से नर कंकाल को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। वहीं पुलिस नर कंकाल की पहचान करने तथा हत्या या आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि कुछ चरवाहों ने पेड़ से रस्सी के सहारे लटकते नरकंकाल को देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी। मृतक पैंट -शर्ट पहने हुए है। देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि घनघोर जंगल में करीब दो-तीन माह से शव पेड़ से लटका हुआ है। हालांकि हरिहरगंज और बिहार के टंडवा थाना में किसी भी व्यक्ति के लापता होने की सूचना नहीं है । घटनास्थल से किसी भी तरह का संदेहास्पद वस्तु बरामद नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### बीडीओ ने की खाद दुकानों की जांच

**छतरपुर(पलामू)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी छत्तरपुर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा प्रखंड के विभिन्न खाद बीज एवं उर्वरक भंडार का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें सरकारी दर से अधिक दाम पर यूरिया विक्रय एवं अवैध भंडारण व कालाबाजारी के शिकायत पर गहन जांच की गयी। किसान खाद बीज भंडार, श्री राम खाद बीज भंडार, चाहत फर्टाइल यूजर एवं बीज भंडार, धरती खाद बीज भंडार, रवि खाद बीज भंडार, पवन खाद्य भंडार में संबंधित सभी विक्रेताओं से लाइसेंस, स्टॉक पंजी, सूचना पट्ट, पॉश मशीन आदि की वस्तु स्थिति का जायजा लिया गया। सभी खाद विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सरकारी दर से अधिक दाम पर उर्वरक की बिक्री की जाती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। जांच टीम में आशीष कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी शंभू राम, अंचल अधिकारी कृषि पदाधिकारी, प्रखंड जन सेवक शामिल थे।

# जपला में रेलवे अंडर पास व ओवर ब्रिज बना लोगों के लिए बोझ

## भारी जलजमाव से राहगीर परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** डीडीयू रेलमंडल के बीडी रेल सेक्शन अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों से जुड़े दर्जनों रेलवे पास तो बना दिए गए, किंतु मामूली बरसात के झोंके से भारी जलजमाव की स्थिति कायम हो जाती है। ऊंटारी रोड से काजरात नावाडीह स्टेशन के बीच बने अंडर पास का अवलोकन करने से स्वतः इसकी दुर्दशा बयां करती नजर आयेगी। हालांकि रेलवे की ओर से यात्री के अलावा जनहित और लोगों की जनसेवा करने की बड़ी बड़ी घोषणा करते आई है। किंतु विभिन्न स्तरों से रेल प्रशासन को विगत तीन साल से लगातार इस संबध में संज्ञान में लाने का कार्य किया गया। बावजूद स्थाई समाधान नहीं कर सका है। जिससे आम राहगीरों सहित दोपहिया, छोटे वाहनों का सुलभ आवागमन बाधित हो जाता है। इसी रेलझंड के जपला स्टेशन से जुड़ा अंदर बक्शी हाई स्कूल के पास 43 / सी रेलवे अंदर पास पुल अपने निर्माण काल से दुर्दशा झेलता आया है। उस समय से ही सोशल मीडिया से रेल प्रशासन को कई बार इस समस्या से अवगत कराया जाता रहा। किंतु संज्ञान यहां के लोगों को उपयुक्त समाधान नहीं मिल सका। जलजमाव की पानी का निकासी के व्यवस्था कैसे हो, इस पर आज तक पहल नहीं होने से रेल प्रशासन सहित क्षेत्रीय सांसद के प्रति भी नाराजगी है। इस रास्ते से दर्जनों गांव के लोग प्रखंड सह अंचल कार्यालय, दंगवार, देवरी, सोननगर आदि जगहों तक आवागमन विभिन्न कार्यों को लेकर करते हैं। इससे वर्तमान राहगीर और दोपहिया तक गुजरना मुसीबत बनी है। अव्वल तो यह है कि अंदर पास पुल में पानी के नीचे मिट्टी का दलदलनुमा कीचड़ करीब दो फीट जमा हो गया है। जिसमे कोई जाना भी चाहे तो बीच मे ही दो से तीन फीट पानी और कीचड़ में फंसकर परेशान हो जाते हैं। रही बात जपला रेलवे ओवरब्रिज की। इस ओवरब्रिज से कई आवश्यक मुहाने पर आवागमन की कनेक्टविटी और सुलभ मार्ग के लिए मुख्य पथ से जोड़ा ही नहीं गया। इससे पूर्व की अपेक्षा और परेशानी लोगों को बढ़ी है। आम चर्चा तो यह है कि इस रेलवे ओवरब्रिज से हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के लोगो के लिए बोझ बन गया है। इससे दंगवार या हैदरनगर की ओर आने जाने वाले वाहनों को कई बार आगे पीछे कर मुड़ना और गंतव्य के लिए रवाना होना पड़ता है।



अंडर पास में जमा हुआ बरसात का पानी।

# एक साल से खराब पड़ा है स्टेशन रोड का हाईमास्ट लाइट, आमलोग परेशान

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय स्टेशन रोड के दैनिक बाजार प्रांगण में लगाया गया हाईमास्ट लाइट करीब एक साल से खराब पड़ा है। इसके बावजूद इसे ठीक कराने को लेकर किसी स्तर पर अबतक इसकी सुध नहीं ली जा सकी है। इसी बीच नये सिरे से विद्युतीकरण के साथ सिंगल वायर केबलिंग के बाद नये खंभों से स्ट्रीट लाइट की सुविधा भी कम पड़ गई है। ऐसे में लोगों को दैनिक बाजार क्षेत्र के बड़े दायरे में रात के अंधेरे से परेशानी होती है। दुकानों की असुरक्षा को लेकर दुकानदारों में डर समाया रहता है। क्योंकि पुराने खंभों पर पंचायती राज व्यवस्था के तहत लगाए गए स्ट्रीट लाइट की रोशनी भी कम पड़ गई। जो किसी किसी खंभे पर ही टिमटिमाती नजर आती हैं।

बताया गया कि नये खंभों पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगाया गया है। पुराने खंभों पर लगे स्ट्रीट लाइट को ही कनेक्शन दे दिया गया है। ऐसे में लोगों का कहना है कि पुराने खंभों को हटाने के बाद क्या स्थिति होगी। इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। शाम होते ही चप्पे-चप्पे पर अंधेरा छा जाएगा।

जबकि इसी क्षेत्र में ही बैंक भी हैं। ट्रेन पकड़ने के लिए लोगों इसी क्षेत्र से होकर स्टेशन तक जाना पड़ता है। इस लाइट के खराब रहने से बाजार वासियों और व्यावसियों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। बताया गया कि विधायक संजय कुमार सिंह यादव के प्रथम कार्यकाल में ही इस प्रखंड मुख्यालय में यही एकमात्र हाईमास्ट लाइट खड़ा किया गया था। इसके बाद से इसमें बड़ी खराबी आने पर 2015 के कार्यकाल में तत्कालीन वार्ड सदस्य राजू चौरसिया की कोशिश से इसकी खराबी दूर हो पाई थी। जबकि इस बार खराब होने पर इसे ठीक करने की दिशा में अबतक किसी स्तर से प्रयास नहीं हुआ है। लोगों ने इस हाईमास्ट के साथ ही स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा सकारात्मक कदम उठाने की मांग विधायक संजय कुमार सिंह यादव से की है।



स्टेशन रोड में खराब पड़ा हाईमास्ट लाइट।

### सामान्य हुआ कोयल नदी का जलप्रवाह

# भीमबराज मुख्य नहर में छोड़ा गया 818 क्यूसेक पानी



मुख्य नहर में पानी जाते हुए।

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** भारी बारिश के कारण एक बार फिर से भीमबराज का बढा हुआ जलप्रवाह सोमवार को सामान्य स्तर पर आ गया है। इसे देखते हुए फिलहाल, 8 गेट खोलकर कोयल नदी में 38745 क्यूसेक जलप्रवाहित किया जा रहा है। जबकि मुख्य नहर में 818 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि रविवार को कोयल नदी का जलप्रवाह 1.12 लाख क्यूसेक दर्ज हुआ था। इसे देखते हुए स्थिति को अलर्ट मोड में रखा गया था। जबकि मुख्य नहर का जलप्रवाह शून्य कर दिया गया था। जिससे उसे बाढ और गाद के खतरे से सुरक्षित रखा जा सके। बरसात के चालू मौसम में तीसरी बार कोयल नदी का जलप्रवाह एक लाख क्यूसेक से अधिक दर्ज हुआ है। मांग के अनुसार मुख्य नहर का जलप्रवाह बढाया-घटाया जाता रहेगा। पूरी स्थिति पर अब भी नजर रखी जा रही। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। किसी भी स्थिति से निबटने के लिए सहायक अभियंता सुलेंद्र कुमार, जेई सौरभ पटेल, निर्भय कुमार सिंह और शुभम राज सहित अन्य सिंचाई कर्मी अलर्ट हैं।

### डॉ. एसके रवि ने उपाधीक्षक का प्रभार ग्रहण किया, कहा

# सीमित संसाधन में बेहतर सेवा देने का करेंगे कार्य



डॉ. एसके रवि का स्वागत करते तत्कालीन उपाधीक्षक बिनेश कुमार।

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के उपाधीक्षक का पद प्रभार सोमवार को वरीय चिकित्सक डॉ. एसके रवि ने ग्रहण किया। तत्कालीन स्वास्थ्य उपाधीक्षक विनेश राम से डॉ. एसके रवि ने प्रभार ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण करने के पूर्व तत्कालीन उपाधीक्षक विनेश कुमार समेत चिकित्सक व कर्मियों ने डॉ. एसके रवि का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। चिकित्सा पदाधिकारियों व कर्मियों ने कहा कि हुसैनाबाद में पहले भी डॉ. एसके रवि अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के उपाधीक्षक की जवाबदेही बखूबी निभाया है। इस मौके पर नवपदस्थापित स्वास्थ्य उपाधीक्षक डॉ. एसके रवि ने कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र का चप्पा चप्पा वह जानते हैं। उन्होंने कहा कि यह स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं से भी वह वाकिफ हैं। अनुमंडलीय अस्पताल समेत पीएचसी व स्वास्थ्य उप केंद्रो में जो संसाधन उपलब्ध हैं, उसमे बेहतर सेवा देने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी चिकित्सक या कर्मी के द्वारा लापरवाही की शिकायत मिलने पर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने आम लोगों से चिकित्सक व कर्मियों को सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि चिकित्सक व कर्मी भी इंसान हैं, यह बात भी समझने की जरूरत है। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे क्लीनिकों को मानक के मुताबिक चलाने की हिदायत संचालकों को दिया है। उन्होंने कहा कि मानक के मुताबिक व्यवस्था नहीं मिलने पर कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर, डॉ. विनेश कुमार, डॉ. विकास कुमार गुप्ता, डॉ. शशि भूषण, डॉ.आरिफ नैयर, डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. प्रसिद नारायण सिंह, प्रेम मणि सुधांशु, प्रखण्ड लेखा प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, अशोक कुमार, एमपीडब्ल्यू आदि उपस्थित थे।

# यूरिया व डीएपी उपलब्ध कराना सरकार की जवाबदेही : कमलेश

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू) ।** हुसैनाबाद हैदरनगर, हरिहरगंज, पिपरा एवं मोहम्मदगंज समेत पलामू पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों के किसान परेशान हैं। किसानों को ऊंचे दाम पर यूरिया एवं डीएपी खाद खरीदना पड़ रहा है। सरकार किसानों को निर्धारित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने में पूरी तरह फेल साबित हो रही है। उक्त बातें पूर्व मंत्री सह भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहीं। उन्होंने कहा कि पलामू में इस बार अच्छी बारिश हुई है। चारों तरफ धान की खेती हुई है। किसानों ने बहुत मेहनत कर धान की फसल लगाया है। लेकिन सरकार की भ्रष्ट नीति के कारण किसानों को उचित मूल्य पर उर्वरक नहीं मिल पा रहा है। चारों तरफ उर्वरक के लिए हाहाकार मचा हुआ है। एक तरफ पदाधिकारियों व कलाबाजारियों की मिलीभगत से गुप्त रूप से मनमाने ढंग से ऊंची कीमत पर उर्वरक बेची जा रही हैं, तो दूसरी ओर सरकार चुप्पी साधे बैठी है। किसानों को उर्वरक नहीं मिलना राज्य सरकार के लिए शर्मनाक है। उन्होंने पलामू डीसी से यथाशीघ्र कालाबाजारी करने वाले व्यापारियों व व्यापारियों से मिली भगत करने वाले पदाधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि मेहनतकश किसान भाइयों को यथाशीघ्र उचित मूल्य पर उर्वरक मुहैया कराया जाए। उन्होंने कहा कि यूरिया एवं डीएपी निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध होना चाहिए।



पूर्व विधायक कमलेश सिंह।

### प्रखंड की स्थापना के 15 साल बाद भी नहीं बनी अलग बाल विकास परियोजना

# 20 किमी दूर से होता है आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियंत्रण

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** स्थापना के 15 साल बाद भी इस प्रखंड में अलग बाल विकास परियोजना नहीं बनी है। वर्तमान समय में इस प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों को 20 किमी दूर हुसैनाबाद स्थित बाल विकास परियोजना से संचालित और नियंत्रित किया जाता है। जहां से पोषाहार उठाव और आवागमन करना सेविकाओं व सहायिकाओं के लिए परेशानी भरा बताया जाता है। जबकि हुसैनाबाद से अलग मात्र 8 किमी पर ही स्थित हैदरनगर प्रखंड में बाल विकास परियोजना 2013 में ही अस्तित्व में आ गई है। पंसस ममता देवी और बीडीसी के साथ ही 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की ओर से इस बाबत प्रस्ताव देने के बाद भी अबतक हुसैनाबाद से अलग इस प्रखंड मुख्यालय में बाल विकास परियोजना स्थापना नहीं की जा सकी है। इसका लोगों को मलाल है। लोगों का कहना है कि इस बीच प्रखंड की आबादी भी बढी है। ऐसे में प्रावधान के अनुसार कम से कम 350 और अधिकतम 700 की आबादी के अनुपात में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना कर सेविकाओं व सहायिकाओं का चयन भी जरूरी हो गया है। जिसकी भी मांग की जाती रही है।

लोगों ने कहा कि बाल विकास परियोजना के 20 किमी दूर स्थित होने और सीमित आंगनबाड़ी केंद्रों से बाल विकास और महिला कल्याण के उद्देश्यों की पूर्ति किस प्रकार संभव होता होगा, इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

## न्यूज बॉक्स

### अरविंद बने जपला मुख्य डाकघर के पोस्टमास्टर



**हुसैनाबाद (पलामू)।** सोमवार को जपला मुख्य डाकघर में उप डाकपाल के पद पर अरविन्द कुमार ओझा ने योगदान किया। वे श्याम कुमार से पदभार ग्रहण किया। इसके साथ ही सुनील कुमार सिंह ने डाक सहायक के पद पर योगदान किया। इस मौके पर अरबिंद कुमार ओझा ने कहा कि ग्राहकों की सेवा एवं सुविधा देना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही डाक विभाग द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनाओं को उपभोक्ताओं तक सुलभ कराने का बेहतर प्रयास किया जाएगा, ताकि विभाग को राजस्व मिल सके। मौके पर श्याम कुमार, अनिल ओझा, पप्पू कुमार, सुधीर कुमार सिंह,धीरेंद्र कुमार, देवेंद्र नाथ गुप्ता, श्रवण कुमार, डॉ.शिवकुमार विश्वकर्मा, रंजीत सिंह, सुधीर ठाकुर, रौशन, संतोष ठाकुर, रविकांत सिंह, राजकुमार, कैलाश मेहता, ओम शंकर ज्योति प्रसाद, अशोक कुमार, कुलदीप कुमार, अरुण सिंह, मुन्ना पाठक, अभिषेक, भगवान सहित बड़ी संख्या में डाककर्मी व अभिकर्ता उपस्थित रहे।

### नीलांबर-पीतांबरपुर जेएसएलपीएस को मिला दूसरा स्थान

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा अप्रैल से जून तक जिले के 21 प्रखंडों का जेएसएलपीएस समीक्षा किया गया। इस समीक्षा में डीएम, बीपीएम और बीपीओ उपस्थित रहे। परिणामस्वरूप विश्रामपुर प्रखंड को प्रथम तथा नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर डीपीएम द्वारा नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड बीपीएम सत्यप्रिय तिवारी को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद बीपीएम सत्यप्रिय तिवारी ने सोमवार को प्रखंड कार्यालय में अपने सहयोगीयो एवं जेएसएलपीएस की दीदियों के बीच खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उपलब्धि आप सभी की मेहनत और सहयोग का परिणाम है। आने वाले समय में हम सभी मिलकर और बेहतर कार्य करेंगे ताकि जिला स्तर पर और भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। मौके पर संत कुमार संत, रानी,संगीता देवी,सुनीता सिंहा, आशीष तिवारी,मनीष कुमार, पायल वर्मा,आरती देवी, प्रभादेवी, उदय प्रजापति,शुभम कुमार, श्याम किशोर पांडे,सुनील प्रजापति आदि उपस्थित थे।

### बिगहा में विहिप ने मनाया स्थापना दिवस समारोह

**हैदरनगर।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में हरिनगर (हैदरनगर) पश्चिमी पंचायत के भाई बिगहा में विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस रविवार की देर शाम हर्षोल्लास मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन पंचायत संयोजक ज्योति जी के नेतृत्व में किया गया। मुख्य वक्ता के रुप में जिला मिलन प्रमुख अविराज जी ने भाग लिया। जिन्होंने संगठन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उद्देश्यों और समाज के प्रति इसकी जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में हरिनगर प्रखंड सुरक्षा प्रमुख गौतम जी, हैप्पी कांस्यकार (चोचू जी), पश्चिमी पंचायत के सक्रिय कार्यकर्ता भारत जी, संतोष जी, सचिन जी, पिंटू जी, श्री नारायण जी, विश्वनाथ जी और प्रमोद जी विशेष रुप से भाग लिया। स्थापना दिवस समारोह में बड़ी संख्या में भाई बिगहा के ग्रामीण भी शामिल होकर जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान किया। वक्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने एवं समाज सेवा के प्रति निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प दोहराया। अंत में सभी ने जय श्री राम के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

### परता मुख्य पथ की मरम्मती कार्य शुरू

**हैदरनगर।** प्रखंड के हैदरनगर भाई बिगहा से परता, कबरा कला पक्की मुख्य सड़क मार्ग में परता में भारी बारिश से बहने के तीसरे दिन मरम्मती कार्य सोमवार को शुरू कर दिया गया है। इससे दर्जनों गांवों तक देर शाम तक आवागमन बहाल कर दिया जायेगा। गत शनिवार की शाम इस गांव के मुरही नाला के पास बह गया था। मुख्य पथ में भारी कटाव होने से परता, कबरा कला, राजौंधा, रानीदेवा, अधौरा आदि दर्जनों गांव सहित टोलों तक समीपवर्ती मार्ग बाधित होने के बाद इस पंचायत के वरीय पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पाण्डेय व मुखिया कमल कुमार पासवान ने क्षतिग्रस्त पथ के बगल में ही नए पथ का निर्माण करा रहे संवेदक दूबे कंस्ट्रक्शन को जानकारी तत्काल दी। जिस पर उन्होंने मरम्मती कर आवागमन बहाल करने के आश्वासन पर संवेदक अपने दो कर्मियों फिरोज अंसारी और अरुण सक्सेना को इस कार्य में सोमवार को लगाया है। क्षतिग्रस्त मुख्य पथ में ट्रैक्टर से मिट्टी फीलिंग का काम जारी है। प्रतिनिधियों ने बताया कि परता में मलवारिया खेत के पास संपर्क पथ अधिक बारिश से टूट बह गया था। जिससे परता पंचायत के अलावा इस मार्ग से जुड़े दर्जनों गांवों का आवागमन बाधित हो गया है। उन्होंने कहा कि इस पुरानी पथ के बगल में भजनीया से हैदरनगर मुख्य पथ का नवनिर्माण भी कराया जा रहा है। किंतु तटस्थ वैकल्पिक तौर पर डायवर्सन का निर्माण नहीं कराने की मांग भी अनवरत जारी है। इसे लेकर ग्रामीणों सहित जिला प्रशासन को कई बार आवेदन देकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया है। वर्तमान में क्षतिग्रस्त पथ की मरम्मती के प्रति तत्काल गंभीरता से लिए जाने पर उन्होंने इस पंचायत के लोगों की ओर से संवेदक दूबे कंस्ट्रक्शन को आभार जताया है।

### बारिश से घर का एक हिस्सा गिरा, मदद की गुहार

**उंटारी रोड।** पिछले दो दिनों से हुई लगातार बारिश से जहां नदी -नाले उफान पर है। वहीं उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत जोगा पंचायत के दरुआ गांव निवासी अनिता देवी पति उपेन्द्र चौधरी का खपरैल मकान का एक हिस्सा भारी वजह से गिर गया है। वहीं गांव के ही राजेन्द्र चौधरी का खपरैल के घर में पानी घूस गया है जिससे दोनों परिवारों के समक्ष मुसिबत उत्पन्न हो गया है। अनिता देवी ने बताया कि बीती रात हुई बारिश में घर का एक हिस्सा पूरी तरह से गिर गया है। वहीं राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि मेरे घर में पानी घुस गया है। जिससे घर में रखे कई समान बर्बाद हो गया है। घर का कुछ कीमती सामान बगल के दूसरे के घर में रखे है। दोनों गृहस्वामियों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

### दुर्गा पूजा व कमेटी नवीनीकरण को लेकर बैठक

**पांडू।** प्रखंड के मुसिखाप में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर स्थानीय पीपल चबूतरा, मुसिखाप में रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूजा की तैयारियों की रूपरेखा के साथ-साथ कमेटी विस्तार और जिम्मेदारियों के बंटवारे पर भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ संरक्षक रामविलास सिंह ने की। इस दौरान पंडाल सजावट, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि प्रशासन से समन्वय स्थापित कर यातायात प्रबंधन, बिजली व पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। कमेटी नवीनीकरण के तहत नये युवाओं और सामाजिक कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसमें अध्यक्ष प्रवेश साव, उपाध्यक्ष तेजेंद्र सिंह, श्रवण शर्मा,सचिव आशीष सिंह, चंदन सिंह, उप सचिव सूरज गुप्ता, सतीश सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र चंद्रवंशी, श्रीराम गुप्ता, प्रिंस सिंह, महामंत्री राजू शर्मा, अनिल प्रजापति, कुंदन चंद्रवंशी, मंत्री राजू सिंह, शशिभूषण सिंह,प्रवक्ता संदीप कुमार सिंह,मीडिया प्रभारी अभिषेक सिंह, अमन सिंह, रमा सिंह, संदीप सिंह,मनोनित किए गए। बैठक के दौरान सदस्यों ने कहा कि इस बार की दुर्गा पूजा पूरी तरह भव्य, सुरक्षित और अनुशासित माहौल में संपन्न होगी। इसके लिए हर सदस्य अपनी भूमिका निभाएगा।अंत में सभी ने आपसी एकजुटता और सामूहिक सहयोग से दुर्गा पूजा आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### अभियान

## जिला पार्षद ने फाइलेरियारोधी दवा खुद खाकर औरों को भी किया प्रेरित

# फाइलेरिया मुक्त भारत बनाने में सबका सहयोग जरूरी : अंजू

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधौरा में रविवार को फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) और इंटेंसिव ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (आईडीए) कार्यक्रम के तहत जिला परिषद सदस्य अंजू देवी ने खुद भी दवा खाई। इसके साथ ही उन्होंने औरों को भी इसके लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि फाइलेरिया मुक्त भारत मिशन को सफल बनाने में सबका सहयोग जरूरी है। केंद्र सरकार ने 2027 तक देश से फाइलेरिया को पूर्ण रूपेण खत्म करने का संकल्प लिया है। ऐसा तभी संभव होगा, जब सभी इसे पूरा करने को संकल्पित होंगे। इस मौके पर मौजूद अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के चिकित्सा प्रभारी डा. बिनेश कुमार ने कहा कि जिला पार्षद ने खुद आईडीए की दवा सेवन कर लोगों को फाइलेरिया से बचाव का संदेश दिया है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक घातक रोग है। जो मच्छर के काटने से फैलता है। जिसे आम बोलचाल की भाषा में हाथी पांव रोग के नाम से जाना जाता है। जो जीवनभर की विकलांगता का कारण बनती है। एक मच्छर आपको जिंदगी भर के लिए विकलांग नहीं बना सके, इसलिए जरूरी है कि सभी लोग दवा जरूर खाएं और सफाई पर विशेष ध्यान दें। कार्यक्रम में आरोग्य समिति के युवा प्रतिनिधि नीतीश सिंह, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रेम मणि सुधांशु, एएनएम द्रौपदी पांडेय, सुनीता कुमारी और प्रिंस सिंह सहित कई ग्रामीण व स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे।



फाइलेरियारोधी दवा खिलाती जिप सदस्य।

### बाल श्रम उन्मूलन हेतु राज्य कार्य योजना पर पलामू में प्रमंडल स्तरीय कार्यशाला

# कार्य योजना में जमीनी स्तर पर कमियों को समझने का प्रयास जारी : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार बाल श्रम को समाप्त करने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के मार्गदर्शन में, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन और बाल कल्याण संघ के संयुक्त तत्वावधान में पलामू जिला समाहरणालय भवन में प्रमंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बाल श्रम उन्मूलन राज्य कार्य योजना 2025-2030 को जिलों के अनुभवों और जमीनी हकीकत के आधार पर और अधिक व्यावहारिक एवं प्रभावी बनाना है। कार्यक्रम में पलामू प्रमंडल के विभिन्न जिलों से आए अधिकारी, विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्थाओं और बाल अधिकारों से जुड़े विशेषज्ञों सहित 80 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला में बाल श्रम और बाल तस्करी जैसी गंभीर समस्याओं, उनके कारणों और ठोस समाधान पर गहन चर्चा हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पलामू की उपायुक्त समीरा एस ने कहा कि सरकार बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में कई अनोखी पहल कर रही है। इसके लिए पलायन परिवार को यहीं पर रोजगार के साधन उपलब्ध कराने या अगर वे बाहर जा भी रहे हैं तो उनके लिए कई प्रकार के योजनाओं का लाभ उन्हें मिल पाए। इसके लिए पोर्टल पर पंजीयन करा कर उन्हें लाभ हेतु प्रेरित किया जा रहा है। उसी कड़ी में यह कार्ययोजना बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में बेहद कारगर साबित होगी, क्योंकि इसमें हर जिले के अधिकारियों और विशेषज्ञों की राय ली जा रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्य योजना में जमीनी स्तर पर कमियों को समझने का प्रयास हो रहा है और इस दिशा में आप सभी के बहुमूल्य सुझाव बेहद महत्वपूर्ण हैं।

#### समाज के लोगों को आगे आना होगा : पुनीत

कार्यक्रम की शुरुआत श्रम अधीक्षक पुनीत कुमार मिंज के स्वागत भाषण से हुई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बाल श्रम उन्मूलन के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसी का परिणाम है कि झारखंड में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रवासी परिवारों को पंचायत और प्रज्ञा केंद्रों पर पंजीकरण कराने के बाद रोजगार के लिए बाहर जाने पर सरकार हर कदम पर उनका साथ दे रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल सरकारी दायित्व नहीं बल्कि समाज के सभी वर्गों की साझा जिम्मेदारी है कि बच्चों को शिक्षा का अधिकार मिले और उन्हें बाल श्रम से मुक्त वातावरण प्राप्त हो। कार्यक्रम में सभी जिलों से आय हुए पदाधिकारियों से सुझाव प्राप्त किए गए और इनके सुझाव को राज्य कार्य योजना में शामिल किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के एसी कुंदन कुमार, डीएसपी यशोधरा सहित कई लोगों ने भी अपनी महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

#### सभी के सहयोग से बाल श्रम खत्म होगा

मेदिनीनगर सदर एसडीओ सुलोचना मीणा ने कहा कि बाल श्रम को खत्म करना झारखंड सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि बच्चों को सुरक्षित माहौल और शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए प्रशासन, पुलिस, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक संस्थाओं और सभी संबंधित एजेंसियों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने यह भरोसा भी दिलाया कि जिला प्रशासन इस विषय पर पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है और सभी विभागों के बीच बेहतर तालमेल बनाकर इस योजना को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगा।

#### राज्य बाल श्रम मुक्त की दिशा में बढ़ रही है : संजय

बाल कल्याण संघ के संस्थापक एवं एटीएसइसी इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि बाल श्रम को समाप्त करने के लिए केवल कानून और नीतियां काफी नहीं हैं। इसके लिए समुदाय को जागरूक करना, परिवारों को स्थायी आजीविका से जोड़ना और बच्चों को पढ़ाई से जोड़ना बेहद जरूरी है। यह योजना केवल कागजों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि हर स्तर पर जवाबदेही तय करने का ठोस माध्यम बनेगी। हमारा लक्ष्य है कि झारखंड का हर बच्चा सुरक्षित वातावरण में पढ़े और सम्मानजनक जीवन जी सके। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार इस योजना को धरातल पर उतारने के लिए गंभीर और ठोस पहल कर रही है। उन्होंने झारखंड सरकार की सक्रियता और संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल राज्य को बाल श्रम मुक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक बदलाव लाएगी।

## शहर में हरितालिका व्रत को लेकर महिलाओं की जबरदस्त खरीदारी



- कपड़े, श्रृंगार सामग्री, सोने-चांदी व पूजा सामग्रियों की दुकानों पर उमड़ी भीड़

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हरितालिका तीज व्रत मंगलवार को मनाया जाएगा। इसे लेकर सोमवार शाम से ही मेदिनीनगर के बाजार तीजमय हो गए। देर रात तक सड़कों पर रौनक बनी रही और दुकानों पर महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

महिलाएं कपड़े, श्रृंगार सामग्री और सोने-चांदी की दुकानों पर खरीदारी करती दिखीं। फलों और पूजन सामग्रियों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ लगी रही। कपड़ा दुकानों पर महिलाएं साड़ी और अन्य परिधान चुनने में व्यस्त रहीं, वहीं टेलरिंग शॉप पर पीकू कराने और ब्लाउज सिलवाने के लिए भीड़ नजर आई।

त्योहार की तैयारी में ब्यूटी पार्लर भी पीछे नहीं रहे। यहां महिलाओं ने सजने-संवरने के लिए सेवाएं लीं। कई जगहों पर मेंहदी लगाने की भी व्यवस्था की गई थी, जहां युवतियां और महिलाएं कतार में दिखीं।

पूरे बाजार में पूजन सामग्री, दान की सामग्री और डलिया की दुकानें सजी हुई थीं। इस बार पिछले वर्षों की अपेक्षा अधिक भीड़ देखी गई।

पंडित रामदेव पांडेय ने बताया कि भाद्र मास शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को सुहागिन महिलाएं हरितालिका तीज का निर्जला व्रत करती हैं। यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना के साथ मनाया जाता है। महिलाएं पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-शांति की कामना करती हैं।

### महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा पर चर्चा

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी से डीआईजी नौशाद आलम ने की शिष्टाचार भेंट



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. अन्नपूर्णा देवी से पलामू के डीआईजी नौशाद आलम ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर डीआईजी ने महिला एवं बाल विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर मंत्री से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। इसी संदर्भ में उन्होंने मंत्री से मार्गदर्शन प्राप्त किया तथा महिला सशक्तिकरण और बाल संरक्षण के लिए मिलकर ठोस कदम उठाने पर विचार किया।

### आदि कर्म योगी अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन

## आदिवासियों को मुख्य धारा में लाना आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य : डीसी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जनजातीय विकास और परिवर्तन के लिये व्यक्तियों और संस्थानों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपायुक्त समीरा एस, उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि आदिवासियों को मुख्य धारा में लाने व उन्हें सभी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से यह देशव्यापी आदि कर्मयोगी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में हम सभी स्टेक होल्डर हैं। आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में विकास पहल को बढ़ावा देना और शासन को अधिक प्रभावी बनाना है। जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक जब शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वन होगा तभी अभियान सफल हो सकेगा। इस अभियान को सफल बनाने हेतु किस विभाग को क्या करना है, इसी विषय से संबंधित यह कार्यशाला आयोजित की गयी है। उन्होंने कहा कि इस अभियान को लेकर कई स्तर पर ट्रेनिंग का आयोजन भी किया जाना है। इसके पूर्व में छह जिले के प्रतिनिधियों को मेदिनीनगर में प्रशिक्षण दिया गया है। इस अभियान के तहत जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनरों 28,29 एवं 30 सितंबर को तीन दिवसीय का प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा जो आगे चलकर प्रखंड स्तर पर ब्लॉक लेवल ट्रेनर को प्रशिक्षित करेंगे और जनजातीय समुदायों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। उन्होंने सभी विभागों को इस अभियान में अपना शत-प्रतिशत देने की अपील की।

उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि 28,29 एवं 30 सितंबर को पोलपोल में तीन दिनों का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें कुल 65 जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर भाग लेंगे।उन्होंने कहा कि जिले में 91 आदिवसी बहुल गांव है जहां यह अभियान को प्रभावी ढंग से लागू किया जायेगा।उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से सरकारी कर्मियों में कार्य संस्कृति सुधारने,उत्तरदायित्व बढ़ाने और नागरिकों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने की परिकल्पना है। मौके पर उपरोक्त के अलावे जिला कल्याण पदाधिकारी,डीआरडीए निदेशक, जिला पंचायती राज पदाधिकारी,सिविल सर्जन समेत अन्य उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में घायल जवान अजय पांडेय का निधन

- आरक्षी अधीक्षक कार्यालय के डीसीबी शाखा में थे तैनात, रिम्स में इलाज के दौरान तोड़ा दम



**मेदिनीनगर।** पलामू आरक्षी अधीक्षक कार्यालय के डीसीबी शाखा में तैनात जवान अजय कुमार पांडेय का निधन हो गया। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उनका रिम्स, रांची में इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने सोमवार को अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से पुलिस विभाग और साथी जवानों में शोक की लहर दौड़ गई। विधायक आलोक चौरसिया, पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील सिन्हा, लालू उरांव और विक्रांत दुबे सहित कई लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## रिम्स-2 आंदोलन से सरकार डर गई : अन्नपूर्णा देवी

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि रांची में रिम्स-2 को लेकर चल रहे ग्रामीणों के आंदोलन से सरकार घबरा गई है। इसी डर की वजह से पूर्व मुख्यमंत्री को हाउस अरेस्ट किया गया था। अन्नपूर्णा देवी सोमवार को पलामू पहुंचीं, जहां उन्होंने भाजपा नेता मनोज सिंह के पिता एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व विभाग संघ संचालक ध्रुव नारायण सिंह के निधन पर उनके निवास जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों से मुलाकात की।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के पास किसी भी रचनात्मक कार्य के लिए विजन नहीं है। ग्रामीण और भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जता रहे थे, लेकिन सरकार ने जिस तरह कार्रवाई की, उससे साफ है कि वह जनता की आवाज से डर गई है।

उन्होंने कहा कि रिम्स-2 के मामले में रैयतों की राय और समस्याओं को सुना जाना चाहिए। राज्य में कई जगह बंजर जमीन पड़ी हुई है, जहां खेती नहीं हो रही है। सरकार वहां भी निर्माण कार्य कर सकती है। अन्नपूर्णा देवी ने स्पष्ट कहा कि सरकार को रैयतों और ग्रामीणों की बात माननी होगी और उनकी समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देना होगा।

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दी ध्रुव नारायण सिंह को श्रद्धांजलि

- परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी स्वर्गीय ध्रुव नारायण सिंह के श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुईं। अन्नपूर्णा देवी ने भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह के आवास पहुंकर स्वर्गीय ध्रुव नारायण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि ध्रुव नारायण सिंह का योगदान समाज और संगठन के लिए अविस्मरणीय रहेगा। वर्तमान सरकार के पास राज्य विकास का कोई ठोस सोच या विजन नहीं है। जिसका परिणाम है कि लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही हैं। श्रद्धांजलि सभा में राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही, पूर्व सांसद मनोज कुमार, पूर्व विधायक पुष्पा देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

### नयी संस्कृति सोसाइटी ने मनाई 10वीं वर्षगांठ

## कला, साहित्य, समाजसेवा व राजनीति से जुड़ी विभूतियों को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** स्थानीय दुर्गा मंडप में रविवार को स्वैच्छिक संस्था नयी संस्कृति सोसाइटी की 10वीं वर्षगांठ समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जेएसपीएलएस की डीपीएम अनिता केरकेट्टा, वरीय काष्ठकला कलाकार एवं आईपीटीए के जिला अध्यक्ष प्रेम भसीन तथा ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि अनिता केरकेट्टा ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं के सहयोग से ही समाज और क्षेत्र का समग्र विकास संभव है। नयी संस्कृति सोसाइटी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रही है। प्रेम भसीन ने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन सामाजिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ समाज की बुनियादी समस्याओं के समाधान में लगातार योगदान दे रहा है।

कार्यक्रम में कला, संस्कृति, लेखन, समाजसेवा और राजनीति जैसे क्षेत्रों में योगदान देने वाली कई विभूतियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में वरीय पत्रकार एवं लेखक प्रभात मिश्र सुमन, प्रवीण सिंह, प्रिंस सिंह, निरंजन गुप्ता, आशीष भारद्वाज, वंदना श्रीवास्तव, अविनाश राजा, संदीप गुप्ता और धीरज मिश्रा शामिल थे।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के तहत रवि रंजन, पंकज निराला, भूपेश कुमार और पवन कुमार ने गीत प्रस्तुत किए। वहीं, शांति केरकेट्टा और अनीशा केरकेट्टा ने नृत्य से समां बांधा।

अतिथियों का स्वागत संस्था के अध्यक्ष विशाल कुमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव अजीत पाठक ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधक चंदा झा ने दिया।

### इप्टा की 81वीं सांस्कृतिक पाठशाला में संवाद का आयोजन

## ‘स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन : क्या, क्यों और कैसे’ विषय पर रखे गए विचार, सुधाकर रेड्डी को दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** इंडियन पीपुल्स थिएटर एसोसिएशन (इप्टा) द्वारा संचालित सांस्कृतिक पाठशाला की 81वीं कड़ी में रविवार को ‘स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एस.आई.आर.) : क्या, क्यों और कैसे’ विषय पर संवाद आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व महासचिव कामरेड एस. सुधाकर रेड्डी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

संवाद की शुरुआत प्रेम प्रकाश ने विषय-प्रवेश के साथ की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिला कांग्रेस पार्टी के जिला प्रवक्ता गोपाल सिंह और इप्टा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह ने संयुक्त रूप से की।

इस अवसर पर इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार ने कहा कि एस.आई.आर. प्रक्रिया को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया निरंतर चलनी चाहिए, लेकिन इसे जल्दबाजी में पूरा करना लोकतांत्रिक मूल्यों पर सवाल उठाता है।

वक्ता शिव शंकर प्रसाद ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता आवश्यक है, लेकिन वर्तमान प्रक्रिया पारदर्शी नहीं लग रही है। कुलदीप राम ने कहा कि पुनरीक्षण होना चाहिए, किंतु इसमें कमियों को दूर करना जरूरी है। अध्यक्षता कर रहे गोपाल सिंह ने कहा कि चुनाव आयोग से निष्पक्षता की अपेक्षा की जाती है, पर उठ रहे सवाल भरोसा कमज़ोर कर रहे हैं।

संवाद का संचालन सुरेश सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि कामरेड सुधाकर रेड्डी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के लोकप्रिय नेता थे, जिनका व्यवहार शालीन और सोच वैज्ञानिक थी। वे जनसंगठनों के विस्तार और लोकतांत्रिक परंपराओं के संरक्षण के लिए हमेशा सक्रिय रहे।

कार्यक्रम के अंत में सुधाकर रेड्डी को श्रद्धांजलि स्वरूप 2 मिनट का मौन रखा गया। शिक्षक गोविंद प्रसाद ने झारखंड से संबंधित एक पुस्तक भेंट कर सांस्कृतिक पाठशाला के पुस्तकालय को समृद्ध करने का संकल्प जताया।

इस अवसर पर कृष्ण देव ओझा, गोविंद प्रसाद, फिरोज अख्तर, रवि शंकर, गौतम कुमार, प्रेम कुमार, अमित कुमार, भोला, संजीव कुमार संजू, अजीत ठाकुर, शाहिद समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

### रजवाडीह मध्य विद्यालय में 'मुखर वाचन एवं सहपठन' गतिविधि आयोजित

**मेदिनीनगर।** रजवाडीह मध्य विद्यालय में सोमवार को मुखर वाचन एवं सहपठन गतिविधि का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ₹मेरा विद्यालय निपुण, मैं भी निपुण₹ अभियान के अंतर्गत पुस्तक पठन–मेरी किताब, मेरी कहानी कैंपेन का हिस्सा है, जो 15 अगस्त से शुरू होकर 10 सितम्बर 2025 तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों में शुद्ध उच्चारण, आरोह-अवरोह, हाव-भाव और समझ के साथ पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित करना है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी, शिक्षिका श्रीमती निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी तथा लैब इंस्पेक्टर अनूप कुमार मिश्रा की देखरेख में कक्षावार गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस दौरान बच्चों को प्रतिदिन पुस्तक वाचन करने और दूसरों को भी प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। अवसर पर पीरामल फाउंडेशन के प्रियदर्शन कुमार और सी-थ्री के आकाश कुमार भी उपस्थित थे।

## एक नजर

### भवनाथपुर में डिज्नीलैंड झूलन मेले का शुभारंभ

**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान के पीछे डिज्नीलैंड झूलन मेला का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन भवनाथपुर पंचायत की मुखिया बेबी देवी, उप मुखिया अमलेश रावत थाना के एस आई नरायण प्रसाद एवं समाजसेवी विनोद सिंह ने संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना कर एवं फीता काटकर किया। उद्घाटन के अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। मुखिया बेबी देवी ने कहा कि इस तरह का मेला ग्रामीणों को मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक एकता और मेलजोल का भी अवसर देता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मेला का आनंद शांतिपूर्ण ढंग से लें और बच्चों को सुरक्षित रूप से झूला एवं मनोरंजन साधनों का अनुभव करने दें। मेला प्रबंधक एम बी राजा ने बताया कि इस बार मेले में बच्चों और युवाओं के लिए आकाश झूला, नोका झूला, ड्रैगन ट्रेन, ब्रेक डांस सहित कई आधुनिक झूले और मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के आयोजन से लोगों को परिवार संग समय बिताने और खुशी साझा करने का अवसर मिलता है। यह झूला शाम 4 बजे से 10 बजे तक चलेगा।इस मौके पर समाजसेवी सुजीत कुमार, सुरेश गुप्ता,टूटू सिंह,राजन सिंह सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद बच्चों और युवाओं में झूलों पर सवार होने की होड़ लग गई। खासकर ड्रैगन ट्रेन और ब्रेक डांस युवाओं के बीच आकर्षण का केंद्र बने रहे।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के हेंहो ग्राम निवासी संतोष प्रसाद का 27 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार की सोमवार को करंट लगने से मौत हो गई।जानकारी के अनुसार चंदन किसी के घर बिजली बनाने का काम कर रहे थे। इस दौरान अचानक करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आनन- फानन में उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, ग्रामीणों ने बताया कि चंदन मेहनती और मिलनसार स्वभाव के युवक थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। अचानक हुई इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

### सड़क दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल

**चिनियां (गढ़वा)।** चिनियां थाना क्षेत्र के जमुनियाटांड़ में सोमवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया। दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को संभाला। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से 108 एंबुलेंस को बुलाकर सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। ग्रामीणों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

## राजस्व विभाग की जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक में उपायुक्त ने कहा-

# राजस्व संबधित कार्यों को समय सीमा के अंदर करें पूरा

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** समाहरणालय गढ़वा स्थित सभागार में उपायुक्त दिनेश यादव की अध्यक्षता में राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, राजस्व संग्रहण, भूमि सीमांकन, सर्टिफिकेट इश्यू, लैंड ट्रांसफर, नामांतरण, लैंड डिस्प्यूट के मामले, भू-अर्जन, अतिक्रमण समेत अन्य कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक के प्रारंभ में उपायुक्त द्वारा विभिन्न अंचलों से प्राप्त अद्यतन प्रतिवेदन के आधार पर बिंदुवार समीक्षा किया गया। दाखिल-खारिज संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिले



अधिकारियों के साथ बैठक करते उपायुक्त गढ़वा।

के विभिन्न अंचलों को 30 दिनों के अंदर दाखिल-खारिज के मामले का निष्पादन अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया। किसी भी आवेदन को बिना किसी कारण 30 या 90 दिनों तक लंबित नही रखने का निर्देश दिया गया। अंचल कार्यालय से निर्गत होने वाले विभिन्न प्रमाण पत्रों को लेकर भी उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर प्रमाण पत्र निर्गत करने की बात कही। समीक्षा के दौरान प्रतिवेदन के अनुसार पोर्टल पर राजस्व संबंधी विभिन्न कार्यों से जुड़े मामलों की समीक्षा के क्रम में कई आवेदन लंबित पाए गए, जिसका निष्पादन अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया गया।

लैंड ट्रांसफर की समीक्षा करते हुए विभिन्न योजनाओं तहत यथा-कोल्ड स्टोरेज, लैंप्स/पैक्स इत्यादि निर्माण कार्यों के लिए भूमि चिन्हित कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। भूमि सीमांकन हेतु प्राप्त आवेदनों पर अमीन भेजकर तय समय पर भूमि सीमांकन करने का निर्देश दिया गया। कुछ कार्यों में पेंडेंसी को लेकर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अंचल अधिकारी एवं उनके अधीनस्थ कर्मियों को सक्रिय होकर कार्य करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि कोई भी कार्य जानबूझकर लंबित न रखें। मामलों का निष्पादन तय समयसीमा एवं प्राथमिकता के आधार पर करें। राइट टू सर्विस एक्ट के तहत उपायुक्त द्वारा सभी पेंडिंग कार्यों यथा- म्यूटेशन, डीमार्केसन, सर्टिफिकेट इश्यू, डिस्प्यूट लैंड इत्यादि को ससमय निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

# चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार, जेल

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** थाना क्षेत्र में सिलसिलेवार घटित चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन अपराधियों को डंडई पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया। जिसको लेकर थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि डंडई थाना क्षेत्र में सिलसिलेवार तरीके से कई जगहों पर अपराधियों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था। इस घटनाओं के त्वरित उद्भेदन हेतु गढ़वा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के दिशा निर्देश पर एक टीम गठित की गई । गुप्त सूचना तथा तकनीकी सहयोग से अनुसंधान के क्रम में तीन संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। जिसमें आशीष जायसवाल पिता वीरेंद्र जायसवाल (घघरी),हसनैन अंसारी पिता मुजम्मिल अंसारी (बीरबल) एवं





मुकेश चंद्रवंशी पिता स्वर्ग रामचंद्र चंद्रवंशी (बीरबल) का नाम शामिल है। प्रभारी ने बताया है कि उक्त तीनों से पुलिस ने पूछताछ किया । पूछताछ के क्रम में उक्त लोगों ने डंडई थाना क्षेत्र में घटित चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकारी। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों ने पुलिस को बताया कि चोरी की घटना में दो अन्य साथी भी शामिल थे। पुलिस को बताया है कि डंडई थाना क्षेत्र के अलावा उत्तर प्रदेश के विंधमगंज थाना अंतर्गत छतरपुर गांव में एक सीएससी दुकान से भी चोरी किया था। पुलिस ने उक्त तीनों अपराधियों के निशानदेही पर छिपाए गए चोरी की कई सामानों को बरामद किया है। बरामद की गई सामानों में एचपी कंपनी के दो लैपटॉप, एक स्मार्टफोन, एक स्टेबलाइजर,एक बड़ा बैटरी, एक प्रिंटर मशीन, एक लेमिनेशन मशीन,एक महिंद्रा का बोलेरो एक अपाची मोटरसाइकिल, 2,5,10 रुपये के सिक्के से भरा पॉलिथीन का थैला बरामद की गई है।

# जिला परिषद सदस्य ने किया सामुदायिक शौचालय का शिलान्यास



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिला परिषद कार्यालय गढ़वा के द्वारा 15वें वित्त योजना से पंडरिया पंचायत के ग्राम पंडरिया (बेलपहाढ़ी) उत्क्रमित मध्य विद्यालय के परिसर में सामुदायिक शौचालय निर्माण का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा के करकमलों द्वारा संपन्न किया गया। इस योजना का निर्माण लाभुक समिति द्वारा किया जाना है, जिसका अध्यक्ष विनोद उरांव और सचिव रीना देवी हैं। जिला परिषद द्वारा इस योजना के लिए 2,49,000 रुपये की राशि आवंटित की गई है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया और उन्हें स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। शर्मा ने कहा, स्वच्छता और शिक्षा हमारे समाज के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस सामुदायिक शौचालय के निर्माण से हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्वच्छता बनाए रखने में मदद मिलेगी और उन्हें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा। उन्होंने आगे कहा, हमारे विद्यालयों में स्वच्छता की सुविधा उपलब्ध होने से छात्रों का स्वास्थ्य बेहतर होगा और वे अपने अध्ययन पर अधिक ध्यान केंद्रीत कर सकेंगे।

# खाद नहीं मिलने से नाराज किसानों ने किया रोड जाम



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का लाख दंभ भरे। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। किसानों को समय पर खाद और बीज नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनकी खेती एवं आर्थिक स्थिति दोनों पर सीधा असर पड़ रहा है। इन दिनों यूरिया खाद को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। यूरिया खाद के लिये किसान मजबूर होकर रोज डीलरों के यहां एवं सड़क पर चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें मायूसी ही हाथ लग रही है। बताया जा रहा है कि अनुमंडल प्रशासन की ओर से किसानों के बीच खाद वितरण सुगम करने के लिये सभी लाईसेंसी खाद दुकानों पर कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। किंतु प्रतिनियुक्त कर्मियों की उदासीनता के कारण खाद वितरण नहीं हो पा रहा है। खूब हंगामा हो रहा है। भूखे प्यासे किसान बिना खाद लिये खाली हाथ वापस लौट जा रहे हैं। सोमवार को भी यही स्थिति रही। घंटों इंतजार के बाद भी जब किसानों को यूरिया खाद नहीं मिला, तो सड़क पर उनका गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में किसान गर्ल्स हाईस्कूल के समीप एनएच-75 जामकर प्रदर्शन करने लगे। सड़क जाम होने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिससे आम लोगों को भी आवागमन करने में भारी परेशानी उठानी पड़ी। सड़क जाम होने की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने किसानों को समझा-बुझाकर सड़क खाली कराया, तब जाकर वाहनों का परिचालन शुरू हुआ। प्रदर्शन कर रहे किसानों का कहना था कि उन्हें हमेशा अनदेखा किया जाता है। सरकार दावे तो बड़े-बड़े करती है, लेकिन किसानों तक कोई भी लाभ नहीं पहुंच रहा है। समय से और निर्धारित मूल्य पर खाद बीज नहीं मिलता है।

### गोंदा दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने सुजीत

**मेराल।** गोंदा गांव के देवी धाम के प्रांगण में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर रविवार की शाम अनुज प्रजापति के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें पुराने कमेटी को ही पुनर्गठित किया गया। सबों के सहमति से द्वारा दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। पूजा कमिटी के लोगों ने दुबारा सुजीत सिंघानिया को अध्यक्ष चुन लिया गया। कोषाध्यक्ष गुड्डू अग्रहरि सचिव चंदन कुमार उपाध्यक्ष-रामाशंकर शाह ब्रह्मदेव कुशवाहा, उपकोषाध्यक्ष-रामकुमार प्रजापति, अनुज प्रजापति, उप सचिव-मनदीपकुमार, पूजा प्रभारी-नंदू प्रजापति, पंडाल प्रभारी -धर्मेंद्र साह, सुरक्षा प्रभारी-पंचमी गोस्वामी, रामानंद गोस्वामी, गौतम विश्वकर्मा को बनाया गया। मौके पर श्याम सुंदर गोस्वामी, देवेंद्र गोस्वामी विनोद प्रजापति, पुटेश्वर प्रजापति, राजू प्रजापति, सुरेंद्र प्रजापति, शिवनाथ कुशवाहा, दीनानाथ चंद्रवंशी, दशरथ गोस्वामी, राजू विश्वकर्मा, सोनू विश्वकर्मा बजरंगी विश्वकर्मा उदय सिंह सत्येंद्र गोस्वामी, विनय गोस्वामी, अखिलेश शाह विकास गुप्ता, अरविंद कुमार, नितीश कुमार सुनील शाह संतोष शाह शिवनाथ सिंह, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, दीपक विश्वकर्मा विपिन अग्रहरि , सूरज कुशवाहा, कृष्णा शाह, आशीष गुप्ता, सुभाष विश्वकर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### विशुनपुरा अंचल के नए सीओ ने लिया पदभार



**विशुनपुरा।** विशुनपुरा अंचल कार्यालय में सोमवार को नए अंचलाधिकारी के रूप में खगेश कुमार ने अपना पदभार संभाला। बीडीओ सह सीओ राजेश कुमार ने उन्हें यह पदभार सौंपा। इधर नए सीओ का स्वागत निवर्तमान सीओ ने बुके देकर किया। मौके पर कई अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के क्रम में कहा कि आमजनों की समस्याओं का निपटारा करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

### नवयुवक फ्रेंड्स क्लब के नए सचिव बने विनोद



मेराल। शिव मंदिर परिसर मुड़ल टोला मेराल के प्रांगण में नवयुवक फ्रेंड्स क्लब द्वारा दुर्गा पूजा मनाने को लेकर धन्नजय चौधरी के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्लब के पदाधिकारी, सदस्य ग्रामीण जनता, समाज सेवियों तथा पूजा समिति के तमाम पदाधिकारी गण, सदस्य गण उपस्थित हुए। उपस्थित लोगों के बीच दुर्गा पूजा संचालन समिति के सचिव नागेंद्र चौधरी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उसके बाद सभी लोगों के समक्ष नवनियुक्त सचिव पद हेतु विनोद चौधरी को सचिव बनाया गया। बाकी अन्य पदाधिकारी पूर्व की भांति इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास के साथ बने रहेंगे। शारदीय नवरात्र प्रारंभ एकमी से दशमी तक रात्रि 8 बजे से प्रोजेक्टर पर्दा पर सीरियल दिखाने का निर्णय लिया गया। कलश यात्रा तथा बेलपत्र पूजा का कार्यक्रम सप्तमी तिथि को बैंड बजा के साथ किया जाना सुनिश्चित किया गया। कुंवारी कन्या पूजन कथा महा भंडारा का कार्यक्रम नवमी तिथि को आयोजित की जाएगी। महा भंडारा का शुभारंभ स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा समाजसेवियों के द्वारा प्रारंभ किया जाएगा।

### नये थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो ने दिया योगदान

मझिआंव। मझिआंव थाना के नये थाना प्रभारी के पद पर ओमप्रकाश टोप्पो ने योगदान दिया। उन्होंने निवर्तमान पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी से प्रभार लिया। इस अवसर पर पुलिस निरीक्षक ने नये थाना प्रभारी को शुभकामनाएं दी और नये थाना प्रभारी श्री टोप्पो ने पुलिस निरीक्षक श्री तिवारी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था को हर हाल में दुरुस्त रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने समाज में अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी दी और कहा कि किसी भी सूरत में ऐसे लोगों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



## जिला परिवहन पदाधिकारी का कार्यालय, चतरा

**कर प्रमादी वाहनों के वाहन स्वामियों को अद्यतन कर भुगतान हेतु आवश्यक प्रेस विज्ञप्ति**

जिला परिवहन कार्यालय, चतरा में निबंधित निम्न कर प्रमादी (Tax Defaulter)वाहनों का बकाया पथ कर एवं अतिरिक्त कर का भुगतान वाहन स्वामी द्वारा नहीं किया जा रहा है।

अतः इस समाचार पत्र के माध्यम से निम्न वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने नाम के सामने अंकित बकाया पथकर, अतिरिक्त कर एवं दण्ड की राशि का भुगतान एक पक्ष के अंदर ई–पेमेंट के माध्यम से निश्चित रूप से जमा करना सुनिश्चित करें अन्यथा झारखण्ड मोटरवाहन करारोपन (संशोधित) अधिनियम 2011 की धारा–21(क), 22(3) के तहत जब्ती एवं कुर्की की कार्रवाई तथा काली सूची में डाल दी जाएगी।

| S. No | Regn No | Owner Name | Father Name | Vehicle Class | Tax Arrear From | Tax Arrear UpTo | Total Tax Arrear Amount in (Rs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH13H2115 | AARNA LOGISTICS | NA | HGV | 27-Jun-2021 | 26-Sep-2025 | 119000 |
| 2 | JH13H5260 | AARNA LOGISTICS | NA | HGV | 28-Jun-2021 | 27-Sep-2025 | 119000 |
| 3 | JH13G0881 | ABHINAV CONSTRUCTIONS | NA | HGV | 07-Sep-2022 | 06-Sep-2025 | 100800 |
| 4 | JH13G2652 | ABHINAV CONSTRUCTIONS | NA | HGV | 18-Sep-2022 | 17-Sep-2025 | 100800 |
| 5 | JH13G4245 | ABHINAV CONSTRUCTIONS | NA | HGV | 07-Sep-2022 | 06-Sep-2025 | 100800 |
| 6 | JH13G5769 | ABHINAV CONSTRUCTIONS | NA | HGV | 07-Sep-2022 | 06-Sep-2025 | 100800 |
| 7 | JH13E3307 | ABHISHEK BHUNIA | KINKAR BHUNIA | HGV | 14-Sep-2019 | 13-Sep-2025 | 120000 |
| 8 | JH13D0944 | ABHISHEK KUMAR | ASHOK KUMAR | HGV | 04-Oct-2020 | 03-Oct-2025 | 100000 |
| 9 | JH13F7906 | ADITYA SAW | BHUNESHWAR SAW | HGV | 23-Jan-2022 | 22-Jul-2025 | 100800 |
| 10 | JH13F9261 | ADITYA SAW | BHUNESHWAR SAW | HGV | 23-Jul-2021 | 22-Jul-2025 | 115200 |
| 11 | JH13C4609 | AJAY RAM | S/O LATE BIRJU RAM | HGV | 25-Mar-2019 | 24-Sep-2025 | 161200 |
| 12 | JH13D8344 | AJAY RAM | VIRJU RAM | HGV | 30-Mar-2019 | 29-Sep-2025 | 150800 |
| 13 | JH13D9843 | AMIT KUMAR | RAJKISHOR SINGH | HGV | 18-Jan-2022 | 17-Oct-2025 | 108000 |
| 14 | JH13C5091 | AMIT KUMAR SINGH | S/O BASANT NARAYAN SINGH | HGV | 08-Dec-2016 | 07-Sep-2025 | 255339 |
| 15 | JH13E3281 | AMIT KUMAR SINGH | AJAY KUMAR SINGH | HGV | 28-Aug-2021 | 27-Aug-2025 | 118400 |
| 16 | JH13B1419 | ARJUN KUMAR | S/O SAHDEV SAW | HGV | 28-Nov-2018 | 27-Aug-2025 | 137406 |
| 17 | JH13E6816 | ARUN KUMAR | LAKSHMI PRASAD SINGH | HGV | 30-Oct-2020 | 29-Jul-2025 | 167200 |
| 18 | JH13B6095 | BINDESHWAR GANJHU | S/O BHIKHAN GANJHU | HGV | 12-Apr-2019 | 11-Oct-2025 | 161200 |
| 19 | JH13C7743 | BIPIN KUMAR SINGH | LATE KEDARNATH SINGH | HGV | 05-Nov-2019 | 04-Aug-2025 | 165600 |
| 20 | JH13E0776 | DAYANAND DAS | RAM PADARTH DAS | HGV | 27-Apr-2020 | 26-Jul-2025 | 151200 |
| 21 | JH13F5872 | DAYANAND DAS | RAM PADARTH DAS | HGV | 12-Aug-2022 | 11-Aug-2025 | 105600 |
| 22 | JH13E9907 | DWARIKA SAW | SAHDEV SAW | HGV | 14-Dec-2018 | 13-Sep-2025 | 169705 |
| 23 | CG04JB0131 | GANNON DUNKERLEY AND CO LTD | I/C MANOJ KUMAR RAM | HGV | 21-Feb-2020 | 20-Feb-2026 | 120000 |
| 24 | UP45T7747 | GANNON DUNKERLEY AND CO LTD | I/C- MANOJ KUMAR RAM | HGV | 22-Feb-2020 | 21-Feb-2026 | 120000 |
| 25 | JH13E7574 | GUDDU ALAM | RAHAMAN MIYA | HGV | 05-Mar-2019 | 04-Sep-2025 | 161200 |
| 26 | JH13C0251 | IRSHAD IBRAHIM | S/O MDASAD PARWEZ | HGV | 08-Jul-2018 | 07-Oct-2025 | 152398 |
| 27 | JH13C1024 | IRSHAD IBRAHIM | S/O MD ASAD PARWEZ | HGV | 08-Jul-2018 | 07-Oct-2025 | 152398 |
| 28 | JH13C8472 | IRSHAD IBRAHIM | S/O MD ASAD PARWEZ | HGV | 08-Jul-2018 | 07-Oct-2025 | 152398 |
| 29 | JH13F2462 | KANDOI TRANSPORT LTD. | NA | HGV | 27-Jun-2022 | 26-Sep-2025 | 106600 |
| 30 | JH13E3348 | MAA GANGE COAL TRADING PVT. LTD. | NA | HGV | 23-Jan-2019 | 22-Jul-2025 | 161843 |
| 31 | JH13E6343 | MAA GANGE COAL TRADING PVT. LTD. | NA | HGV | 23-Jan-2019 | 22-Jul-2025 | 161843 |
| 32 | JH13E8536 | MAA GANGE COAL TRADING PVT. LTD. | NA | HGV | 23-Jan-2019 | 22-Jul-2025 | 161843 |
| 33 | JH13E0893 | MAA GANGE COAL TRADING PVT.LTD. | NA | HGV | 18-Feb-2019 | 17-Aug-2025 | 161200 |
| 34 | JH13E2882 | MAA GANGE COAL TRADING PVT.LTD. | NA | HGV | 15-Aug-2018 | 14-Aug-2025 | 217854 |
| 35 | JH13E4443 | MAA GANGE COAL TRADING PVT.LTD. | NA | HGV | 18-Feb-2019 | 17-Aug-2025 | 161200 |
| 36 | JH13E5185 | MAA GANGE COAL TRADING PVT.LTD. | NA | HGV | 18-Feb-2019 | 17-Aug-2025 | 161200 |
| 37 | JH13E6795 | MAA GANGE COAL TRADING PVT.LTD. | NA | HGV | 18-Feb-2019 | 17-Aug-2025 | 161200 |
| 38 | JH13E6844 | MAA GANGE COAL TRADING PVT.LTD. | NA | HGV | 18-Feb-2019 | 17-Aug-2025 | 161200 |
| 39 | JH13C4379 | MUKESH KUMAR | S/O SUDARSHAN SINGH | HGV | 08-Jul-2020 | 07-Oct-2025 | 121800 |
| 40 | JH13F4611 | MUKESH KUMAR | SUDARSHAN SINGH | HGV | 22-Nov-2020 | 21-Aug-2025 | 167200 |
| 41 | JH13C2393 | MUKESH KUMAR YADAV | S/O RAM JATAN YADAV | HGV | 24-Feb-2017 | 23-Aug-2025 | 194999 |
| 42 | JH13F6287 | NAGENDRA YADAV | JAGESHWAR YADAV | HGV | 28-Jun-2020 | 27-Sep-2025 | 151200 |
| 43 | OR09Q2860 | PLR PROJECTS PVT LTD | I/C PLR PROJECTS PVT LTD | HGV | 01-Jan-2020 | 30-Sep-2025 | 115000 |
| 44 | BR481768 | RAJESH KUMAR | S/OKUNWAR RAM | HGV | 14-Aug-2015 | 13-Aug-2025 | 153035 |
| 45 | JH13F4600 | RAM PRAKASH SINGH | SUDO SINGH | HGV | 14-Jul-2020 | 13-Oct-2025 | 151200 |
| 46 | JH13F4961 | RAM PRAKASH SINGH | SUDO SINGH | HGV | 27-Jun-2021 | 26-Sep-2025 | 122400 |
| 47 | JH13E1267 | RAMAVTAR YADAV | KALI YADAV | HGV | 03-May-2019 | 02-Aug-2025 | 155000 |
| 48 | JH13E6104 | RANJEET KUMAR SINGH | MURARI SINGH | HGV | 17-Apr-2021 | 16-Oct-2025 | 111600 |
| 49 | JH13E2576 | ROUSHAN KUMAR | NIRANJAN SAHU | HGV | 11-Jun-2020 | 10-Sep-2025 | 121800 |
| 50 | JH13E7369 | ROUSHAN KUMAR | S/O- NIRANJAN SAHU | HGV | 25-May-2020 | 24-Aug-2025 | 121800 |
| 51 | OR09Q3083 | SANJAY KUMAR | S/O ARUN KUMAR | HGV | 01-Apr-2016 | 30-Sep-2025 | 226519 |
| 52 | CG19H0425 | SANJAY KUMAR SINGH | SHAMBHU PRASAD SINGH | HGV | 13-Mar-2019 | 12-Sep-2025 | 130000 |
| 53 | JH13C8441 | SANJIT KUMAR | S/O TEJU YADAV | HGV | 03-Feb-2019 | 02-Feb-2026 | 140000 |
| 54 | JH13D7430 | SANTOSH KUMAR | DHANESHWAR SAW | HGV | 11-Feb-2021 | 10-Aug-2025 | 111600 |
| 55 | JH13C1199 | SHAMINA ARSHI | D/O MD ASAD PARWEZ | HGV | 08-Jul-2018 | 07-Oct-2025 | 152398 |
| 56 | JH13C4218 | SHAMINA ARSHI | S/O MD ASAD PARWEZ | HGV | 08-Jul-2018 | 07-Oct-2025 | 152398 |
| 57 | JH13C5703 | SHAMINA ARSHI | D/O MD ASAD PARWEZ | HGV | 08-Jul-2018 | 07-Oct-2025 | 152398 |
| 58 | JH13E8665 | SHWETA KUMARI | GIRENDRA KUMAR PANDEY | HGV | 20-Jan-2021 | 19-Oct-2025 | 117800 |
| 59 | JH13D9993 | SURENDRA KUMAR | JAY NANDAN SINGH | HGV | 07-Feb-2019 | 06-Aug-2025 | 130000 |
| 60 | JH13C7948 | SURENDRA SAW | S/O DEHAL SAW | HGV | 09-Jun-2019 | 08-Sep-2025 | 125000 |
| 61 | JH13C0274 | TANVEER AHMAD | S/O GULAM JILANI | HGV | 08-Jul-2018 | 07-Oct-2025 | 152398 |
| 62 | JH13C6771 | TANVEER AHMAD | S/O GULAM JILAMI | HGV | 08-Jul-2018 | 07-Oct-2025 | 152398 |
| 63 | JH13B8497 | UMESH KUMAR | S/O BASUDEO MAHTO | HGV | 23-Jul-2017 | 22-Jul-2025 | 225851 |
| 64 | JH13F9927 | VIJAY MAHTO | LODHAR MAHATO | HGV | 27-Mar-2022 | 26-Sep-2025 | 100800 |
| 65 | JH13E7204 | VIJAY SAHU | SATYADEV SAHU | HGV | 08-May-2020 | 07-Aug-2025 | 151200 |
| 66 | JH13E9638 | VIJAY SAHU | SATYADEV SAHU | HGV | 08-May-2021 | 07-Aug-2025 | 122400 |

जिला परिवहन पदाधिकारी
चतरा

PR 360404 Transport(25-26).D



## अनदेखी

### बुल्का पंचायत के कारीबथान टोला मूलभूत सुविधाओं से वंचित

# आदिम युग में जीने को विवश हैं गोंड जनजाति के लोग

नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** बुल्का पंचायत के कारीबथान टोला सड़क, स्वास्थ्य, बिजली और पेयजल की सुविधा से आज भी कोशो दूर है। रमना प्रखंड सीमा के अंतिम क्षोर में 40-50 घर गोंड जनजाति का टोला है जो आज भी मुलभुत सुविधाओं से वंचित है, इस टोला में पहुंचने के लिए समुचित सड़क, बिजली और स्वास्थ्य का व्यवस्था नहीं है। इस जनजाति के लोग मजदूरी कर अपना जीवन-यापन करते है, जिस कारण पुरुष दूसरे राज्य में जाकर मेहनत मजदूरी करते है और महिलाये घर -परिवार देखती है। इस ग्राम में 1956-57 में प्राथमिक विद्यालय का स्थापना किया गया था, जो 2004 उत्क्रमित हो कर मध्य विद्यालय हो गया। लेकिन विद्यालय भवन और चारदिवारी नहीं होने से शिक्षण कार्य सुचारु



जर्जर स्कूल भवन।

रूप से संचालित करने में घोर समस्या है। विद्यालय में बिजली मीटर लगा है बच्चों के लिए सम्पर्क टीबी भी है लेकिन बिजली नहीं होने से जब से लगा है तब से बंद है। विद्यालय के रसोई घर की जर्जर स्थिति के बारे में प्रधान शिक्षक रामबचन विश्वकर्मा ने बताया की रसोई घर राशि के आभाव में अर्धनिर्मित है कार्य पूर्ण नहीं हो पाने के कारण पुराने जर्जर भवन में एमडीएम तैयार होता है। साथ ही विद्यालय रखरखाव के लिए न्यूनतम राशि मिलता है। जिससे विद्यालय विकास कार्य करना संभव नहीं है। ग्रामीण रामाधार गोंड ने बताया कि हमलोग आज भी सड़क के आभाव में मुख्य धारा से बंचित है, कोई भी विपत्ति में इस टोला में गाड़ी जल्द नहीं आ पाती। कृष्णा गोंड ने बताया कि सभी गांव टोला बिजली की रौशनी से जगमगा रहा हैं, लेकिन इस गांव में पोल खड़ा हैं, भगवान जाने कब यह गांव बिजली से रौशन होगा। बरती देवी ने बताया की हमलोग कुआं के पानी पीने को विवश हैं, गर्मी में तो पानी की घोर समस्या हो जाता हैं । न जाने कब हमलोगों को इस समस्या से निजात मिलेगी। संजू देवी ने बताया की इस टोला में स्वास्थ्य संबन्धित किसी भी समस्या के लिए यहां से पांच-छह किमी दूर बुल्का पंचायत या फिर धुरकी प्रखंड जाना पड़ता हैं, स्वास्थ्य संबंधित समस्या होने पर हमें बहुत कठिनाई होती है।

# न्यूज बॉक्स

## दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि



**लातेहार।** बाइपास रोड स्थित सोन भवन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा ने दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ और अतिथियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। मौके पर बीडीओ मनोज कुमार तिवारी और अन्य वक्ताओं ने दादी प्रकाशमणि के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए समाज में आध्यात्मिकता और सकारात्मक बदलाव पर जोर दिया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया।

## विज्ञान मेला में अभिनव ने जीता प्रथम स्थान




**लातेहार।** धर्मपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान मेला सह हस्तकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। छात्रों ने विज्ञान और कला संबंधी विषयों पर मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन से हुआ। निर्णायक मंडली ने विभिन्न वर्गों में छात्रों को पुरस्कृत किया। विज्ञान प्रदर्शनी में कुमार अभिनव प्रथम स्थान पर रहे। वहीं हस्तकला प्रतियोगिता में काजल कुमारी, आयुष यादव और आराध्या गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे की मदद को आगे आए जवान

## सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल दिनेश ने किया रक्तदान




**लातेहार।** चार वर्षीय थैलेसीमिया पीड़ित आकाश सिंह के लिए ओ पॉजिटिव रक्त की जरूरत पर सीआरपीएफ 11 बटालियन के हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार ने ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवन बचाने का सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और सभी को वर्ष में कम से कम एक-दो बार रक्तदान करना चाहिए। बच्चे के परिजनों ने जवान और उनकी बटालियन का आभार व्यक्त किया।

## दुर्गा पूजा की तैयारी पर बैठक



**बारियातू।** फूलसु पंचायत स्थित शिव मंदिर प्रांगण में दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर बैठक हुई। सर्वसम्मति से सुनील केशरी अध्यक्ष और पुनेश्वर प्रजापति उपाध्यक्ष चुने गए। इस वर्ष पूजा के लिए चंदा राशि बढ़ाकर 500 रुपये तय की गई है। जुलूस फूलसु बस्ती से पिरागोला होते हुए विसर्जन तालाब तक जाएगा।

## कांग्रेस नेताओं ने किया पौधारोपण

**लातेहार।** तरवाडीह पंचायत के गला नदी तट स्थित श्मशान घाट परिसर में उप प्रमुख राजकुमार प्रसाद और कांग्रेस जिला मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। नेताओं ने कहा कि ऐसे स्थलों पर छाया की कमी के कारण लोगों को दिक्कत होती थी। पर्यावरण संरक्षण के साथ यह पहल स्थानीय जरूरतों को भी पूरा करेगी।

## कोल परियोजना के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध

**लातेहार।** बालूमाथ प्रखंड के गेरेंजा गांव सहित आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणों ने नॉर्थ धाधू कोल परियोजना का विरोध करते हुए उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी धमकाकर जमीन अधिग्रहण की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि यह पांचवीं अनुसूची का क्षेत्र है और ग्राम सभा की सहमति के बिना भूमि अधिग्रहण अवैध है। ग्रामीणों ने साफ कहा – "जान देंगे, जमीन नहीं देंगे।"

## फरार बाइक चोर पकड़ा गया

**लातेहार।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के अम्बवाटोली निवासी नाबालिग नूरनवाज अंसारी को बाइक चोरी के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी कुछ दिनों से फरार था। उसे न्यायालय में पेश करने के बाद सुधार गृह, पलामू भेजा गया। यह आरोपी पहले भी मोबाइल चोरी में जेल जा चुका है।

## रामगढ़ सड़क हादसे में चंदवा के युवक की मौत

**चंदवा।** रामगढ़ के चुट्टू पाली घाटी स्थित गढ़के मोड़ के पास शनिवार की रात हुए सड़क हादसे में चंदवा निवासी लव कुमार (26) की मौत हो गई। मृतक के पिता अरविंद कुमार ने रामगढ़ थाना में आवेदन देकर बस चालक पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि बस चालक घाटी में अत्यधिक तेज गति से वाहन चला रहा था, इसी दौरान गढ़के मोड़ के समीप बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में लव कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना अस्पताल से परिजनों को दी गई। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। हादसे के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## यूरिया को लेकर लैंपस में उमड़ी किसानों की भीड़



**चंदवा।** यूरिया की किल्लत के बीच सोमवार को चंदवा और कामता लैंपस में यूरिया उपलब्ध होते ही किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। चंदवा लैंपस संचालक ने बताया कि यहां केवल 180 बोरी यूरिया उपलब्ध कराई गई। किसानों को यह 330 रुपये प्रति बोरी की दर से दी जा रही है, जबकि सरकारी दर 266 रुपये तय है। संचालक का कहना है कि 270 रुपये की दर तो तय है, लेकिन भाड़ा और लेबर चार्ज जोड़ने से कीमत बढ़ जाती है। सीमित स्टॉक के कारण कई किसानों को यूरिया नहीं मिल पाया और उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। किसानों ने कहा कि लगातार बारिश और फसल की बढ़ती जरूरत के बीच यूरिया की कमी ने उन्हें परेशान कर रखा है। वहीं, प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष पांडेय ने किसानों को नैनो यूरिया इस्तेमाल करने की सलाह दी और कहा कि यह भी यूरिया जितना ही प्रभावी है।

### लगातार बारिश से छिपादोहर में तबाही

# पुल बहा, कई गांव मुख्यालय से कटे लोग जोखिम उठाकर कर रहे नदी पार

नवीन मेल संवाददाता

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर क्षेत्र में लगातार मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बाढ़ से छिपादोहर-गारू मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है, वहीं उक्कामाड़ नदी के उफान से छिपादोहर-बरवाडीह मार्ग पर यातायात ठप हो गया। सबसे गंभीर स्थिति गम्हरिया टोला में देखने को मिली, जहां पुल बह जाने से करीब 50 घरों के लोग मुख्यालय से कट गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अब लोग जीवन जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे हैं, खासकर छात्र-छात्राएं। आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी बाधित हो गई है, जिससे पानी, राशन और दवा की कमी हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल वैकल्पिक पुल या नाव की व्यवस्था की मांग की है।



## लगातार बारिश से ढहा मकान, मुआवजे की मांग



**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। कई सड़के, कलवर्ट और मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कामता पंचायत के दामोदर गांव निवासी प्रेम गिरी का कच्चा मकान बारिश के कारण ढह गया। इस वजह से उनका परिवार बेघर हो गया है और गंभीर संकट में है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मुआवजा और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने की मांग की है।

## बारिश में मिट्टी-खपरेल का घर ढहा, परिवार बेघर, सरकारी आवास योजना की मांग



**बारियातू।** शिबला पंचायत के कुशमाहा गांव में सुनैना देवी का मिट्टी-खपरेल घर बारिश के दौरान ढह गया। इस हादसे में मोटरसाइकिल और घरेलू सामान दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। परिवार के सामने रहने की समस्या खड़ी हो गई है। पीड़ित महिला ने बताया कि अब तक उन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिला है और प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# 10 लाख का इनामी माओवादी मनोहर गंझू के घर इश्तेहार चिपकाया



- एक महीने में न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर होगी कुर्की-जब्ती

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ (लातेहार)।** थाना क्षेत्र के टेमराबर ग्राम निवासी 10 लाख का इनामी माओवादी मनोहर गंझू पिता बृहस्पति गंझू के घर पर चतरा जिला के कुंदा थाना पुलिस ने बालूमाथ थाना पुलिस के सहयोग से न्यायालय द्वारा जारी इश्तिहार चस्पा किया। बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि मनोहर गंझू के खिलाफ चतरा जिला के कुंदा थाना सहित लातेहार, चतरा आदि जिलों के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह वर्षों से फरार है। चतरा न्यायालय के आदेश पर अभियुक्त के घर इश्तिहार चस्पा किया गया है।
यदि अभियुक्त एक महीने के भीतर न्यायालय में हाजिर नहीं होता है तो उसके घर की कुर्की-जब्ती कर ली जाएगी। बता दें कि इससे पूर्व भी कई बार मनोहर के घर की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जा चुकी है और न्यायालय के आदेश पर वारंट एवं इश्तिहार जारी हुए हैं।
नक्सलियों की मौजूदा स्थिति पर नजर डालें तो बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के नक्सली मुक्त होने, कई बड़े नक्सली नेताओं के मारे जाने, गिरफ्तार होने और आत्मसमर्पण करने के बाद इलाके में माओवादियों की पकड़ कमजोर हो चुकी है। अब इक्का-दुक्का नक्सली ही बचे हैं जिन्हें पुलिस लगातार तलाश रही है।

# मिशन 2029 को मजबूत बनाने में जुटा जेएलकेएम्

- आरा चमातू ग्राम में सदस्यता अभियान, सैकड़ों महिला-पुरुष कार्यकर्ता पार्टी से जुड़े

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के आरा चमातू ग्राम सहित आसपास के कई गांवों के सैकड़ों महिला-पुरुष सोमवार को झारखंड लोक क्रांति मंच (जेएलकेएम) की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी में शामिल हो गए। इस अवसर पर आरा ग्राम में आयोजित सदस्यता अभियान कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण जुटे और "मिशन 2029" को सफल बनाने का संकल्प लिया।
कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष सूरज कुमार साहू, केंद्रीय संगठन महासचिव सूरज कुमार सिंह, पलामू प्रमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव, पूर्व विधायक प्रत्याशी संतोष पासवान सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।
इस दौरान सूरज कुमार साहू ने कहा कि झारखंड के 32,620 गांवों तक सदस्यता अभियान चलाकर हर बूथ को मजबूत करना है, ताकि वर्ष 2029 में टाइगर जयराम महतो को मुख्यमंत्री बनाकर झारखंड और झारखंडी जनता के हक-अधिकार की लड़ाई को मुकाम तक पहुंचाया जा सके।" महासचिव सूरज कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी में शामिल होने के बाद हर एक कार्यकर्ता ही टाइगर जयराम महतो है। यदि आउटसोर्सिंग कंपनियां और प्रशासन कार्यकर्ताओं को परेशान करेंगे तो जेएलकेएम क्रमबद्ध आंदोलन करेगा। हम किसी भी तरह के शोषण को बर्दाश्त नहीं करेंगे।
सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुकेश राम, सुधीर प्रसाद, दामोदर साव, रवि प्रकाश, दुर्गा उरांव, चंद्रिका साव, राहुल कुमार, सुबोध कुमार, मनोज कुमार, अनिल कुमार, आदित्य कुमार, प्रकाश राम, बृज किशोर प्रसाद, कालेश्वर राम, भोला कुमार, अंजू देवी, मंजू देवी, कांति देवी, मीना देवी सहित सैकड़ों महिला-पुरुष कार्यकर्ता शामिल रहे।
इसके साथ ही आरा, चमातू, देवलगड्डा, फूलबसिया, अमरवाड़ी समेत दर्जनों गांवों के हजारों ग्रामीण इस अभियान का हिस्सा बने। नेताओं ने स्पष्ट किया कि पार्टी का लक्ष्य झारखंड के हर गांव तक पहुंचना है। सदस्यता अभियान के जरिए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया जाएगा। इससे मिशन ददा 2029 को गति मिलेगी और झारखंड की अस्मिता व अधिकार की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाया जा सकेगा।

# सीसीएल प्रबंधन पर छोटे वाहन चालकों की अनदेखी का आरोप

- जनता मजदूर संघ के बैनर तले राजहरा क्षेत्र में हुई बैठक, 7 सूत्री मांगें रखी गईं

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** सीसीएल राजहरा क्षेत्र के छोटे वाहन चालकों ने सोमवार को इंदिरा गांधी चौक स्थित पथ निर्माण विश्रामागार में बैठक की। यह बैठक जनता मजदूर संघ (असंगठित) के बैनर तले हुई जिसकी अध्यक्षता राजा कुमार ने की और संचालन संतोष कुमार ने किया। बैठक में जोनल सचिव प्रताप यादव, एनके एरिया अध्यक्ष डी.पी. सिंह, क्षेत्रीय सचिव गोल्डेन प्रसाद यादव समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे।
बैठक में वक्ताओं ने कहा कि छोटे वाहन चालक अपने परिवार से दूर रहकर ईमानदारी से काम करते हैं लेकिन सीसीएल प्रबंधन उनकी मांगों की अनदेखी कर रहा है। चालकों ने सात सूत्री मांग रखी जिसमें हाई पॉवर कमिटी के अनुसार वेतन भुगतान, वीटीएस और सीएमपीएफ चालू करने, अटेंडेंस दर्ज करने की व्यवस्था, मेडिकल सुविधा, 30 दिन का वेतन और 4 दिन का अवकाश, ड्रेस कोड लागू करने और खान सुरक्षा के अनुसार उपकरण उपलब्ध कराने की मांग शामिल है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन ने उनकी मांगों पर जल्द गौर नहीं किया तो आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। मौके पर बड़ी संख्या में वाहन चालक मौजूद रहे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**
**g-mail I.D. - eemid041@gmail.com**

पत्रांकः– 369 | मेदिनीनगर, दिनांक– 25/08/2025

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा सूचना सं0:–WRD/MID/MEDININAGAR/ $F_2$-01/2025-26 (परपैन नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्डः–तरहसी) जिसका PR. NO:-359689 Minor Irrigation (25-26)_D है, अपरिहार्य कारणवश निम्न संशोधन किया जाता है:–

| क्र0 सं0 | विवरणी | पूर्व में निर्धारित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 25/08/2025 (अपराह्न 03.00 बजे से) | 10/09/2025 (अपराह्न 03.00 बजे से) |
| 2 | वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 09/09/2025 (अपराह्न 03.00 बजे तक) | 23/09/2025 (अपराह्न 04.00 बजे तक) |
| 3 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 10/09/2025 (अपराह्न 04.00 बजे) | 24/09/2025 (अपराह्न 05.00 बजे) |

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 360363 Minor Irrigation(25-26).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**
**g-mail I.D. - eemid041@gmail.com**

पत्रांकः– 371मेदिनीनगर, दिनांकः– 25/08/2025

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा सूचना सं0:–WRD/MID/MEDININAGAR /$F_2$-05/2025-26 (खजुरिया नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्डः–पाटन) जिसका PR. NO:-360197 Minor Irrigation (25-26)D है, अपरिहार्य कारणवश निम्न संशोधन किया जाता है:–

| क्र0 सं0 | विवरणी | पूर्व में निर्धारित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 28/08/2025 (अपराह्न 03.00 बजे से) | 10/09/2025 (अपराह्न 03.00 बजे से) |
| 2 | वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 13/09/2025 (अपराह्न 04.00 बजे तक) | 23/09/2025 (अपराह्न 04.00 बजे तक) |
| 3 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 15/09/2025 (अपराह्न 05.00 बजे) | 24/09/2025 (अपराह्न 05.00 बजे) |

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 360362 (Minor Irrigation)25-26*D

**कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

लोहरदगा जिलान्तर्गत संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राओं को वित्तीय वर्ष 2025–26 में पोषाक, जूता–मोजा, ब्लेजर, स्वेटर, ट्रैक सुट, हाउस टी–शर्ट, टाई, बेल्ट एवं अन्य सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 09.09.2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक निविदा जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विहित प्रपत्र में अपना निविदा कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा में निर्धारित अवधि तक जमा कर सकते हैं। दिनांक 09.09.2025 के अपराह्न 3.00 बजे परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा (ITDA) के कार्यालय कक्ष में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी, जिसमें नमूना एवं संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रह सकते हैं। आपूर्ति संबंधित विवरणी एवं निविदा की शर्त्ते लोहरदगा जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.lohardaga.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा | PR 360396 Lohardaga (25-26)_D | परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा

**–: कार्यालय :–**
**नीलाम पत्र पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।**

**–: आवश्यक सूचना :–**

बिहार–उड़ीसा लोक–मांग वसुली अधिनियम, 1914 (झारखण्ड संशोधन अधिनियम, 2016 (23, 2017) w.e.f.23.01.2018) के तहत वादों के सुनवाई से संबंधित सूचना।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत नीलाम पत्र वादों से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु निम्नवत तिथि निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 स0 | नीलाम पत्र वाद संख्या | सुनवाई की तिथि | पार्टी का नाम | पता | टिम्बर/केन्दू पता/बांस कूप/खजूर पता से संबंधित |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 187/1970-71 | 29.08.2025 | मो0 सराजुदीन, पिता–अब्दुल रहमान | ग्राम+पो0+थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार। | केन्दू पत्ती |
| 02 | 161/1962-63 | 29.08.2025 | अब्दुल मजीद खान, पिता–उमर खान | ग्राम–सिकनी, पो0–तरहसी, थाना+जिला–लातेहार | केन्दू पत्ती |
| 03 | 32/1992-93 | 29.08.2025 | जगनारायण प्रसाद, पिता–विश्वनाथ प्रसाद | ग्राम–बसंतपुर, पो0–बगही, थाना–बसंतपुर, जिला–सिवान (बिहार) | टिम्बर |
| 04 | 64/1964-65 | 29.08.2025 | निर्मल कुमार पाण्डेय, पिता–स्व0 मालदेव पाण्डेय | ग्राम–नावाटोली, थाना–डालटगंज, जिला–पलामू | टिम्बर |
| 05 | 06/1983-84 | 29.08.2025 | देवनन्दन पाण्डेय, पिता–विन्देश्वर पाण्डेय | ग्राम–बेदानीकला, पो0–तरहसी, थाना–मनातु, जिला–पलामू | केन्दू पत्ती |
| 06 | 26/1991-92 | 29.08.2025 | कृष्ण कुमार सिंह | ग्राम–रेहला, थाना– विश्रामपुर, जिला–पलामू | केन्दू पत्ती |
| 07 | 07/1986-87 | 29.08.2025 | झल्लु सिंह, पिता–सखी सिंह | ग्राम–हमीदगंज, थाना+ जिला–डालटनगंज (पलामू) | केन्दू पत्ती |
| 08 | 27/1991-92 | 29.08.2025 | कृष्ण कुमार सिंह | ग्राम+पो0+थाना–रेहला, जिला–पलामू | केन्दू पत्ती |
| 09 | 15/1992-93 | 29.08.2025 | सरदार सुरजीत सिंह, पिता–सरदार भगवान सिंह | ग्राम–बेलवाटीकर, थाना–+जिला–पलामू | टिम्बर |
| 10 | 03/1984-85 | 29.08.2025 | बच्चु प्रसाद सिंह, पिता–दीपा सिंह | ग्राम–कुण्ड मुहल्ला, जिला–पलामू (मेदिनीनगर) | केन्दू पत्ती |
| 11 | 06/1992-93 | 29.08.2025 | भोला प्रसाद, पिता–सोहन साव | ग्राम+पो0+थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार | टिम्बर |
| 12 | 14/1989-90 | 29.08.2025 | मो0 अनवर हुसैन, पिता–अमीर खां | ग्राम+पो+थाना–चतरा, जिला–चतरा | केन्दू पत्ती |
| 13 | 15/1971-72 | 29.08.2025 | अशरफ अली, पिता–शहादत अली | ग्राम+थाना+जिला–चतरा | टिम्बर |
| 14 | 02/1989-90 | 29.08.2025 | महताब सिंह, पितागुरूनानक, सिंह | ग्राम–बेलवाटीकर, थाना+जिला–पलामू | टिम्बर |
| 15 | 05/1979-80 | 29.08.2025 | मुकेश कुमार अग्रवाल, पिता–किशोरीलाल अग्रवाल | ग्राम+पो0+थाना+जिला –शाहडौल (म0प्र0) | केन्दू पत्ती |
| 16 | 44/1992-93 | 29.08.2025 | मे0 सिंह, टिम्बर | ग्राम–नावाटोली, थाना+ जिला–पलामू (मेदिनीनगर) | टिम्बर |
| 17 | 07/1979-80 | 29.08.2025 | मुकेश कुमार अग्रवाल, पिता–किशोरीलाल अग्रवाल | ग्राम+पो0+थाना+जिला –शाहडौल (म0प्र0) | केन्दू पत्ती |
| 18 | 08/1979-80 | 29.08.2025 | मुकेश कुमार अग्रवाल, पिता–किशोरीलाल अग्रवाल | ग्राम+पो0+थाना+जिला –शाहडौल (म0प्र0) | केन्दू पत्ती |
| 19 | 11/1991-92 | 29.08.2025 | लालु प्रसाद, पिता–दुलारचन्द साव | ग्राम–सतबरवा, जिला–पलामू | टिम्बर |
| 20 | 06/1979-80 | 29.08.2025 | मुकेश कुमार अग्रवाल, पिता–किशोरीलाल अग्रवाल | ग्राम+पो0+थाना+जिला –शाहडौल (म0प्र0) | केन्दू पत्ती |
| 21 | 20/1992-93 | 29.08.2025 | गुरूदीप संह, पिता–हरिवंश सिंह | ग्राम–बेलवाटीकर, थाना+जिला–पलामू (मेदिनीगनर) | टिम्बर |
| 22 | 05/1991-92 | 29.08.2025 | सरदार जगमोहन सिंह, पिता–गुरूवचन सिंह | ग्राम–बेलवाटीकर, पो0–डालटनगंज, जिला–पलामू | टिम्बर |
| 23 | 23/1991-92 | 29.08.2025 | कन्हैया लाल गुप्ता, पिता–सरजू प्रसाद गुप्ता | ग्राम+पो0–चन्दवा, जिला–लातेहार | टिम्बर |
| 24 | 30/1991-92 | 29.08.2025 | मधेश्वर प्रसाद सिंह, | ग्राम–रेलवे स्टेशन, लातेहार | केन्दू पत्ती |
| 25 | 15/1989-90 | 29.08.2025 | बलदेव सिंह, पिता–राम परिखा सिंह | ग्राम+पो0+रेहला, थाना–विश्रापुर, जिला–पलामू | केन्दू पत्ती |
| 26 | 12/1971-72 | 29.08.2025 | बी0डी0 दत्ता, पिता–बी0के0 दत्ता | पता–होस्पीटल रोड, डालटनगंज, जिला–पलामू | केन्दू पत्ती |
| 27 | 10/1974-75 | 289.08.2025 | जमीलुदीन , पिता–मेजामुदीन | ग्राम+पो0–हरिहरगंज, जिला–पलामू | केन्दू पत्ती |
| 28 | 17/1992-93 | 29.08.2025 | बालेश्वर यादव, पिता–रामवृक्ष यादव | ग्राम–ब्यांग मटलौंग, थाना–मनिका, जिला–लातेहार | टिम्बर |
| 29 | 01/1999-2000 | 29.08.2025 | राजकुमार प्रसाद, पिता–चन्दसाव | ग्राम+पो0–हेरहंज, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | केन्दू पत्ती |
| 30 | 08/1992-93 | 29.08.2025 | महाबीर प्रसाद, पिता–आर0के0 सेठ | ग्राम–लातेहार रेलवे स्टेशन, लातेहार | बांस कूप |
| 31 | 06/1989-90 | 29.08.2025 | द्वारिका सिंह, पिता–वामेश्वर सिंह | ग्राम+पो0+थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार | टिम्बर |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त सभी देनदारों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित सुनवाई की तिथि को 11:00 बजे पूर्वाह्न में नीलाम पत्र पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा।

नीलाम पत्र पदाधिकारी –सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

PR 360345 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26 (D)

# न्यूज बॉक्स

## हरितालिका तीज को लेकर बाजारों में आई रौनक, मार्केट में उमड़ी महिलाओं की भीड़

**लोहरदगा।** हरितालिका तीज पर्व को लेकर सोमवार को शहर के बाजारों में जबरदस्त रौनक रही। सुबह से ही महिलाओं की भीड़ दुकानों पर उमड़ पड़ी। महावीर चौक, गुदरी बाजार, बरवाटोली, सोमार बाजार, शास्त्री चौक, सब्जी मार्केट इलाके में दिनभर खरीददारी का सिलसिला चलता रहा। व्रत एवं पूजन के लिए नारियल, सुपारी, कलश, फूल-मालाओं के साथ-साथ खीरा 10 रुपये प्रति पीस तक बिका। केले, नींबू और अन्य फल-सब्जियों की भी खूब मांग रही। पूजा सामग्री के अलावा श्रृंगार की दुकानों पर भी खासा उत्साह दिखा। हरितालिका तीज की तैयारियों ने बाजारों में रौनक भर दी है। महिलाओं की सबसे बड़ी पसंद सोलह श्रृंगार के सामान चूड़ी, बिंदी, मेहंदी, लिपस्टिक और नेल पॉलिश की अच्छी बिक्री हो रही है। ब्यूटी पार्लरों में एडवांस बुकिंग चल रही है और मेहंदी कलाकारों के पास काम की भरमार है। पूजा में चढ़ाने के लिए श्रृंगार का पूरा सेट छोटा पैकेट 50 से 60 रुपये तो बड़ा पैकेट 120 रुपये में मिल रहा है। साड़ी की दुकानों पर भीड़ देखते ही बन रही है। बनारसी, सिल्क, कॉटन और डिजाइनर सूट की डिमांड बढ़ी है। हरी, गुलाबी और लाल शेड की साड़ियों की बिक्री सबसे ज्यादा हो रही है। महिलाएं त्योहार के लिए नए फैशन वाले ब्लाउज और गोटापत्ती वर्क वाली साड़ियां पसंद कर रही हैं। वहीं ब्यूटी पार्लरों में महिलाओं ने एडवांस बुकिंग करा ली है। मेहंदी कलाकारों के पास बुकिंग फुल है। महंगाई के कारण सोने और चांदी की दुकानों पर मंदी की स्थिति बन गई थी लेकिन तीज की तैयारियों ने तेजी दी है। हालांकि इस बार सोना से ज्यादा चांदी के गहनों की बिक्री बढ़ी है। महिलाओं ने मेहंदी, चूड़ियां, बिंदी, साड़ी और सौंदर्य प्रसाधन की जमकर खरीदारी की। दुकानों पर दिनभर भीड़ बनी रही और देर शाम तक बाजार गुलजार रहा। पूरे शहर में तीज का पारंपरिक उल्लास और उमंग का नजारा देखने को मिला।

## सीओ ने जनता दरबार का समय तय किया



**सेन्हा–लोहरदगा।** अंचल कार्यालय सेन्हा में अब सप्ताह में दो दिन जनता दरबार आयोजित किया जाएगा। इसमें अंचल क्षेत्र के ग्रामीण अपनी जमीन से संबंधित समस्याओं के अलावा जाति, आय और आवासीय प्रमाण पत्र जैसी दिक्कतों को लेकर सीधे अंचलाधिकारी से मिल सकेंगे। अंचलाधिकारी पंकज कुमार भगत ने बताया कि ग्रामीणों और पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं को रोज़ाना अनावश्यक रूप से कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े, इसके लिए मंगलवार और शनिवार को जनता दरबार आयोजित किया जाएगा। ग्रामीण एवं छात्र-छात्राएं दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक अंचल कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्याएं सीधा अंचलाधिकारी के समक्ष रख सकते हैं। अधिकारी ने आश्वस्त किया कि प्राप्त शिकायतों और मामलों का त्वरित निष्पादन किया जाएगा, ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके।

## अंचल कार्यालय में विदाई सम्मान समारोह का आयोजन



**भंडरा।** अंचल कार्यालय में सोमवार को विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अंचलाधिकारी दुर्गा कुमार ने प्रखंड अंचल कार्यालय में कार्यरत उच्च वर्गीय लिपिक सूरज साहू के सदर प्रखंड में स्थानांतरित होने पर मोमेंटो देकर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान पेशरार प्रखंड से स्थानांतरित होकर भंडरा अंचल कार्यालय में निम्न वर्गीय लिपिक संदीप कुमार ने प्रभार लिया। मौके पर सीओ दुर्गा कुमार ने कहा कि उच्च वर्गीय लिपिक के पद पर सूरज साहू ने अंचल कार्यालय में बहुत ही बेहतर कार्य किया। उनके कार्य कुशलता और ड्यूटी के प्रति कर्तवनिष्ठा से सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी में स्थानांतरण एक सतत प्रक्रिया है। मौके पर बसंती एक्का, दिनेश उरांव, संदीप कुमार, सुमित जयसवाल, अबू तालिब, सतेंद्र यादव, बजरंग उरांव, अनिल नाथ शाहदेव, राजेंद्र कच्छप, रीना साहू, मद्दसर अंसारी सहित अंचल कर्मी मौजूद थे।

## श्रीशुभकामना दुर्गा पूजा समिति पतराटोली के पुनः अध्यक्ष बने कुमार सुमन साहू

**लोहरदगा।** श्री शुभकामना दुर्गा पूजा समिति पतराटोली कि बैठक कुमार सुमन साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें दुर्गा पूजा भव्य रूप से मनाने हेतु कमेटी का विस्तार करते हुए एक बार फिर से कुमार सुमन साहू को अध्यक्ष बनाया गया। वही सचिव रोशन कुमार गुप्ता , सह सचिव सुशांत साहू, कोषाध्यक्ष पद पर सोहन साहू तथा सह कोषअध्यक्ष विनोद साहू, उपाध्यक्ष रणधीर साहू, शैलेश कुमार साहू, राहुल कुमार, चंदन कुमार , अभिषेक साहू, कुंदन कुमार, संरक्षक विनोद सिंह, दिलीप सिंह ,सुरेश ठाकुर, प्रभु प्रसाद, कमला देवी, लक्ष्मीकांत प्रसाद, संजय प्रसाद, संतोष प्रसाद, मनोज गुप्ता, अरुण कुमार साहू (प्रदीप साहू) को बनाया गया । मौके पर अध्यक्ष कुमार सुमन साहू ने कहा कि इस बार भव्य एवं विधि पूर्वक श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मां अंबे की पूजा की जाएगी। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी दानदाताओं के द्वारा प्रतिदिन भंडारा का आयोजन किया जाएगा। सचिव रोशन कुमार गुप्ता ने कहा की पतराटोली में कलश स्थापना के साथ ही पूजा आरंभ हो जाती है! जो जिले में बहुत कम जगह ऐसी परंपरा देखने को मिलती है। सभी संरक्षकों ने कहा कि इस बार हर वर्ष से अच्छा एवं धूमधाम से मां अंबे की पूजा की जाएगी । सभी का सहयोग समिति को मिलेगा।

## शास्त्री चौक दुर्गा पूजा समिति की बैठक संपन्न, 65 वर्षों से निभाई जा रही परंपरा



**लोहरदगा।** शास्त्री चौक स्थित शिवाला मंदिर में दुर्गा पूजा समिति की बैठक अध्यक्ष रोहित साहू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी शारदीय नवरात्र और दुर्गा पूजा उत्सव की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में पिछले वर्ष के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही पंडाल निर्माण, चंदा, साउंड सिस्टम, पूजन व्यवस्था और इस बार होने वाले खर्च पर चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने एकमत से कहा कि पुरानी समिति को भंग नहीं किया जाएगा। समिति की अब तक की कार्यशैली को सराहते हुए इसे यथावत रखने का निर्णय लिया गया। इस वर्ष दुर्गा पूजा का आयोजन विशेष रूप से भव्य और आकर्षक ढंग से करने का फैसला हुआ। पंडाल की सजावट और सुरक्षा व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। समिति के अध्यक्ष : रोहित साहू, कोषाध्यक्ष : अमर कुमार गुप्ता, सचिव : नितेश केसरी, संरक्षक : विजय सिंह, राजू गुप्ता, ओम गुप्ता, ओम प्रकाश सिंह, प्रकाश दुबे, मोहन दुबे, लौकेश केसरी, उपाध्यक्ष : अनुपम चौरसिया, अवनीश केसरी, आशीष गुप्ता, राहुल केसरी, संदीप कुमार गुप्ता, सजल कुमार, सह सचिव : मयंक मोदी, श्रेयल केसरी को बनाया गया है। बैठक में अध्यक्ष रोहित साहू ने कहा कि समिति लगभग 65 वर्षों से श्रद्धा और भक्ति के साथ दुर्गा पूजा का आयोजन करती आ रही है। आगामी बैठक 31 अगस्त 2025 को जूनियर डीएवी स्कूल, शास्त्री चौक में होगी।

## दो दिवसीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता शुरू



**लोहरदगा।** झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में नदिया हाई स्कूल में दो दिवसीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में प्रभाग प्रभारी भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला ताइक्वांडो संघ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संघ के महासचिव अजय कुमार, उप सचिव अरविंद यादव, कोच देवल कुमार तथा रेफरी के रूप में मेतालि कुमारी, वैशाली कुमारी, सपना कुमारी, जयमाला कुमारी, दीपक कुमार गोप, आकाश कुमार, प्रिंस कुमार दुबे आदि की सक्रिय भागीदारी रही। दो दिवसीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

---

### साप्ताहिक कार्यक्रम 'पंचायत कर गोइठ' में उपायुक्त ने सभी मुखियाजनों की बात, दिए निर्देश

# कुप्रथा उन्मूलन के लिए समितियों का करें गठन

- बारिश के कारण मकान ढहने पर प्रभावित परिवार को पंचायत भवन में करें शिफ्ट
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को करें आच्छादित : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**



### 31 अगस्त तक ही होगा किसानों का निबंधन

उपायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए किसानों का निबंधन 31 अगस्त 2025 तक ही होना है। ऐसे में काफी कम समय किसानों के पास है। सभी मुखिया अपने पंचायत के किसानों को इसमें निबंधन के लिए कार्रवाई करें। गैर-ऋणी किसानों का निबंधन प्रज्ञा केंद्र में मात्र 1 रूपये की टोकन मनी का किया जाना है जबकि केसीसी वाले किसानों का निबंधन बैंक स्तर से ही किया जाएगा।

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने सोमवार को साप्ताहिक कार्यक्रम "पंचायत कर गोइठ" में सभी मुखियाजनों से बातचीत और विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही, ग्राम पंचायत को सुदृढ़ बनाये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों को सुदृढ़ करना है। इसके लिए सभी गांवों नशापान, बाल विवाह, डायन प्रथा जैसी कुरीतियों के उन्मूलन के लिए पंचायत स्तर पर वार्ड सदस्यों के सहयोग से उन्मूलन समितियों का गठन करें। इन कुरीतियों को दूर करने के लिए अभियान चलाएं।

प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि लगातार हो रही बारिश से जिनका मकान क्षतिग्रस्त हुआ है, वैसे परिवार को नजदीकी पंचायत भवन में शिफ्ट करें और उनके लिए राशन की व्यवस्था करायें। अंचल अधिकारी ऐसे मकानों से संबंधित अभिलेख जल्द जिला को भेजें। मुखियजनों को निर्देश दिया गया कि जिन गांवों में जलजमाव की स्थिति है वहां से पानी की निकासी करवायें ताकि ग्रामीणों को समस्या से निजात मिल सके। जो पथ कीचड़मय हैं उनमें बालू व स्टोन डस्ट डाले जाने का निर्देश संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को दिया जा चुका है। उपायुक्त ने कहा कि अपने पंचायत को श्रेष्ठ बनाने के लिए कार्य करें। पंचायत उन्नति सूचकांक में जो बिंदु निर्धारित हैं उसमें सौ प्रतिशत अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। सभी सूचकांकों में बेहतर प्रदर्शन रहेगा तो पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 में हम अवश्य बेहतर स्थिति में रहेंगे। बैंक द्वारा चलाये जानेवाले फाइनेंसियल लिटरेसी कैंप में अपना सौ फीसदी योगदान दें। सभी मुखिया को अपने-अपने पंचायत क्षेत्र में ग्रामसभा करा कर गव्य विकास की योजना, पशुधन विकास की योजना, उद्यान विकास की योजना के लिए लाभुकों का चयन कर लिये जाने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में सभी मुखिया को अपने-अपने पंचायत कार्यालय में पलायन करनेवाले मजदूरों की सूची तैयार कर पंजी संधारित करने, जैव विविधता की पंजी संधारित करने, एग्रीकल्चर इन्वेस्टमेंट फण्ड का लाभ के लिए किसानों को प्रेरित करने, नियमित रूप से आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन, बच्चों की मॉनिटरिंग, भोजन की गुणवत्ता, पीडीएस दुकानों का नियमित खोले जाने व निर्धारित मात्रा में राशन दिए जाने, गांवों में मनरेगा व आवास योजनाओं को लागू करने आदि निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड के सोशल ऑडिट यूनिट के सदस्यों द्वारा ग्राम संसाधन व्यक्ति (वीआरपी) के चयन से संबंधित जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। इसमें वीआरपी के नाम का ग्रामसभा से अनुशंसा के उपरांत की जाने वाली जिला स्तर पर आवदनों की स्क्रीनिंग, दस्तावेज सत्यापन आदि प्रक्रिया से अवगत कराया गया। सभी मुखिया को स्वच्छ एवं हरित विद्यालय पुरस्कार की जानकारी दी गई और इसमें सरकारी व निजी विद्यालयों के प्राधानाध्यापकों को बेहतर डेटा इंट्री हेतु प्रेरित किये जाने की अपील की गई। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### सरकारी अस्पतालों में ही इलाज कराएं ग्रामीण : उपायुक्त

**उपायुक्त** ने कहा कि जिला में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति काफी बेहतर है। वहां चिकित्सक हैं। साफ-सफाई है। इलाज नि:शुल्क है। ऐसे में कोई मरीज झोलाछाप चिकित्सकों के झांसे में नहीं आएं और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या सदर अस्पताल में अपना इलाज कराएं। मुखियाजन इसके लिए ग्रामीणों को प्रेरित करें। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना, मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से भी आच्छादित किया जा सकता है। उपायुक्त ने अधिक से अधिक ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व अटल पेंशन योजना का लाभ से आच्छादित करने का निर्देश दिया। 3 सितंबर को विद्यालयों में रीडिंग कैंपेन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सभी गांवों के बच्चे विद्यालय जाएं। कोई भी बच्चा ना छूटे। विद्यालय में पठन-पाठन के निर्धारित समय में कोई भी बच्चा इधर-उधर घूमता हुआ नहीं पाया जाय। गांव स्तर पर ही इसकी मॉनिटरिंग हो। जिला के शहरी क्षेत्र में लगातार परिवहन विभाग द्वारा वाहन जांच अभियान चालाया जा रहा है। विशेषकर कर दोपहिया वाहन चालक यह ध्यान रखें कि हेल्मेट पहन कर ही वाहन चलायें। इससे दुर्घटना के बाद होनेवाले नुकसान में कमी आएगी।

# सांसद सुखदेव भगत रेल मंत्री से मिलकर गुमला में नई रेलवे लाइन बनाने की मांग

- गुमला में रेलवे लाइन बनने से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा व सरकार को भी होगा राजस्व का फायदा

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** सांसद सुखदेव भगत नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपकर गुमला जिला में नई रेलवे लाइन बनाने की मांग किए। सांसद ने मंत्री को बताया कि झारखंड के गुमला जिला में रेलवे लाइन बनाने की मांग चिर परिचित है। कई दशक से यहां की जनता गुमला में नई रेलवे लाइन बनाने की मांग करते आए हैं उसके बावजूद आज तक गुमला में रेलवे लाइन नहीं बना है। गुमला एक सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व का क्षेत्र है फिर भी गुमला में बुनियादी रेलवे कनेक्टिविटी का अभाव है। 1971 के भारत पाक युद्ध के महान नायक परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का का जन्म स्थान गुमला है। यहां भगवान हनुमान जी का जन्म स्थान (अंजनी धाम), टांगीनाथ धाम (भगवान शिव) और आदिवासी का सिरा सीता नाला पूजा स्थल नाला पौराणिक जन्म स्थान भी माना जाता है। अपनी समृद्ध विरासत के बावजूद गुमला रेलवे नेटवर्क से अलग है। इस संदर्भ में मैं गुमला के पास बानो, रांची लोहरदगा और राउरकेला कोजोड़ने वाली एक नई रेलवे लाइन बनाने की मांग करता हूं। नई रेलवे लाइन बनने से इस क्षेत्र को कई लाभ मिलेंगे। बानो रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेन और हटिया,रांची, मुरी, बरकाकाना और खेलारी स्टेशनों से यात्रा कर टोरी स्टेशन पहुंचता है जो उत्तर भारत की ओर जाता है जो लगभग 300 किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ती है अगर बानो स्टेशनसे लोहरदगा आने के लिए गुमला जिला को जोड़ा जाता है तो बनो स्टेशन से टोरी स्टेशन की दूरी 140 किलोमीटर कम हो जाएगा। इससे सरकार को ईंधन एवं समय की बचत होगा तथा जनता को भी इससे लाभ मिलेगा। गुमला में नई रेलवे लाइन बनाने की मांग को मैं संसद में भी उठा चुका हूं। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए गुमला जिला में नई रेलवे लाइन बनाया जाए। मंत्री ने सांसद भगत को इस संबंध में समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिए।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

### आवश्यक सूचना
### (नोटिस)

नाम–(1) आलोक श्रीवास्तव, पिता–स्व0 अलख निरंजन श्रीवास्तव पता–चर्च रोड, डालटनगंज, थाना–शहर, जिला–पलामू, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप गढ़वा थाना कांड सं0–646/22, दिनांक–04.12.2022 धारा–420, 504, 506, 406, भा0द0वि0 एवं 3(I)(X), 3(I)(XI), 3(I)(J),3(I)(K) SC/ST ACT के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधिश (प्रथम), गढ़वा के द्वारा दिनांक–05.08.2025 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–14.08.2025 को आपके घर पर टाउन थाना पलामू के सहयोग से उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार चल रहे है। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक–02.09.2025 तक माननीय न्यायालय, में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–02.09.2025 तक माननीय न्यायालय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधिश (प्रथम), गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पन करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 360398 Police(25-26).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

g-mail I.D. - eemid041@gmail.com

पत्रांकः– 370 मेदिनीनगर, दिनांक– 25/08/2025

### शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा सूचना सं0:–WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-04/2025-26 (धांगरडीह नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्डः–पाटन) जिसका PR. NO:-360196 Minor Irrigation (25-26)_D है, अपरिहार्य कारणवश निम्न संशोधन किया जाता है:–

| क्र0 सं0 | विवरणी | पूर्व में निर्धारित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 28/08/2025 (अपराह्न 03.00 बजे से) | 10/09/2025 (अपराह्न 03.00 बजे से) |
| 2 | वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 13/09/2025 (अपराह्न 04.00 बजे तक) | 23/09/2025 (अपराह्न 04.00 बजे तक) |
| 3 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 15/09/2025 (अपराह्न 05.00 बजे) | 24/09/2025 (अपराह्न 05.00 बजे) |

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 360364 Minor Irrigation(25-26)#D

## कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

E-Mail ID eo.gharhwa.np@gmail.com

### आम सूचना

नगर परिषद, गढ़वा क्षेत्र के सभी सर्वसाधारण/प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत प्रथम घटक (लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास) के आवेदकों को सूचित किया जाता है कि निदेशक, नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड रॉची के आदेशानुसार वित्तीय वर्ष 2024–25 अन्तर्गत नगर परिषद, गढ़वा क्षेत्र अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का भौतिक सत्यापन कार्यालय स्तर पर गठित टीमों के द्वारा किया गया है, जिसका प्रकाशन कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रकाशित कर दी गई है। स्वीकृत/अस्वीकृत लाभुकों/आवेदकों से संबंधित अगर आमजनों को किसी प्रकार की दावा आपत्ति हेतु वे दिनांक 26.08.2025 तक साक्ष्य के साथ अपना आवेदन/आपत्ति नगर परिषद गढ़वा कार्यालय में जमा कर सकते है। निर्धारित अवधि के बाद किसी भी प्रकार का आपत्ति/दावा मान्य नहीं होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा।

PR 360400 (Urban Development and Housing) 25-26 (D)

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा
## राष्ट्रीय लोक अदालत

**दिनांक – 13.09.2025 (शनिवार)**
**स्थान– व्यवहार न्यायालय, गढ़वा एवं**
**अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, नगर उंटारी (गढ़वा)।**

### "आम सूचना"
### निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार सम्पूर्ण भारत में **"राष्ट्रीय लोक अदालत"** का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत **जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा** के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय, गढ़वा एवं अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, नगर उंटारी के परिसर में **दिनांक 13.09.2025 (शनिवार)** को **11:00** बजे पूर्वाह्न से **03:00** बजे अपराह्न तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व परामर्श बैठक (Pre-counselling Sitting) संबंधित न्यायालय में जारी है।

अतः सामान्य जनता एवम् सभी वादीगण/प्रतिवादीगण से अनुरोध है कि अपने मामलों का त्वरित निष्पादन उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के द्वारा करा कर लाभ उठायें एवम् समय तथा पैसों की बचत करें। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकार सशरीर अथवा आभासी माध्यम से उपस्थित हो सकते हैं।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निस्तारण किया जायेगा :–

1. सुलहनीय आपराधिक मामले।
2. श्रम संबंधी विवाद।
3. धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम (NI Act)।
4. भूमि अधिग्रहण संबंधी वाद।
5. मोटर वाहन दुर्घटना दावा वाद।
6. सिविल मामले (बैंक तथा अन्य वसूली वाद)
7. वैवाहिक/कुटुम्ब न्यायालय संबंधी वाद।
8. अपील संबंधी मामले।
9. बिजली एवं पानी संबंधी मामले।
10. वन अधिनियम संबंधी मामले।
11. मद्य् निषेध अधिनियम वाद (Excise Act Cases)
12. BSNL से संबंधित मामले।
13. अन्य सुलहनीय मामले।

**श्री अमन कुमार**
पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
गढ़वा।

**श्री दिनेश कुमार यादव**
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
गढ़वा

**श्री दिनेश कुमार**
प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र
न्यायाधीश –सह– अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

अधिक जानकारी हेतु व्यवहार न्यायालय, गढ़वा स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में प्रत्येक कार्यावधि को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक सम्पर्क करें।

निवेदक :–
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा

PR 360423 Law(25-26).D

## –: कार्यालय :–
## नीलाम पत्र पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

### –: आवश्यक सूचना :–

बिहार–उड़ीसा लोक–मांग वसुली अधिनियम, 1914 (झारखण्ड संशोधन अधिनियम, 2016 (23, 2017) w.e.f.23.01.2018) के तहत वादों के सुनवाई से संबंधित सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत नीलाम पत्र वादों से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु निम्नवत तिथि निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 स0 | नीलाम पत्र वाद संख्या | सुनवाई की तिथि | पार्टी का नाम | पता | टिम्बर/केन्दू पता/बांस कूप/खजूर पता से संबंधित |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 117/1970-71 | 28.08.2025 | मो0 खुशीद, पिता–ताहीर मियां | ग्राम–इटके, पो0–बारीखाप, थाना–बालूमाथ, जिला–लोहार | केन्दु पत्ती |
| 02 | 45/1991-92 | 28.08.2025 | मे0 महालक्ष्मी एण्ड कम्पनी | लातेहार रेलवे स्टेशन, लातेहार | टिम्बर |
| 03 | 41/1991-92 | 28.08.2025 | मो0 अब्दुल रसीद, पिता–सुमन मियां | ग्राम–सिबला, पो0–बारीखाप, थाना–बालूमाथ, जिला–लोहार | टिम्बर |
| 04 | 05/1983-84 | 28.08.2025 | मो0 हारूण, पिता–हाजी हबीबबुल्लाह | ग्राम–इटके, पो0–बारीखाप, थाना–बालूमाथ, जिला–लोहार | केन्दु पत्ती |
| 05 | 04/1983-84 | 28.08.2025 | मो0 हारूण, पिता–हाजी हबीबबुल्लाह | ग्राम–इटके, पो0–बारीखाप, थाना–बालूमाथ, जिला–लोहार | केन्दु पत्ती |
| 06 | 03/1983-84 | 28.08.2025 | मो0 हारूण, पिता–हाजी हबीबबुल्लाह | ग्राम–इटके, पो0–बारीखाप, थाना–बालूमाथ, जिला–लोहार | केन्दु पत्ती |
| 07 | 15/1991-92 | 28.08.2025 | अब्दुल रहमान मियां, पिता–चुल्हाई मियां | ग्राम+पो0+थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार | केन्दु पत्ती |
| 08 | 08/1983-84 | 28.08.2025 | राम पुकार सिंह, पिता–देवचन्द्र सिंह | ग्राम+पो0–सुआ कोड़िया, जिला–पलामू | केन्दु पत्ती |
| 09 | 88/1975-76 | 28.08.2025 | मो0 सफील आलम, पिता–अहमद मियां | ग्राम–बालूभांग, पो0+थाना–फुलसू, जिला–लातेहार | केन्दु पत्ती |
| 10 | 98/1967-68 | 28.08.2025 | समीर खॉ वगैरह, पिता–अहमद खॉ | ग्राम+पो+थाना–कुडू, जिला–लोहरदगा | केन्दु पत्ती |
| 11 | 16/1992-93 | 28.08.2025 | मो0 खलील पिता–अब्दुल क्युब | ग्राम+पो0+थाना+जिला– चतरा | टिम्बर |
| 12 | 40/1991-92 | 28.08.2025 | विजय अग्रवाल, पिता–गनौरी लाल अग्रवाल | ग्राम+पो0+थाना+जिला– चतरा | टिम्बर |
| 13 | 60/1988-89 | 28.08.2025 | जहांगीर खान, पिता–मो0 सलीम खान | ग्राम–कुण्ड मुहल्ला डालटनगंज, जिला–पलामू | केन्दु पत्ती |
| 14 | 16/1988-89 | 28.08.2025 | शैलेन्द्र कुमार सिंह, पिता–सीताराम सिंह | ग्राम–रेलवे स्टेशन डालटनगंज, जिला–पलामू | केन्दु पत्ती |
| 15 | 07/1991-92 | 28.08.2025 | मो0 सफीक आलम, पिता–अहमद मियां | ग्राम–बिद मुहल्ला पो0+थाना–चतरा, जिला–चतरा | केन्दु पत्ती |
| 16 | 08/1991-92 | 28.08.2025 | सरदार बुद्ध सिह, | ग्राम–बलवाटीकर, पो+थाना–डालटनगंज, जिला–पलामू | टिम्बर |
| 17 | 04/1974-75 | 28.08.2025 | लाल पिताम्बर नाथ साहदेव, वगैरह पिता–स्व0 राजेन्द्र नाथ साहदेव | ग्राम–बारी, पो0–सासंग, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार | केन्दु पत्ती |
| 18 | 03/1974-75 | 28.08.2025 | लाल राजेन्द्र नाथ साहदेव, पिता–बालमुकुन्द नाथ साहदेव | ग्राम–बारी, पो0–सासंग, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार | केन्दु पत्ती |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त सभी देनदारों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित सुनवाई की तिथि को 11:00 बजे पूर्वाह्न में नीलाम पत्र पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा।

नीलाम पत्र पदाधिकारी
–सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल।

PR 360349 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26 (D)

## न्यूज बॉक्स

### वार्ड सदस्य ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं : बीडीओ



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय के सभागार में अनुसूचित क्षेत्रों (पीईएसए) में ग्राम सभा के अधिकारों और जिम्मेदारियों के विषय पर वार्ड सदस्यों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य वार्ड सदस्यों को उनके क्षेत्र के ग्रामीणों को सरकार द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना एवं उन्हें सही लाभ दिलाने हेतु जागरूक करना है। इस मौके पर उपस्थित वार्ड सदस्यों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने कहा की कार्यक्रम इसका काम का मुख्य उद्देश्य वार्ड सदस्यों का इस बात से अवगत कराना है क कि वे अपने कार्य क्षेत्र के ग्रामीणों को पेंशन, आवास, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य लाभ, कृषि उपकरण, बीज, मनरेगा से मिलने वाले रोजगार, आम बागवानी, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड समेत अन्य लाभकारी योजनाओं की पूरी जानकारी दें। इसके अलावा उनकी सहायता कर ग्रामीणों को इन योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से मिल सके, यह भी उनकी जिम्मेदारी होगी। बीडीओ ने यह भी बताया कि अनुसूचित क्षेत्र में ग्राम सभा के अधिकारी और वार्ड सदस्य ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करना करे। इस प्रशिक्षण के माध्यम से वार्ड सदस्यों को योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ ग्राम सभा के अधिकारों एवं कर्तव्यों को समझने का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से बीपीआरओ शंकर साहू, ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर सैफ जफर, प्रशिक्षण प्रभारी श्याम साहू, विपिन साहू, सहित सभी वार्ड सदस्य उपस्थित रहे।

### घाघरा पुलिस ने मोबाइल दुकान में हुई चोरी की घटना का किया उद्वेदन




**घाघरा।** घाघरा पुलिस ने कांड संख्या 56/25 के आरोपी तीन नाबालिग युवकों को बाल सुधार गृह भेज दिया। तीनो युवक घाघरा थाना क्षेत्र के ही रहने वाले है। घटना के बावत थाना प्रभारी पुनीत मिंज ने बताया कि विगत 10 जून को गम्हरिया स्थित एक मोबाइल दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपी की पहचान की गई थी। पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपी तक पहुँची और उनके निशानदेही पर 10 की संख्या में मोबाइल बरामद किया। बता दें कि घाघरा में युवा पीढ़ी नशे के आगोश में जाते ह जा रहे है। जिसमे नाबालिग युवा पीढ़ी भी इससे अछूता नही है और नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी आदि घटना को अंजाम दे रहे हैं।

### जलसहियाओं की बैठक, जलमीनारों की देखभाल व जल संकट समाधान पर जोर



**भरनो (गुमला)।** प्रखंड कार्यालय सभागार, भरनो में सोमवार को जलसहियाओं की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने की। बैठक में प्रखंड के सभी जलसहिया उपस्थित रहे। बीडीओ ने कहा कि प्रखंड में लगाए गए सभी जलमीनारों का सही ढंग से रखरखाव किया जाए। जहां भी पेयजल संकट हो या जलमीनार खराब पड़े हों, उसकी तुरंत सूचना दी जाए। विशेषकर स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में जल संकट न हो, इस पर खास ध्यान देने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जेई रितेश कुमार ने कहा कि नए जलमीनारों का मेंटेनेंस पाँच वर्षों तक संवेदक द्वारा किया जाता है। यदि किसी कारणवश नए जलमीनार खराब हो जाते हैं तो उसकी सूचना तुरंत दें ताकि उन्हें दुरुस्त किया जा सके। बैठक में प्रखंड के सभी जलसहिया, जनप्रतिनिधि एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे।

### विद्यालय मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम 2025-26 अन्तर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड क्षेत्र के राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय प्रखंड मुख्यालय सिसई में सोमवार को विद्यालय स्तर पर स्कूल सोइल हेल्थ प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र बिशुनपुर और कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) जिला गुमला के संयुक्त तत्वाधान में सोइल हेल्थ एवं फर्टिलिटी स्कीम के तहत किया गया। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ नीरज कुमार वैश्य, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक पंकज कच्छप, सहायक तकनीकी प्रबंधक आकाश राज, भाग्यलक्ष्मी कुमारी एवं कुल 145 विद्यार्थी और 10 शिक्षक - ब्रजेश कुमार पाण्डे, बिपिन बिहारी झा, मिथिलेश कुमार सिंह, इत्यादि उपस्थित हुए। विशेषज्ञों ने छात्रों को बताया कि स्वास्थ्य मृदा ही स्वस्थ पर्यावरण और समृद्धि की कुंजी है उन्होंने छात्रों को आवश्यक पोषक तत्वों का महत्व एवं, संतुलित खाद प्रयोग और फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को मृदा जांच हेतु मृदा नमूना संग्रहण एवं परीक्षण विधि पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कृषि वैज्ञानिक द्वारा समझाया गया कि सोइल हेल्थ कार्ड के उपयोग से खाद का संतुलित प्रयोग कर हम अपने खेत के मिट्टी के स्वास्थ्य की देखभाल कर सकते हैं। वहीं विद्यार्थियों को अपने समाज में मृदा स्वास्थ्य की जागरूकता के लिए प्रेरित किया गया।

### शैलेश उरांव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज, जमटी ने किया विजयी प्रदर्शन

**बिशुनपुर।** बिशुनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शैलेश उरांव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ सोमवार को बड़े ही उत्साह के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रहलाद महतो ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। उद्घाटन मैच में राज्य उत्क्रमित मध्य विद्यालय जमटी और राज्य उत्क्रमित विद्यालय निरासी के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। शानदार प्रदर्शन करते हुए जमटी की टीम ने चार गोल से विजय हासिल की। खिलाड़ियों के उम्दा खेल से मैदान में मौजूद दर्शक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठे। इस टूर्नामेंट की विशेषता यह है कि इसमें बालक और बालिका दोनों वर्ग की टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिससे बच्चों में खेल के प्रति रुचि और प्रतिस्पर्धा की भावना को बल मिल रहा है। कार्यक्रम में कश्मार क्षेत्र के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उल्लेखनीय है कि साल 2005 से कश्मार क्षेत्र के शिक्षकों की पहल पर यह टूर्नामेंट लगातार आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण अंचल के बच्चों में सर्वांगीण विकास, शारीरिक दक्षता और खेल प्रतिभा का संवर्धन करना है। आगामी दिनों में बालक एवं बालिका वर्ग की कई टीमें आपस में भिड़ेंगी। विजेता टीमों को समापन दिवस पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

## ब्राउन शुगर व नशीले पदार्थों पर जिला प्रशासन सख्त, उपायुक्त बोले-

# नशीले पदार्थों की बिक्री व सेवन पर पूर्ण रोक सुनिश्चित करें



● शून्य सहिष्णुता

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सोमवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक हरीश बिन ज़मां की संयुक्त अध्यक्षता में एनकॉर्ड (एनसीओआरडी) समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने जिले में ब्राउन शुगर, अफीम, गांजा और अन्य नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार के खिलाफ "शून्य सहिष्णुता" नीति अपनाने का स्पष्ट निर्देश दिया।

उपायुक्त ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि जिले में नशीले पदार्थों की बिक्री और उपभोग पर पूरी तरह रोक सुनिश्चित करें। यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित गश्ती बढ़ाई जाए, खुफिया सूचना तंत्र को मजबूत किया जाए और प्रखंड स्तर पर समन्वय स्थापित कर विद्यालयों — विशेषकर कक्षा 8 से ऊपर के छात्रों के बीच नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाया जाए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक हरीश बिन ज़मां ने कहा कि जिले की सीमाओं से होकर आने-जाने वाले वाहनों एवं बाहरी व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अन्य शहरों से ब्राउन शुगर और नशीले पदार्थों के अवैध आवागमन की संभावना को देखते हुए और भी कड़े निगरानी तंत्र की आवश्यकता है।

बैठक में मुख्य रूप से एसडीओ सदर, सीडीओ चैनपुर, एसडीओ बसिया, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

### राजस्व मामलों का त्वरित निष्पादन व पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता : डीसी

**गुमला।** समाहरणालय भवन स्थित सभाकक्ष में सोमवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में राजस्व संबंधी विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में ऑनलाइन म्यूटेशन, लगान वसूली, भूमि सीमांकन, दाखिल-खारिज, राजस्व न्यायालय के मामले, प्रमाण पत्र निर्गत प्रक्रिया, पीएम किसान योजना, प्राकृतिक आपदा राहत व्यय और जन शिकायतों की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी लंबित ऑनलाइन म्यूटेशन आवेदनों का त्वरित निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना आपत्ति वाले मामलों को कतई लंबित न रखा जाए। राजस्व न्यायालय से संबंधित मामलों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करें। दाखिल-खारिज प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता लाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि भूमि विवाद और राजस्व से जुड़ी जन शिकायतों के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि आमजन को शीघ्र और सुगम सेवाएं मिल सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पीएम किसान योजना के लंबित ई-केवाईसी और पंजीकरण कार्य अभियान मोड में पूर्ण किए जाएं। साथ ही, प्राकृतिक आपदा राहत मद में प्राप्त राशि के समयबद्ध व्यय और जाति, आय व आवासीय प्रमाण पत्रों की निर्गत प्रक्रिया की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता अनिवार्य है। सभी अंचलाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी अपने क्षेत्रों में लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन की जिम्मेदारी तय करें। बैठक में अपर समाहर्ता गुमला, एसडीओ सदर, एसडीओ चैनपुर, एसडीओ बसिया, सभी अंचलाधिकारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## पुलिस ने आजाद बस्ती चोरी कांड का किया उद्भेदन, एक अभियुक्त गिरफ्तार

● चोरी गए चांदी-सोने के आभूषण व 27 चांदी के सिक्के बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** गुमला पुलिस ने आजाद बस्ती निवासी इसरत खातून के घर में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए अंबेडकर मुहल्ला निवासी 19 वर्षीय मोहित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस ने 27 चांदी के सिक्के, एक जोड़ी पायल, सोने का एक जोड़ा झुमका, चांदी का सिंदूर का किया, उर्दू में लिखा एक चांदी का सिक्का और एक छोटा बैग बरामद किया।

सोमवार को गुमला थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि घटना की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। तकनीकी और मानवीय साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने अंबेडकर नगर हरिजन मुहल्ला स्थित एक घर में छापामारी की। छापामारी के दौरान एक युवक छत से भागने की कोशिश कर रहा था, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहित कुमार राम बताया और स्वीकार किया कि उसने 23 अगस्त 2025 को आजाद बस्ती निवासी इसरत खातून के घर चोरी की थी। उसकी निशानदेही पर चोरी किए गए आभूषण और अन्य सामान बरामद कर लिए गए।

### जंगली हाथी का तांडव, दो किसानों का घर किया ध्वस्त

**गुमला।** भरनो प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार बढ़ता जा रहा है। बीते रात करंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कनारावां गांव में हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। ग्रामीणों के अनुसार, जंगली हाथी ने किसान माघो मुंडा और विदेशीया मुंडा के मिट्टी के घर को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घर के अंदर रखे चावल और धान को खा गया तथा बर्तन सहित अन्य जरूरी सामान को भी तोड़-फोड़ डाला। यही नहीं, मकान के छत पर लगे दर्जनों एस्बेस्टस भी हाथी ने क्षतिग्रस्त कर दिए। इतना ही नहीं, हाथी ने गांव में विचरण करते हुए कई किसानों के धान की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया। इस घटना के बाद ग्रामीण दहशत में हैं और रातभर जागकर अपनी सुरक्षा करने को विवश हैं। सूचना मिलने पर सोमवार सुबह वन विभाग की टीम गांव पहुंची। विभाग ने क्षति का आकलन कर पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया। साथ ही हाथी को खदेड़ने के लिए प्रभावित ग्रामीणों को टॉर्च और पटाखे भी उपलब्ध कराए गए।


**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL**
**NETARHAT**
**P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR**
**(An Autonomous Institute under School Education & Literacy Department, Govt. of Jharkhand )**

**Tender Inviting Notice**

**Enquiry No- 2496** **Dated- 24.08.2025**

Sealed tenders are invited for Netarhat Residential School, Netarhat from reputed parties/firms/Company/contractors having relevant experience in Civil Works, for renovation of Doctor's Quarter & Hospital Building at Netarhat Residential School, Netarhat.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Renovation of Doctor's Quarter & Hospital Building at Netarhat Residential School, Netarhat. |
| 2. | Scope of Work | Renovation of Doctor's Quarter & Hospital Building at Netarhat Residential School, Netarhat. |
| 3. | Technically Sanctioned By | Executive Engineer, Building Division, Latehar |
| 4. | Technical Sanctioned Date | 17.10.2024 |
| 5. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, P.O - Netarhat, Dist- Latehar. |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 23.08.2025 at 03.00 P. M. |
| 7. | Last Date and Time for submission of Bids | 12.09.2025 at 11.30 A. M |
| 8. | Date of Opening of the Tender | 13.09.2025 at 11.30 P.M. (Technical Bid)<br>13.09.2025 at 03.30 P.M. (Financial Bid) |

Complete details can be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

**Sd/-**
**Principal**
**Netarhat Residential School**
**Netarhat**

**PR 360444 Human Resource Developement(25-26).D**



**कार्यालय जिला स्वास्थ्य समिति– अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम, लोहरदगा।**

**40 वीं राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा**
**8 सितम्बर 2025 तक**
**नेत्रदान महादान**

नेत्रदान एक प्रक्रिया है जिसके अन्तर्गत व्यक्ति के मरने के बाद उसके नेत्र दान किये जा सकते है।
कॉर्निया आँख के सामने को ढकने वाला स्पष्ट ऊतक है

**नेत्र दान क्यों करे ?**

- एक मरता हुआ व्यक्ति एक या दो से अधिक अंधों को रोशनी दे सकता है।

**मृत्योपरान्त नेत्रदान कौन कर सकता है ?**

- कोई भी स्वस्थ व्यक्ति अपनी मृत्यु के बाद नेत्रदान कर सकता है
- जीवित व्यक्ति निकटतम नेत्र बैंक में नेत्रदान का संकल्प ले सकते हैं
- चश्मा पहनने वाले एवं मोतियाबिन्द का ऑपरेशन करवा चुके व्यक्ति भी नेत्रदान कर सकते है।

**नेत्रदान करने की प्रकिया**

- नेत्रदान करने के लिए अपने नजदीक के ऑई बैंक के नम्बर डॉयल करे।
- आँखों से कॉर्निया मृत्यु के 6 घंटे के अन्दर निकाल लेना चाहिए अन्यथा कॉर्निया खराब हो जाऐगा।
- रिश्तेदारों को उस स्थान पर पंखा बंद कर देना चाहिए जहां शव रखा हो, सिर के नीचे तकिया रखें और कॉर्निया को नुकसान से बचाने के लिए आँखों को गीली रुई या बर्फ से ढक लें।
- आँखें दान करने से मृत व्यक्ति के चेहरे में कोई खराबी नही आती।

**आओ नेत्रदान करके नेत्रहीनों के जीवन में उजाला करें।**

(विशेष जानकारी हेतु संपर्क करें :– अपने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सरकारी अस्पताल, चिकित्सा महाविद्यालय स्वयं सेवी संस्था के अस्पताल / आई बैंक।)

**निवेदक– जिला स्वास्थ्य समिति–अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम, लोहरदगा।**

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी– सह– सदस्य सचिव,
जिला स्वास्थ्य समिति–
अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम, लोहरदगा।

PR 360409 (Lohardaga) 25-26 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**(डी०एम०एफ०टी० मद)**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/22/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पेशरार के ग्राम होसिर में मुख्य सड़क से विपिन सिंह चेरो के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2495800 | 50000 | 5000 | 3 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पेशरार के ग्राम होसिर में दिवेश सिंह के घर से मंगलदेव उरांव के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2486300 | 49800 | 5000 | 3 माह |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पेशरार के ग्राम होसिर में विपिन सिंह चेरो के घर से उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय होसिर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2482700 | 49700 | 5000 | 3 माह |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पेशरार के ग्राम होसिर में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय होसिर से दिवेश सिंह के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2488500 | 49800 | 5000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 26.08.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 26.08.2025 से दिनांक 02.09.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –06.09.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. प्रशासनिक स्वीकृति के कंडिका 5 के अनुसार केवल स्थानीय संवेदको / निविदाताओं के द्वारा निविदा में भाग लिया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 360402 Rural Development (25-26)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, डालटनगंज**
**(E-Mail ID – eercdmedini-jhr@nic.in)**

**अल्पकालीन उद्धरण आमंत्रण–सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज अन्तर्गत कार्यालय में सुसज्जीकरण / साज सज्जा हेतु विभिन्न प्रकार के सामग्रीयों की आपूर्त्ति करना है, जो निम्न प्रकार है :–

| S. No. | Item Name | Item Description | Unit | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | E.E Office Chamber Director's Desk | Supplying and placing of Director's Desk Material & Subtype Engineered Wood - MDF Table Top Material Engineered Wood Finish Glossy Colour & Colour Family Brown - Walnut Dimension (W)2000mm X (D)2220mm X (H)760mm Size Grand Warranty 5 Years Style Contemporary Assembly Type Knock Down Storage Type Cabinet, Shelves, Drawers HSN Code94031010 .THE PRODUCT MUST BE FROM A MANUFACTURER HAVING ISO 9001,ISO 14001,AIOTA ,BIFMA COMPLIANT, GREEN .W arranty-5 Years .MAKE DURIAN.MODEL-SKU MERIDIAN | 1 | |
| 2 | S.D.O. Office Chamber Director's Desk | Supplying and placing of Director's Desk Material & Subtype Engineered Wood - MDF Table Top Material Engineered Wood Finish Glossy Colour & Colour Family Brown - Walnut Dimension (W)1600mm X (D)2220mm X (H)760mm Size Standard Warranty 5 Years Style Contemporary Assembly Type Knock Down Storage Type Cabinet, Shelves, Drawers HSN Code 94031010. THE PRODUCT MUST BE FROM A MANUFACTURER HAVING ISO 9001,ISO 14001, AIOTA, ,BIFMA COMPLIANT, GREEN .Warranty -5 Years. MAKE DURIAN.MODEL-SKU MERIDIAN/B | 1 | |
| 3 | Premium Leatherette Chair High Back (Boss Chair) | Supplying and placing of Premium Leatherette Chair, High Back Material & Subtype Premium Leatherette Upholstery Material Premium Leatherette Seat Material Premium Leatherette Leg Material Nylon Finish Matte Colour & Colour Family Black Dimension (W)700mm X (D)550mm X (H)1255mm Mechanism Synchro Multi Locking Seating Capacity 1 Seater Seating Height 615mm Maximum Seating Height 615 Function Pneumatic Height Lift,Tilt Tension Control,Revolving Size Standard Warranty 5 Years Style Contemporary Assembly Type Knock Down HSN Code 94013000 .THE PRODUCT MUST BE FROM A MANUFACTURER HAVING ISO 9001,ISO 14001 ,,AIOTA ,BIFMA COMPLIANT, GREEN .Warranty -5 Years .MAKE DURIAN.MODEL-SKU RICH/37801/HB/XX | 1 | |
| 4 | Visitor Chair | Supplying and placing of VISITOR CHAIR- Material & Subtype Premium Leatherette Upholstery Material Premium Leatherette Finish Matte Colour & Colour Family Black Dimension (W)610mm X (D) 505mm X (H)990mm Seating Capacity1 Seater Seating Height485mm Function Cantilever Frame Size Standard Warranty 5 Years Style Contemporary Assembly Type Knock Down HSN Code 94013000. THE PRODUCT MUST BE FROM A MANUFACTURER HAVING ISO 9001,ISO 14001 , AIOTA, BIFMA COMPLIANT, GREEN. Warranty-5 Years. MAKE DURIAN.MODEL-SKU RICH/37816/CN/A | 1 | |
| 5 | All in One PC | HP Core i5-13th Gen/8GB RAM/512GB SSD/WIN+MS0/24" WITH KEYBOARD MOUSE | 1 | |
| 6 | Small Printer | HP ALL IN ONE PRINTER SCAN, COPY, PRINT, COLOUR AND BLAC K, WI FI | 1 | |
| 7 | Big Printer | HP LJ MANAGED MFP M72630DN Print, Scan, Copy, Fax, Adf | 1 | |
| 8 | RO With Water Cooler (Complete Fittings) | RO 75 Lph Livpure With Water Cooler Stainless Steel 150x150 With Complete Fittings | 1 | |
| 9 | Steel Almirah for Office | Door type - Hinged<br>Material – SS<br>Colour – Gray or any suitable<br>Size – 1980 x 915 x 450 mm<br>Warranty – 1 year, Brand – Godrej,<br>No. of Doors – 2 Door, Usage – Office use | 1 | |
| 10 | Waiting Area Reception Metal Chair (3 seater) | Colour – Silver, Material – Metal, Dimension – 64 D X 177W X 80 H, Centimeters, Size – 3 seater, Item Weight – 30 kgs, Finish- Chrome Finish, Use – Office use | 1 | |

जिसके आपूर्त्ति हेतु दिनांक 08.09.2025 के अपराह्न 3:00 बजे तक दर हेतु उद्धरण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय / ई–मेल में प्राप्त की जायेगी, जो दिनांक 08.09.2025 को ही अपराह्न 3:30 बजे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित उद्धरणकर्त्ता / उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष उपस्थिति / अनुपस्थिति में भी खोली जायेगी।

उद्धरण की शर्त्ते कार्यालय एवं कार्यालय की सूचना–पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमंडल, डालटनगंज

**PR 360341 Road(25-26)#D**

सुप्रभात

विचार प्रवाह

यदि स्वयं में विश्वास करना और अधिक विस्तार से पढ़ाया और अभ्यास कराया गया होता, तो मुझे यकीन है कि बुराइयों और दु:ख का एक बहुत बड़ा हिस्सा गायब हो गया होता। - स्वामी विवेकानंद

## संपादकीय

### गेमिंग के नाम जुआ पर रोक

22 अगस्त को ऑनलाइन गेमिंग के प्रोत्साहन और विनियमन अधिनियम, 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिली। यह कानून वास्तविक धन आधारित गेमिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता है और साथ ही ई-स्पोर्ट्स व सामाजिक गेमिंग को बढ़ावा देने के लिए ढांचा तैयार करता है। भारत में ऑनलाइन गेमिंग उद्योग 2024 में 3.7 अरब डॉलर का था, जिसमें 1,900 कंपनियों में 1.3 लाख से अधिक लोग काम कर रहे थे। लगभग 59.1 करोड़ गेमर्स के साथ (जो वैश्विक गेमिंग आबादी का 20 फीसदी है) भारत दुनिया का सबसे बड़ा गेमिंग बाजार बन चुका है। इस कानून के तहत वास्तविक धन वाले गेम्स पर प्रतिबंध से इस उद्योग की दिशा बदल जाएगी। कानून ऑनलाइन गेमिंग की तीन श्रेणियों में स्पष्ट अंतर करता है। पहला, पूर्ण प्रतिबंधः सभी वास्तविक धन वाले गेम्स जिनमें पैसे या दांव लगाकर धन लाभ की उम्मीद की जाती है, अब अवैध हैं। इसमें फैंटेसी स्पोर्ट्स, पोकर, रम्मी जैसे लोकप्रिय प्रारूप शामिल हैं। दूसरा, प्रोत्साहनः ई-स्पोर्ट्स को वैध खेल के रूप में मान्यता दी गई है। सरकार इस श्रेणी के लिए प्रशिक्षण अकादमियां, वित्तीय प्रोत्साहन और नियामक तंत्र स्थापित करेगी। और तीसरा, विनियमनः अन्य वैध डिजिटल गेम्स के लिए एक केंद्रीय प्राधिकरण बनाया जाएगा, जो गेम्स को वर्गीकृत करेगा, शिकायतें सुनेगा और अनुपालन सुनिश्चित करेगा। कानून का उल्लंघन करने पर कड़ी सजा का प्रावधान है। पहली बार अपराध करने पर तीन साल तक की कैद और एक करोड़ रुपए तक का जुर्माना, बार-बार अपराध करने पर पांच साल तक की कैद और दो करोड़ रुपए का जुर्माना निर्धारित किया गया है। विज्ञापन उल्लंघन पर 50 लाख रुपए तक का दंड लगाया जा सकता है। सरकार इस प्रतिबंध के पीछे सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंताओं का तर्क देती है। वर्ष 2023 से 2025 के बीच कर्नाटक पुलिस ने 32 आत्महत्याओं को ऑनलाइन जुए के नुकसान से जोड़ा है। तमिलनाडु ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण ने भी ऐसे मामलों को चिह्नित किया है। आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 45 करोड़ भारतीय ऐसे गेम्स खेलते हैं और कई परिवार वित्तीय नुकसान से बर्बाद हो रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने गेमिंग डिसऑर्डर को चिकित्सकीय समस्या माना है। सरकार का मानना है कि मानसिक स्वास्थ्य हानि, पारिवारिक कर्ज और आत्महत्याओं जैसे सामाजिक नुकसान आर्थिक लाभ से कहीं बड़े हैं। इसके अलावा, जांच एजेंसियों ने पाया कि कुछ प्लेटफॉर्म आतंकवाद वित्तपोषण, मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध संचार के लिए इस्तेमाल हो रहे थे। ऑफशोर प्लेटफॉर्म घरेलू नियमन से बाहर थे और बड़े पैमाने पर धन देश से बाहर भेज रहे थे। इस प्रतिबंध का आर्थिक नुकसान भी होगा। वर्ष 2024 में वास्तविक धन वाले गेम्स से 85.7 फीसदी यानी 3.2 अरब डॉलर का राजस्व आया। 2029 तक इस उद्योग के 9.1 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया था। अब यह सब संकट में है। आईटी सचिव एस. कृष्णन के अनुसार, इससे सरकार को सालाना 15,000–20,000 करोड़ रुपए जीएसटी का नुकसान होगा। कुल कर हानि 20,000 करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है। उद्योग निकायों का कहना है कि दो से चार लाख नौकरियां दांव पर हैं और 25,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रभावित होगा।

*विश्व स्वास्थ्य संगठन ने गेमिंग डिसऑर्डर को चिकित्सकीय समस्या माना है। सरकार का मानना है कि मानसिक स्वास्थ्य हानि, पारिवारिक कर्ज और आत्महत्याओं जैसे सामाजिक नुकसान आर्थिक लाभ से कहीं बड़े हैं।*

## ‘दिशोम गुरु शिबू सोरेन : आदिवासी अस्मिता और भारत रत्न की बहस’



भारत रत्न केवल एक अलंकरण या सम्मान नहीं है, यह उस व्यक्तित्व की स्वीकृति है जिसने अपने जीवन से राष्ट्र की दिशा और दशा को बदलने का प्रयास किया हो। जब झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और आदिवासी समाज के जननायक शिबू सोरेन के नाम पर भारत रत्न देने की चर्चा होती है, तो यह बहस एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहती। यह बहस उन करोड़ों आदिवासियों की भी है जिनकी पहचान, जिनकी अस्मिता और जिनकी लड़ाई सदियों से चली आ रही है। शिबू सोरेन का जीवन इसी संघर्ष और इसी जद्दोजहद का प्रतीक है। दिशोम गुरु के नाम से विख्यात शिबू सोरेन का जीवन असाधारण संघर्ष और सामाजिक चेतना का प्रतीक है। 11 जनवरी 1944 को हजारीबाग जिले (वर्तमान रामगढ़) के नेमरा गाँव में जन्मे शिबू सोरेन का बचपन बेहद कठिन परिस्थितियों में बीता। उनके पिता की हत्या जमींदारों और माफियाओं ने कर दी थी। उस घटना ने एक बालक के मन में अन्याय के खिलाफ आग जलाई और वही आगे चलकर उन्हें समाज का नेता बना गई। जल, जंगल और ज़मीन पर आदिवासियों का अधिकार हो, यह उनका पहला और अंतिम सपना रहा। इसी सपने ने उन्हें आंदोलनकारी बनाया जिनसे लोग उन्हें गुरुजी और दिशोम गुरु कहने लगे। दिशोम एक संथाली शब्द है, जिसका अर्थ होता है, “देश या समाज”और गुरु का अर्थ होता है, “मार्गदर्शक”। यानी दिशोम गुरु का अर्थ होता है, देश या समाज का मार्गदर्शक। सचमुच वे आदिवासी समाज के मार्गदर्शक ही नहीं, बल्कि उनकी चेतना के प्रतीक भी बन गए। उनका संघर्ष केवल चुनाव जीतने या हारने तक सीमित नहीं था। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना की और आदिवासी समाज को संगठित किया। उन दिनों आदिवासी आवाज़ें अक्सर दबा दी जाती थीं, लेकिन गुरुजी ने उन्हें संसद से लेकर सड़क तक गूंजाया। उन्होंने जल, जंगल और ज़मीन की लड़ाई को जनांदोलन का रूप दिया। जब 15 नवंबर 2000 को झारखंड राज्य का गठन हुआ, तो यह केवल भौगोलिक नक्शे का बदलाव नहीं था, बल्कि यह आदिवासी अस्मिता का ऐतिहासिक क्षण था। उस क्षण के सूत्रधारों में सबसे बड़ा नाम शिबू सोरेन का था।

झारखंड बनने के बाद भी उनका संघर्ष रुका नहीं। वे चाहते थे कि राज्य के प्राकृतिक संसाधनों का लाभ यहां के लोगों को मिले। उन्होंने बार-बार यह बात कही कि अगर झारखंड की मिट्टी, कोयला और खनिज देश की अर्थव्यवस्था को मज़बूत कर सकते हैं, तो यहां का युवा बेरोज़गार क्यों रहे और यहां का किसान बदहाल क्यों हो। उनकी इसी सोच में हमेशा एक आम आदमी की पीड़ा झलकती थी। यही कारण है कि मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री जैसे ऊँचे पदों पर पहुँचने के बाद भी उनका आचरण बेहद सादा और सरल रहा। गांव-देहात के लोग आज भी उन्हें अपने जैसा मानते हैं। अगर भारत रत्न की मांग की बात करें तो, भारत रत्न उन व्यक्तित्वों को दिया जाता है जिन्होंने राजनीति, समाज, साहित्य या विज्ञान के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी हो। अगर इसी कसौटी पर शिबू सोरेन को देखें, तो उनका योगदान किसी भी मायने में कम नहीं है। उन्होंने आदिवासी समाज को मुख्यधारा की राजनीति में पहचान दिलाई। उन्होंने उस समुदाय को यह भरोसा दिया कि उनकी आवाज़ दिल्ली तक पहुँच सकती है और वे भी भारत के भविष्य को दिशा दे सकते हैं। यह योगदान किसी एक राज्य या क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय स्तर पर लोकतंत्र को और समावेशी बनाने का प्रयास है। यह सही है कि शिबू सोरेन का राजनीतिक जीवन विवादों से अछूता नहीं रहा है। उन पर आरोप लगे, मुकदमे चले और उन्हें कठिन समय का सामना करना पड़ा था। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि उनकी विरासत इन विवादों से कहीं बड़ी है। उनका असली मूल्यांकन इस बात से होना चाहिए कि उन्होंने अपने समाज को क्या दिया और देश की राजनीति को किस दिशा में मोड़ा। अगर केवल विवाद ही किसी की पहचान होते, तो भारत रत्न पाने वाले कई अन्य नेताओं को यह सम्मान कभी नहीं मिलता। इतिहास ने हमेशा यह माना है कि किसी व्यक्ति की सम्पूर्ण यात्रा उसके जीवन के छोटे-छोटे विवादों से कहीं बड़ी होती है। शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की मांग केवल झारखंड की मांग नहीं है। यह पूरे देश के आदिवासी समाज की आवाज़ है। यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं होगा, बल्कि यह उस पूरे समुदाय का होगा जिसने सदियों तक शोषण और उपेक्षा झेली है। यह सम्मान उन्हें यह भरोसा देगा कि उनकी पहचान और उनकी संस्कृति को देश सर्वोच्च स्तर पर मान्यता देता है। जैसे कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर पिछड़ों और वंचितों की राजनीति को राष्ट्रीय मान्यता दी गई। उसी तरह शिबू सोरेन को भारत रत्न देना आदिवासी राजनीति और अस्मिता की राष्ट्रीय मान्यता होगी। यह केवल झारखंड की जीत नहीं होगी, बल्कि पूरे भारत की आत्मा को समृद्ध करने वाला कदम होगा। आज झारखंड के गांव-गांव में यह चर्चा है कि क्या दिशोम गुरु को भारत रत्न मिलेगा? लोगों का मानना है कि अगर ऐसा हुआ तो यह केवल एक सम्मान नहीं होगा, बल्कि यह आदिवासी गौरव का पर्व होगा। यह उन युवाओं के लिए प्रेरणा होगी जो संघर्ष के रास्ते पर चल रहे हैं। यह उन किसानों के लिए सुकून होगा जो अपनी जमीन बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। और यह उन महिलाओं के लिए विश्वास होगा जो अपने बच्चों के भविष्य को बेहतर देखना चाहती हैं। भारत रत्न तभी सार्थक होगा जब वह देश की विविधता और संघर्षशीलता को समाहित करे। शिबू सोरेन को यह सम्मान देना केवल झारखंड की जीत नहीं होगी, बल्कि यह पूरे भारत की आत्मा को समृद्ध करेगा। यह दिखाएगा कि हमारे नायक केवल महानगरों और सत्ता केंद्रों से नहीं, बल्कि गांवों और जंगलों से भी उठते हैं। शिबू सोरेन ने हमें यह सिखाया कि न्याय और समानता की लड़ाई कभी व्यर्थ नहीं जाती है। अगर उन्हें भारत रत्न दिया जाता है, तो यह न केवल इतिहास के साथ न्याय होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सशक्त संदेश भी होगा कि भारत की आत्मा हर गांव, हर पहाड़ी और हर जंगल में बसती है, और वही आत्मा भारत रत्न कहलाने को हकदार है।

आज की बात



देवेन्द्र कुमार नयन
देवघर, झारखंड

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## समान अवसर व सख्त कानून से घटेगा अपराध

समाज की शांति और सुरक्षा तब तक सुनिश्चित नहीं हो सकती जब तक अपराधों पर प्रभावी अंकुश न लगे। आज की वास्तविकता यह है कि अपराधों की बढ़ती घटनाएं आम नागरिकों की नींद हराम कर रही हैं। समाचार पत्रों के पन्ने हत्या, बलात्कार, लूट, अपहरण और साइबर अपराध जैसी खबरों से भरे रहते हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या अपराध केवल कानून-व्यवस्था की समस्या है या समाज और मानसिकता से भी गहराई से जुड़ा हुआ मुद्दा। सच्चाई यही है कि अपराध नियंत्रण केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि पूरे समाज का साझा दायित्व है। कानून और व्यवस्था अपराध रोकने के लिए पहली शर्त है। यदि पुलिस बल मजबूत, प्रशिक्षित और आधुनिक तकनीकों से लैस हो तो अपराधियों पर तुरंत कार्रवाई संभव है। लेकिन वास्तविकता यह है कि कई बार पुलिस भ्रष्टाचार, संसाधनों की कमी और राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण अपना दायित्व ठीक से नहीं निभा पाती। जरूरत है कि पुलिस तंत्र को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनता-हितैषी बनाया जाए। साथ ही, जांच में आधुनिक वैज्ञानिक और डिजिटल तरीकों का उपयोग बढ़ाया जाए ताकि अपराधियों को बच निकलने का अवसर न मिले। न्यायपालिका की भूमिका भी उतनी ही अहम है। भारत की अदालतों में लाखों मामले वर्षों से लंबित पड़े हैं। जब किसी अपराधी को समय पर सजा नहीं मिलती, तो कानून का भय समाप्त हो जाता है और अपराधी और दुस्साहसी हो जाते हैं। त्वरित और सख्त न्याय ही अपराध रोकने का सबसे कारगर साधन है। यदि अदालतें मामलों का निपटारा तय समय सीमा में करें और अपराधियों को कठोर दंड मिले, तो यह संदेश समाज में जाएगा कि कानून से बच निकलना असंभव है। लेकिन केवल कानून और न्याय से अपराध समाप्त नहीं होते। इनके पीछे सामाजिक और आर्थिक कारण भी गहराई से जुड़े हैं। बेरोजगारी, गरीबी, असमानता और अवसरों की कमी, व्यक्ति को अपराध की ओर धकेलते हैं। एक भूखा और बेरोजगार युवा अपराध के रास्ते पर चलने के लिए अधिक मजबूर होता है। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी है कि वह रोजगार के अवसर पैदा करे, शिक्षा को सबके लिए सुलभ बनाए और गरीब तबके को मुख्यधारा से जोड़े। यदि हर नागरिक को समान अवसर मिले, तो अपराध की प्रवृत्ति अपने आप घटेगी। शिक्षा का महत्व अपराध रोकने में सबसे गहरा है। केवल किताबों का ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि बच्चों और युवाओं को नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों से भी परिचित कराना होगा। यदि विद्यालयों में नैतिक शिक्षा और नागरिक चेतना पर बल दिया जाए, तो युवा पीढ़ी समझेगी कि अपराध केवल व्यक्तिगत लाभ नहीं देता बल्कि पूरे समाज का नुकसान करता है। शिक्षा ही वह आधार है जिससे सही और गलत का भेद सिखाया जा सकता है। समाज की भूमिका भी उतनी ही आवश्यक है। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

देश की बात



हंसराज चौरसिया

## हरतालिका तीज : स्त्रियों की आस्था व संकल्प का पर्व

हरतालिका तीज भारतीय संस्कृति और आस्था का वह पर्व है, जो केवल धार्मिक परंपरा का निर्वाह नहीं करता, बल्कि नारी-शक्ति, आत्मबल और समर्पण की गहन अभिव्यक्ति भी है। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाने वाला यह व्रत उत्तर भारत, राजस्थान, मध्यप्रदेश, बिहार, झारखंड और नेपाल के अनेक हिस्सों में अत्यधिक श्रद्धा और उत्साह से संपन्न होता है। इस वर्ष यह तिथि 26 अगस्त 2025, मंगलवार को पड़ रही है। हरतालिका तीज को सबसे कठिन व्रतों में गिना जाता है। विवाहित महिलाएँ इस दिन निर्जला उपवास रखती हैं और अपने पति की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य और दांपत्य जीवन की समृद्धि की कामना करती हैं। अविवाहित कन्याएँ भी यह व्रत करती हैं ताकि उन्हें योग्य वर की प्राप्ति हो। इस प्रकार यह पर्व केवल पारिवारिक संबंधों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि स्त्रियों के व्यक्तिगत अधिकारों और इच्छाओं की पूर्ति का माध्यम भी बनता है। इस व्रत का संबंध भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह से जुड़ा है। पौराणिक कथा के अनुसार, माता सती ने अपने पिता दक्ष के यज्ञ में देह त्यागने के बाद पर्वतराज हिमवान के घर पार्वती के रूप में पुनर्जन्म लिया। बचपन से ही उनका हृदय भगवान शिव को पति रूप में पाने की चाह से भरा हुआ था। किंतु हिमवान, जिन्हें हिमनरेश की उपाधि दी गई थी, अपनी पुत्री का विवाह भगवान विष्णु से करना चाहते थे। नारद मुनि के परामर्श पर जब यह प्रस्ताव सामने आया, तो हिमवान सहर्ष तैयार हो गए। यह समाचार पार्वती को गहन पीड़ा देने वाला था। अपनी इच्छा और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए वे अपनी सखी के साथ वन की ओर चली गईं। जंगल में पार्वती ने मिट्टी से शिवलिंग बनाकर कठोर तपस्या आरंभ कर दी। उनका यह संकल्प और तप असाधारण था। तपस्या के इस अदम्य बल से भगवान शिव प्रसन्न हुए और उन्होंने पार्वती को अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार कर लिया। भाद्रपद शुक्ल तृतीया के दिन ही दोनों का पावन विवाह हुआ। तभी से यह तिथि हरतालिका तीज के रूप में मनाई जाने लगी। इस व्रत का नाम भी इसी कथा से जुड़ा है। ‘हरि’ का अर्थ है हरण करना और ‘तालिका’ का अर्थ है सखी। क्योंकि पार्वती की सखी ने उनका हरण कर उन्हें वन में ले जाकर अनचाहे विवाह से बचाया था। हरतालिका तीज के अवसर पर पूजा-विधान भी उतना ही महत्वपूर्ण है। प्रातः स्नान कर महिलाएँ स्वच्छ वस्त्र धारण करती हैं। पारंपरिक रूप से हरे या लाल रंग की साड़ियाँ इस दिन शुभ मानी जाती हैं। पूजा स्थान पर चौकी पर लाल या पीला वस्त्र बिछाकर शिव-पार्वती और गणेश जी की प्रतिमाएँ या चित्र स्थापित किए जाते हैं। सबसे पहले गणेश जी की पूजा होती है और उसके बाद भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना की जाती है। भगवान शिव को बेलपत्र, धतूरा, चंदन और जनेऊ अर्पित किए जाते हैं, वहीं पार्वती को श्रृंगार सामग्री-सिंदूर, चूड़ियाँ, बिंदी, महावर, इत्र और कंघी समर्पित की जाती हैं। महिलाएँ इस दिन व्रत कथा का पाठ या श्रवण करती हैं और अंत में आरती करके प्रसाद अर्पित करती हैं। व्रत का पारण अगले दिन सूर्योदय के बाद सात्विक भोजन के साथ किया जाता है। किसी भी धार्मिक अनुष्ठान का महत्व केवल कर्मकांड तक सीमित नहीं होता। हरतालिका तीज का वास्तविक महत्व समाज और संस्कृति के गहरे आयामों से जुड़ा है। यह पर्व महिलाओं के सामूहिक उत्सव का दिन होता है। वे पारंपरिक श्रृंगार करती हैं, मेंहदी रचाती हैं, झूले झूलती हैं और एक-दूसरे के साथ लोकगीत गाती हैं। यह पर्व स्त्री-शक्ति और आत्मबल का प्रतीक भी है। माता पार्वती की कथा केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि स्त्री-सशक्तिकरण के रूप में भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपनी इच्छा के विरुद्ध होने वाले विवाह को अस्वीकार कर अपने संकल्प और तपस्या से जीवन की दिशा स्वयं तय की। यह नारी आत्मनिर्णय, आत्मसम्मान और दृढ़ निश्चय का ऐसा संदेश है, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना प्राचीन काल में था। आज के वैज्ञानिक और आधुनिक युग में भी हरतालिका तीज का महत्व कम नहीं हुआ है। स्वास्थ्य की दृष्टि से देखा जाए तो उपवास शरीर को डिटॉक्स करने का कार्य करता है, पाचन तंत्र को विश्राम देता है और रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। वर्षा ऋतु के अंतिम चरण में यह उपवास संक्रमण और मौसमी बीमारियों से बचाव में भी सहायक सिद्ध होता है।



आपकी बात



महेन्द्र तिवारी

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

बादल फिर होने लगे, इधर उधर एकत्र।
इतिहासी बौछार के, स्यात लगें फिर सत्र।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

संपादक

## अखंड सौभाग्य का पर्व : हरतालिका तीज

शिव-शक्ति को गृहस्थ जीवन का आदर्श माना गया है। शक्ति स्वरूपा माता पार्वती ने सदैव शिव के गुणों का वरण किया है। शिव जी ही माता पार्वती के पति होंगे उक्त बात नारद जी द्वारा माता पार्वती को बताई गई थी। शिवजी को वर रूप में प्राप्त करने के लिए जगत जननी माँ पार्वती ने अत्यधिक कठिन तपस्या की। सप्त ऋषि भी उनकी परीक्षा लेने आए एवं माता पार्वती को शिव शंकर की वेशभूषा तथा दैनिक दिनचर्या का वर्णन किया और उन्हें अपना निर्णय बदलने के लिए उकसाया, परन्तु माता पार्वती तो श्रृद्धा एवं विश्वास की प्रतिमूर्ति है। वे शिवजी के कल्याण स्वरुप को पहचानती थी। सत्यम शिवम् सुंदरम ही शिव का सत्य स्वरुप है। पार्वतीजी बाहरी आडम्बर के विरुद्ध भीतर की सच्चाई से परिचित थी।

शिव को करुणावतार कहा जाता है। शिव तो सच्चे हृदय के स्वामी है, तभी तो संसार की रक्षा के लिए विष को भी सहर्ष स्वीकार कर लेते है। भगवती तो अनंत शक्ति की प्रतिक है और माँ की कृपा तो जीवन को पूर्णता प्रदान करती है। वास्तव में इस मनुष्ययोनि में महेश और भवानी तो हमारे माता-पिता का ही स्वरूप है जो सदैव भक्तो को आशीष प्रदान करते है। उनका गृहस्थ जीवन माया से नहीं बल्कि जीवन में आनंद से सुशोभित है। शिव सदैव आनंद की अवस्था में विद्यमान रहते है। शिव परिवार तो सर्वत्र पूजा जाता है। यहाँ तक कि भोलेनाथ के पौत्र शुभ-लाभ भी पूजन के अधिकारी है। उन्हीं शिव-पार्वती का वरदान यदि गृहस्थ को मिल जाए तो जीवन में और कुछ पाना शेष नहीं रह जाता।

शिव-शक्ति की आराधना का है हरतालिका तीज का त्यौहार।
महेश-भवानी की जगत में महिमा है अपरम्पार।।
शिव-शक्ति का अर्द्धनारीश्वर रूप करता समता को प्रदर्शित।
उनकी कृपा से जीवन में आनंद होता दर्शित।।

इस व्रत में निर्जल रहकर शिव-पार्वती की आराधना एवं पूजा की जाती है। विधि-विधान से पूजन किया जाता है। सुहागिन के साथ-साथ कन्याएँ भी इस व्रत को करती है और सुन्दर श्रृंगार से सुशोभित होती है। यह तीज-त्यौहार हमें ईश्वर से जुड़ने के लिए प्रेरित करते है। हरतालिका तीज का व्रत एक बार प्रारम्भ करने के पश्चात् जीवनपर्यन्त खंडित नहीं किया जा सकता है। हरतालिका तीज के विधान में वर्णित है कि माता पार्वती ने शिवजी का पार्थिव शिवलिंग बनाकर उसका पूजन-अर्चन किया तथा कठोर तपस्या की। उनकी इस तपस्या को महादेव ने स्वीकार किया और जन्म-जन्मान्तर तक शक्ति का ही अर्धांगिनी के रूप में वरण किया। शिव का अर्द्धनारीश्वर स्वरुप अत्यंत पूजनीय है, जिसमें शिव-शक्ति की समानता का दर्शन होता है। इस दिन शिव-पार्वती के नामों का उच्चारण एवं भजन-कीर्तन करना चाहिए। सोलह श्रृंगार का विधान इस पर्व में है। ईश्वर की भक्ति तो प्रत्येक परिस्थिति में कल्याण और कृपा का पात्र भक्त को बनाती है, बस हृदय में पवित्रता और श्रृद्धा-भक्ति होनी चाहिए। भक्ति में निर्मल भावों की प्रधानता होती है। भोलेनाथ और भवानी तो भक्तवत्सल है, जो गृहस्थ जीवन को सुखी एवं आनंदमय बनाने का आशीर्वाद प्रदान करते है।

पवित्र हृदय से करें शिव-पार्वती का ध्यान।
उनकी आराधना है जीवन के लिए वरदान।।
शक्ति ने सदैव किया शिव के गुणों का वरण।
डॉ. रीना कहती, हरतालिका तीज से होगा संताप का हरण।।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

अलग बात



डॉ. रीना रवि मालपानी



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### बिहार बन रहा पुलों का प्रदेश

# गंगा-सोन-गंडक-कोसी पर पुलों का हो रहा तेजी से निर्माण

**एजेंसी। पटना**

बिहार अब पुलों का प्रदेश बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 2005 में सत्ता संभालने के बाद से पुल निर्माण में ऐतिहासिक तेजी आई है। पिछले दो दशकों में गंगा, सोन, गंडक और कोसी नदियों पर 15 बड़े पुल बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि 21 पुलों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगा नदी पर बने 6 लेन वाले औंटा-सिमरिया पुल का उद्घाटन किया। यह पुल देश का सबसे चौड़ा पुल है, जिसकी लंबाई 8.15 किलोमीटर है। इसके चालू हो जाने से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच संपर्क और मजबूत हुआ है। राज्य के अधिकांश जिलों में नदियों के जाल के कारण आवागमन लंबे समय से चुनौती रहा है। तीन घंटे में पटना पहुंचने के मुख्यमंत्री के लक्ष्य को पूरा करने के लिए नदियों पर मजबूत पुलों का निर्माण




### सोन नदी पर सातवां पुल

सोन नदी पर अब तक पांच पुल बन चुके हैं। एक का निर्माण जारी है और दो और पुलों की मंजूरी मिल चुकी है। नया सातवां पुल कोइलवर से 10 किलोमीटर दूर बिंदौल और कोशीहान के बीच बनेगा। वहीं, छठा पंडुका घाट पुल डेहरी ऑन सोन से अकबरपुर-सदुनाथपुर मार्ग को जोड़ेगा। इससे न केवल बिहार बल्कि उत्तर प्रदेश के लोगों को भी सीधा फायदा मिलेगा।

### गंगा नदी पर पुलों का विस्तार

गंगा नदी पर फिलहाल 8 पुल चालू हैं। नौ पुलों का निर्माण चल रहा है, जबकि तीन और नए पुलों की योजना पर काम शुरू हो गया है। इनमें औंटा-सिमरिया पुल राज्य की जीवनरेखा बनकर उभरा है।

### गंडक और कोसी पर लंबी छलांग

गंडक नदी पर सात पुल तैयार हैं। तीन और निर्माणाधीन हैं तथा चार नए प्रस्तावित हैं। दूसरी ओर कोसी नदी पर अब तक 4 पुल बन चुके हैं और 3 पुल निर्माणाधीन हैं। खासकर मधुबनी जिले के भेजा से सुपौल के बकौर तक बनने वाला पुल पूरे देश का सबसे लंबा पुल होगा। 10.02 किलोमीटर लंबे इस पुल का निर्माण भारतमाला परियोजना के तहत लगभग 1200 करोड़ की लागत से हो रहा है।

इसके चालू होते ही मधुबनी और सुपौल की दूरी 30 किलोमीटर घट जाएगी और यातायात में क्रांतिकारी सुधार आएगा।

## जिला मत्स्य पदाधिकारी गिरफ्तार रिश्वत के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया

**एजेंसी। बेतिया**

बिहार के पश्चिमी चंपारण के जिला मुख्यालय बेतिया के मत्स्य पदाधिकारी पीयूष रंजन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारी को विजिलेंस टीम ने कार्यालय में रंगेहाथ घूस लेते गिरफ्तार किया। जिला मत्स्य पदाधिकारी पीयूष रंजन कुमार को एक लाख रुपए रिश्वत लेते हुए विजिलेंस टीम ने रंगेहाथ पकड़ा। यह गिरफ्तारी एक बड़ी अनुदान योजना में रिश्वतखोरी के मामले में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार, जिले में 25 लाख रुपए की मत्स्य योजना लागू की गई थी, जिसमें मुराद अनवर नाम के एक व्यक्ति को 10 लाख रुपए का अनुदान दिया जाना था। लेकिन, इस अनुदान को दिलवाने के लिए जिला मत्स्य पदाधिकारी ने 10 प्रतिशत रिश्वत की मांग की थी। इसकी शिकायत मुराद अनवर ने विजिलेंस विभाग को दी, जिसके बाद टीम ने पीयूष रंजन कुमार को पकड़ने की तैयारी की। विजिलेंस की टीम ने मुराद अनवर के साथ जाल बिछाया और सोमवार को जब मुराद एक लाख रुपए रिश्वत लेकर जिला मत्स्य कार्यालय पहुंचे, तो पीयूष रंजन कुमार ने रिश्वत स्वीकार कर ली। इसी बीच विजिलेंस की टीम ने उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

विजिलेंस डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि पीयूष रंजन कुमार अनुदान के कुल 10 लाख रुपए में से 10 प्रतिशत यानी एक लाख रुपए रिश्वत के रूप में मांग रहे थे। रिश्वत देने वाले मुराद अनवर ने भी विजिलेंस को पूरी जानकारी दी थी, जिसके बाद यह कार्रवाई संभव हो सकी।


**कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, एन०आर०ई०पी०, लोहरदगा**

**कार्यालय आदेश**

इस कार्यालय के आदेश ज्ञापांक 160 दिनांक 31.07.2025 के द्वारा निकाली गई के द्वारा निकाली गई अति अल्पकालीन निविदा सं० 02/2025–26/NREP/LOHARDAGA पी०आर०नं० 358716 लोहरदगा 25.26 डी० दिनांक 31.07.2025 द्वारा डॉडू पंचायत के ग्राम अम्बाटोली में कदम डीपा मोड से मनीर अंसारी के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य योजना को अपरिहार्य कारणवश् रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
PR 360336 Lohardaga (25-26)_D एन०आर०ई०पी०,लोहरदगा


### धनखड़ के अप्रत्याशित इस्तीफ़े पर बढ़ा सियासी पारा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सोमवार को दिए गए बयान के बाद कि विपक्ष को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर हंगामा नहीं करना चाहिए, इस कहानी में और भी कुछ हो सकता है। कांग्रेस नेता ने धनखड़ की मानदंडों, शिष्टाचार और प्रोटोकॉल का पालन करने और किसानों के कल्याण तथा न्यायिक जवाबदेही के लिए निडर होकर बोलने के लिए प्रशंसा की। एक पोस्ट में, रमेश ने कहा कि आज गृह मंत्री ने और भी कुछ कहने की कोशिश की है। लेकिन उन्होंने केवल रहस्य को और बढ़ा दिया है। इस बात का कोई स्पष्टीकरण नहीं है कि किसानों के हितों की वकालत करने वाले अदम्य और उत्साही धनखड़ एक महीने से भी अधिक समय से पूरी तरह से संपर्क से बाहर क्यों हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने एएनआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दिया और विपक्ष के इस दावे को खारिज कर दिया कि वह घर में नज़रबंद हैं। शाह ने कहा कि धनखड़ साहब का त्यागपत्र अपने आप में स्पष्ट है।



### अमित शाह ने 130वें संशोधन विधेयक 2025 का बचाव किया, शराब घोटाने का हवाले देते हुए कहा-

# यह कानून होता तो अरविंद केजरीवाल को देना पड़ता इस्तीफा

- **जेपीसी अपना काम करेगी**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को सरकार के प्रस्तावित संविधान संशोधन विधेयक का बचाव किया और पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे को लेकर चल रही अटकलों को खारिज कर दिया। समाचार के साथ एक विशेष साक्षात्कार में, शाह ने इस कदम के पीछे राजनीतिक द्वेष के दावों को खारिज कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, "धनखड़ जी एक संवैधानिक पद पर थे और अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने संविधान के अनुसार अच्छा काम किया। उन्होंने अपनी व्यक्तिगत स्वास्थ्य समस्या के कारण इस्तीफा दिया है। किसी को इसे ज़्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए और कुछ न कुछ ढूंढ लेना चाहिए।"



*130वें संशोधन विधेयक पर विपक्षी दलों द्वारा जेपीसी का बहिष्कार करने पर, अमित शाह ने कहा कि मौजूदा लोग ज़रूरी काम करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें अपनी बात रखने का मौका दिया गया है और अगर वे इस मौके का फ़ायदा नहीं उठाना चाहते, तो यह उन पर निर्भर है।*

130वें संशोधन विधेयक 2025 के अनुसार प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और अन्य मंत्री जो किसी गंभीर अपराध के लिए 30 दिनों तक जेल में रहे हैं, उन्हें अपना पद छोड़ना होगा। एएनआई पॉडकास्ट में बोलते हुए, गृह मंत्री शाह ने कहा कि इस संबंध में एक प्रावधान पहले से ही मौजूद है और किसी भी छोटे-मोटे आरोप में नए संशोधन लागू नहीं होंगे। उन्होंने कहा जहाँ 5 साल से ज़्यादा की सज़ा का प्रावधान है, वहाँ व्यक्ति को पद छोड़ना होगा। किसी भी छोटे-मोटे आरोप के लिए पद छोड़ने की ज़रूरत नहीं है... आज भी, भारत के जनप्रतिनिधित्व अधिनियम में यह प्रावधान है कि अगर किसी निर्वाचित प्रतिनिधि को दो साल या उससे ज़्यादा की सज़ा होती है, तो उसे संसद सदस्य के पद से मुक्त कर दिया जाएगा... कई लोगों की सदस्यता समाप्त कर दी गई थी और सज़ा पर रोक लगने के तुरंत बाद उन्हें बहाल कर दिया गया था।

शाह ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मामले का ज़िक्र किया, जिन्होंने शराब नीति मामले में गिरफ़्तारी के बाद अपने पद से इस्तीफ़ा देने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि अगर यह विधेयक लागू होता, तो केजरीवाल को इस्तीफ़ा देने के लिए मजबूर होना पड़ता। "अगर यह क़ानून लागू होता, तो उन्हें इस्तीफ़ा देना पड़ता। उनके बाहर आने के बाद जब जनता ने विरोध प्रदर्शन शुरू किया, तो उन्होंने नैतिक आधार पर इस्तीफ़ा दे दिया और आतिशी जी को दिल्ली का मुख्यमंत्री बना दिया, क्योंकि जैसे ही उन्होंने घूमना शुरू किया, जनता उनसे सवाल पूछने लगी।" उन्होंने कहा, "जेपीसी अपना काम करेगी। मौजूदा लोग काम करेंगे। कल, अगर विपक्ष अभी से लेकर चार साल तक किसी काम में सहयोग नहीं करेगा, तो क्या देश नहीं चलेगा? ऐसे नहीं चलता। हम बस इतना कर सकते हैं कि उन्हें अपनी बात रखने का मौका दें। अगर वे अपनी बात नहीं रखना चाहते, अगर वे बोलना नहीं चाहते, तो देश की जनता भी ये सब देख रही है।"

### आरोपी रिहा हुआ तो पीड़ित या कानूनी वारिस भी कर सकते हैं अपील

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला देते हुए आपराधिक न्याय व्यवस्था में बदलाव किया है।

दशकों से भारतीय न्यायव्यवस्था आरोपी को सही केस चलाने और आगे अपील करने का आधिकार देती है। अब कोर्ट ने पीड़ितों और उनके आधिकारिक उत्तराधिकारियों को भी आरोपी के बरी होने की स्थिति में अपील करने का अधिकार दे दिया है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, बोकारो।**

**इश्तेहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बालीडीह थाना कांड सं0– 249/2020, दिनांक– 23.11.2020, धारा– 419/420/406 भा0द0वि0 के अप्राथमिकी अभियुक्त आनंद कुमार पे0 कौशल कुमार, सा0– खड़ौनी, थाना– ईटखोरी, जिला– चतरा के विरूद्व माननीय न्यायालय से इश्तेहार वारंट निर्गत है। उक्त अभियुक्त गिरफ्तारी के डर से भागे फिर रहे हैं और न ही अनुसंधान में सहयोग कर रहे हैं।

उक्त कांड अप्राथमिकी अभियुक्त आनंद कुमार पे0 कौशल कुमार, सा0– खड़ौनी, थाना– ईटखोरी, जिला– चतरा के विरूद्व निर्गत इश्तेहार को स्थानीय/राजकीय समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाय।

1.पुलिस अधीक्षक, बोकारो का मो0 नं0–9431706418
2.बालीडीह थाना बोकारो का मो0 नम्बर–7004558112

पुलिस अधीक्षक,
बोकारो।
PR 360392 Police(25-26)D


## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको काम को लेकर भागदौड़ अधिक रहेगी और आपके पिताजी भी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकते हैं, जिसमें आप ढील बिल्कुल ना दें। आप अपने बॉस की बातों को नजरअंदाज ना करें और आपको काम को लेकर नए-नए आइडिया आएंगे।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको पुराने शेयरों से अच्छा लाभ मिलेगा। आपको कोई रोग लंबे समय से परेशान कर रहा था, तो उससे भी काफी हद तक राहत मिलेगी। आपके घर किसी अतिथि के आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। आपको संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा, इससे आपके बेवजह के वाद-विवाद खड़े हो सकते हैं। आप बाहर की खाने पीने से बचें,नहीं तो उससे आपको पेट में इन्फेक्शन आदि होने की संभावना है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से सामान्य रहने वाला है। आपको अपने बॉस से काम को लेकर शाबाशी मिल सकती है जिससे आपको खुशी होगी। आप अपने घर किसी पूजा-पाठ का आयोजन कर सकते हैं। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। दोस्तों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। आज आपके मन सम्मान में वृद्धि होगी।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिलेगा, लेकिन आप जरूरतों के कामों पर पूरा ध्यान दें। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा। आप अपने धन से संबंधित मामलों को मिल बैठकर निपटाने की कोशिश करें।

**तुला :** आज के दिन आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। किसी नए घर आदि का सपना पूरा होगा। आप छोटी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी। आपको कोई मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको बड़ों की बातों पर ध्यान देना होगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए धैर्य और साहस से काम लेने के लिए रहेगा। आपका संपति को लेकर विवाद सुलझेगा, जो आपको खुशी देगा। जीवनसाथी आपके कामों में पूरा साथ देगी। आपकी कुछ नया करने की इच्छा जागृत हो सकती है। आपका रुका हुआ धन आपको मिल सकता है।

**धनु :** आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढ़िया रहने वाला है। उन्हें किसी सरकारी कोर्स में दाखिला मिल सकता है। आप अच्छे खानपान का आनंद लेंगे, लेकिन आपको अपने पेट का भी खास ख्याल रखना होगा। किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा को दूर करने के लिए आप अपने किसी मित्र से बातचीत कर सकते हैं।

**मकर :** आज का दिन मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आज आप कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड न रहें और अपने रहन सहन के स्तर में सुधार लाएंगे। आपका कोई पुराना साथी आपके जीवन में वापस आ सकता है।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी काम को लेकर समस्या थी, तो वह भी आसानी से दूर होंगी। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें और जीवनसाथी से चल रही अनबन को दूर करने की कोशिश करें।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए सेहत में समस्याएं लेकर आएगा, इसलिए आप थोड़ा सतर्कता बरतें। आपका कोई पुराना साथी वापस आ सकता है, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगा। परिवार में चल रही समस्याओं से आपको काफी हद तक राहत मिलेगी।

## ग्रेटर नोएडा में दहेज के लिए निक्की को जिंदा जलाया चार गिरफ्तार





**एजेंसी। नई दिल्ली**

ग्रेटर नोएडा के सिरसा गांव में हुई निक्की की हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया है। दहेज को लेकर हुए विवाद में 26 वर्षीय निक्की की कथित तौर पर उसके पति विपिन भाटी ने बेरहमी से हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए निक्की के पति, सास, ससुर और जेठ को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, निक्की की बहन कंचन की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था, जिसमें उसने आरोप लगाया कि विपिन और उसके परिवार के सदस्य 36 लाख रुपये की दहेज मांग को लेकर निक्की को प्रताड़ित कर रहे थे। दोनों बहनें एक ही परिवार में विवाहित थीं। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें निक्की को बुरी तरह से घायल अवस्था में देखा जा सकता है। पुलिस ने आरोपी विपिन भाटी को गिरफ्तार किया, लेकिन हिरासत से भागने की कोशिश के दौरान उसके पैर में गोली लगी। बाद में पुलिस ने उसकी मां, ससुर और जेठ को भी गिरफ्तार कर लिया।

### बाइक और कार में जोरदार टक्कर, चार युवकों की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें चार युवकों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुलेसरा पुस्ता रोड पर हुआ, जहां बाइक और कार की आमने-सामने टक्कर में चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही स्थानीय लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई और मौके पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर लगभग 16 से 18 वर्ष की आयु के चार युवक, सुमित, लवकुश, रिहान और मोनू ठाकुर, टीवीएस राइडर बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। इसी बीच, सामने से आ रही वैगनआर कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और चारों युवक सड़क पर गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार**

सुनहरा अवसर सुनहरा अवसर सुनहरा अवसर

**भर्ती कैम्प 2025**

झारखण्ड राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों की निजी क्षेत्र के कम्पनियों/प्रतिष्ठानों/संस्थानों में रोजगार के सुनहरे अवसर प्रदान करने हेतु जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार के द्वारा एक दिवसीय **भर्ती कैम्प** का आयोजन दिनांक : **30.08.2025, दिन– शनिवार को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 4:00 बजे अपराह्न** तक जिला खेल स्टेडियम, लातेहार परिसर में आयोजित किया जा रहा है।

इस मेले में कम्पनियों/प्रतिष्ठानों/संस्थानों से विभिन्न पदों हेतु रिक्तियाँ प्राप्त हो रही है। अन्य कम्पनियों/प्रतिष्ठानों/संस्थानों से लगातार सम्पर्क स्थापित की जा रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा विभिन्न पदों हेतु रिक्तियाँ प्राप्त हो, जिससे युवक/युवतियों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार पाने का अवसर प्रदान किया जा सके। इस भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता होगी :–

**1. झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित नियोजन कार्ड।**
**2. शैक्षणिक योग्यता से संबंधित कागजातों की छाया प्रति।**
**3. 2 कॉपी फोटो 4. आधार कार्ड की छाया प्रति 5. स्थानीय निवास प्रमाण पत्र**
**6. जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति 7. बायोडाटा की दो कॉपी**

**इच्छुक उम्मीदवार उपरोक्त दस्तावेजों के बिना भाग नहीं ले सकते हैं। जो अपना निबंधन नियोजनालय में नहीं कराये हैं, वे अपना निबंधन ऑनलाईन विभाग के अधिकृत वेबसाईट https://jharniyojan.jharkhand.gov.in पर स्वयं कर सकते हैं या जिला नियोजन कार्यालय में उपस्थित होकर करा लें, ताकि आयोजित भर्ती कैम्प में भाग ले सकें।**

लातेहार जिला के तमाम युवक/युवतियों से अपील है कि वे इस भर्ती कैम्प में भाग ले एवं अपनी योग्यता/इच्छानुरूप रोजगार पा कर अपने भविश्य को स्वर्णिम बनायें।

नोट : विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

**।। आपके उज्जवल भविष्य के शुभ कामानाओं के साथ ।।**

निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी,लातेहार
**PR 360414 Labour Employment and Traning(25-26).D**


### ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र कर बोले राजनाथ सिंह

# भारतीय सेनाओं ने कायराना हमलों का दिया मुंहतोड़ जवाब

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादियों ने लोगों के नाम और धर्म पूछकर उनकी हत्या कर दी थी, लेकिन हमारे सैनिकों ने आतंकवादियों को धर्म के आधार पर नहीं बल्कि उनके कर्मों के आधार पर मारा। राजस्थान के जोधपुर में बोलते हुए, वह जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्रवाई का जिक्र कर रहे थे, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। राजनाथ ने यह भी कहा कि भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' (सारी दुनिया एक परिवार है) की अवधारणा में विश्वास करता है और जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेना ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया और तय किए गए ठिकानों पर सटीक हमला किया। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी समूहों से जुड़े कई ठिकानों पर हमले किए गए। वह एक रक्षा और खेल अकादमी का उद्घाटन करने और सैनिकों के परिवारों को सम्मानित करने के लिए जोधपुर में थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं जब भी, हमारे किशोरों और युवाओं से मिलता हूँ, और उनकी आँखों में चमक और संकल्प देखता हूँ, उससे मुझे खुद भी नई ऊर्जा मिलती है। यही ऊर्जा, हमारे आने वाले भारत की पहचान है।




**कार्यालय– जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा**
**संयुक्त कृषि भवन, प्रथम तल, पिपराकलां, गढ़वा– 822114**
E-Mail Id- horticulturegarhwa2021@gmail.com

**National Mission on Natural Farming (NMNF) अन्तर्गत BRC के चयन हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना।**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में National Mission on Natural Farming (NMNF) योजना के क्रियानव्यन किया जाना है उक्त योजना के क्रियानव्यन हेतु गढ़वा जिला के 09 संकुलों में 06 बायो इनपुट रिर्सास सेन्टर (BRC) की आवश्यकता है।

प्राकृतिक खेती एक रसायन मुक्त खेती है जिसमें पशुधन एकीकृत प्राकृतिक खेती के तौर तरीके और भारतीय पारम्परिक ज्ञान में निहित विविध फसल प्राणलियां शामिल हैं। इसका उदेदश्य मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करना, अधिक जलवायु लचीलापन के साथ किसान के लिए इनपुट लागत को कम करना तथा सतत कृशि विकास को बढ़ावा देना है।

1.प्राकृतिक खेती को सफलतापूर्वक अपनाने के लिए पशु एवं पौधे आधारित प्राकृतिक जैव–आदान तैयार करने के लिए पशुधन और पौधों का उपलब्धता आवश्यक है। इसलिए National Mission on Natural Farming (NMNF) कलस्टरों में प्राकृतिक जैव–आदान के स्थानीय उत्पादन और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राश्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (NMNF) के तहत राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में इन्टरप्राईजेज मॉडल में बायों अनपुट रिर्सोस सेन्टर (BRC) स्थापित किये जा रहे हैं।

2-BRC एक कलस्टर स्तरीय इन्टरप्राईजेज है यह स्थानीय रूप से तैयार प्राकृतिक जैव –आदान तैयार करेंगे और उन किसानों को आपूर्ति करेगा जो व्यक्तिगत रूप से उनका उत्पादन करने में सक्षम नहीं है। प्राकृतिक जैव–आदानों का उपयोग मिट्टी के स्वास्थ्य को बहाल करने, बीज उपचार करने किटों और बीमारियों को नियंत्रण, पौधें के पोशण आदि बढ़ाने के लिए किया जा सकता है। BRC परिकल्पना स्थानीय किसानों को प्राकृतिक जैव–आदानों के प्रयोग से संबंधित ज्ञान और अनुभव का प्रसार करने के लिए एक केन्द्र के रूप में की गई है। इसका संचालन अभ्यासरत प्राकृतिक किसानों, FPO, SHG, PACS सहकारी समितियॉ एवं स्थानीय उद्यमियों द्वारा किया जा सकता है।

**3-BRC/उद्यमियों का चयन हेतु मानदण्ड।**

- BRC उद्यमी/समूह/इकाई कोई अभ्यासरत प्राकृतिक किसान होने चाहिए या उसके पास ऐसे सदस्य होने चाहिए, जिन्हें प्राकृति खेती का पूर्व से अनुभव हो।
- BRC को अपने खेतों में प्राकृतिक जैव–आदानों का उपयोग करना चाहिए।
- यदि चिन्हित क्षेत्र में प्राकृतिक खेती करने वाला किसान नहीं है तो राज्य प्राकृतिक खेती सेल से ऐसे किसान/उद्यमी का पहचान कर सकता है जो अगामी फसल सिजन से प्राकृतिक खेती शुरू करने और अभ्यास करने हेतु इच्छुक और प्रशिक्षित हो।
- BRC के पास कच्चे सामग्री जैसे–पशुधन, पौधे–आधारित बायोमॉस उपलब्धता होना चाहिए BRC के पास गौमूत्र और गोबर की आपेक्षित मात्रा की आपूर्ति के लिए नजदीकी गौशालाओं के साथ व्यवस्था होनी चाहिए **अधिमानत: उसी ग्राम पंचायत में।**
- BRC के पास प्राकृतिक जैव–आदान तैयार करने और तैयार उत्पादों के भण्डारण के लिए प्रायाप्त स्थान/गोदाम होना चाहिए।

क्रमांक 03 में दिये गये मानदण्डों के अनुसार इच्छुक FPO, SHG, PACS सहकारी समितियॉ एवं स्थानीय उद्यमियॉ से आवेदन की मांग की जाती है। आवेदन पत्र जिला उद्यान कायलिय, गढ़वा से प्राप्त कर पूर्ण दस्तावेज के साथ दिनांक 01.09.2025 तक कार्यालय अवधि मे जमा कर सकते हैं।

**विशेष जानकारी हेतु जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा में सम्पर्क कर सकते है।**

जिला उद्यान पदाधिकारी,
गढ़वा
**PR 360405 (Agriculture)25-26*D**

### दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस सचिन दत्ता ने सीआईसी के आदेश पर रोक लगा दी

# 'पीएम मोदी की बीए की डिग्री सार्वजनिक नहीं होगी'

ब्यूरो



**सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि महज जिज्ञासा को आरटीआई के जरिए सूचना मांगने का आधार नहीं माना जाना चाहिए**

**नई दिल्ली ।** दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस सचिन दत्ता ने सीआईसी का आदेश पलटते हुए फ़ैसला दिया- 'पीएम मोदी की बीए की डिग्री सार्वजनिक नहीं होगी'। हाई कोर्ट के इस फैसले के बाद अब दिल्ली यूनिवर्सिटी को प्रधानमंत्री की डिग्री नहीं दिखानी होगी। जस्टिस सचिन दत्ता ने सोमवार को दिल्ली विवि की याचिका पर सुनवाई की। मालूम हो कि केन्द्रीय सूचना आयुक्त ने एक आरटीआई कार्यकर्ता की याचिका पर दिल्ली विवि को 1978 में बीए की परीक्षा पास करने वाले सभी छात्रों के रिकॉर्ड सार्वजनिक करने का आदेश दिया था।प्रधान मंत्री नरेन्द्र दास मोदी ने भी 1978 में दिल्ली विवि से बीए की परीक्षा पास की थी।

दिल्ली विश्वविद्यालय की तरफ से सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि महज जिज्ञासा को आरटीआई के जरिए सूचना मांगने का आधार नहीं मान सकते हैं।उनका तर्क था कि अदालत को डिग्री दिखाने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन विवि का यह रिकॉर्ड किसी बाहरी व्यक्ति को जांच के लिए नहीं दे सकती । दिल्ली विवि ने सीआईसी के आदेश को 2017 में दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी , जिसमें कहा कि छात्रों की व्यक्तिगत जानकारी "फिड्यूशियरी कैपेसिटी" (भरोसे में रखी गई गोपनीय जानकारी) के तहत आती है, जिसे किसी अजनबी को नहीं दिया जा सकता। दिल्ली विश्वविद्यालय ने यह भी कहा था कि कोर्ट को रिकॉर्ड दिखाने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता।

वहीं, हाईकोर्ट ने सुनवाई की पहली ही तारीख, को सीआईसी के आदेश पर रोक लगा दी थी। गुजरात हाईकोर्ट के जज जस्टिस बीरेन वैष्णव ने 31 मार्च 2023 को मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) के आदेश को रद्द कर इस मामले में आप नेता व दिल्ली के तबके मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया था, जिन्होंने नरेन्द्र दामोदर दास मोदी के डिग्री प्रमाण की डिटेल मांगी थी।

## पीएम मोदी के जापान दौरे से पहले भारत ने की रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने पर चर्चा



टोक्यो (आईएएनएस)

जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज ने सोमवार को जापानी संसद के निचले सदन के अध्यक्ष फुकुशिरो नुकागा से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद जापान स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर लिखा, ''राजदूत सिबी जॉर्ज ने फुकुशिरो नुकागा के साथ भारत और जापान के बीच विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों और मानव संसाधन के आदान-प्रदान में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। इससे पहले राजदूत जॉर्ज ने सुमितोमो मित्सुई ट्रस्ट समूह के समूह अध्यक्ष तोरु ताकाकुरा से मुलाकात की और भारत और जापान के बीच वित्तीय संबंधों को बढ़ाने पर चर्चा की। जापान स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट किया, "राजदूत सिबी जॉर्ज ने टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में सुमितोमो मित्सुई ट्रस्ट समूह के अध्यक्ष तोरु ताकाकुरा का स्वागत किया और भारत-जापान वित्तीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर उपयोगी चर्चा की।

### 12 महीनों में दो बार कैंसर का सामना कर चुकीं एमिली थॉम्पसन

## ये बातें हैं जो डाक्टरी पर्चों में नहीं बताई जातीं

मैं 45 साल की हूँ और कैंसर से जूझ रही हूँ। कुछ हफ़्ते पहले मुझे काम पर इतनी ज़ोर से उल्टी हुई कि मैं पेशाब कर बैठी। यह मेरे लिए एक बड़ा झटका था: मैं 44 साल की थी और इतने सालों में इतनी स्वस्थ नहीं थी। शुरुआत में, मुझे बहुत अच्छा बताया गया था, और शुरुआती झटके के बाद, मैं पहले से कहीं ज़्यादा स्वस्थ हो गई। मैंने तय किया कि मैं सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर, इसका डटकर सामना करूँगा। लेकिन सर्जरी और पैथोलॉजी के बाद, भाषा बदल गई। उन्होंने "उत्कृष्ट" की जगह "अच्छा" शब्द इस्तेमाल करना शुरू कर दिया, और हमें एहसास हुआ कि यह एक संघर्ष से ज़्यादा होने वाला है। मैंने हर संभव जानकारी इकट्ठा की, साथ ही हर उपलब्ध संसाधन का इस्तेमाल किया, और पूरी तैयारी के साथ काम किया। लेकिन किसी ने मुझे उन गड़बड़ियों के बारे में नहीं बताया।कुछ साथी कैंसर से जूझने वालों से बात करने के बाद, मैंने उन सलाहों की एक सूची तैयार की है जो काश मुझे शुरुआत में दी जातीं। आपको कैंसर काउंसिल से ढेर सारी जानकारी दी जाएगी आपको हर वो चीज़ करने की ज़रूरत नहीं है जो सुझाई गई है। इसे अपने तरीके से करना ठीक है। मैंने सब



कुछ सार्वजनिक रूप से साझा करके शुरुआत की और मुझे अद्भुत समर्थन मिला। नौ महीने हो गए हैं और मैं अपने आप में सिमट गई हूँ और इस बारे में किसी से बात नहीं करना चाहती। दोनों ही ठीक हैं। मेरे ऑन्कोलॉजी काउंसलर ने मुझे सलाह दी थी कि जितना हो सके अपने सामान्य शेड्यूल पर ही रहूँ और कैंसर को पहले से ज़्यादा ताकत न दूँ। हाल ही में जब मुझे काम के घंटे कम करने पड़े, तब तक यह ठीक था। हालांकि, मैं कैंसर को ताकत नहीं दे रही हूँ - मैं अपने शरीर को जरूरी आराम दे रही हूँ।इस समय मुझे आराम, पौष्टिक भोजन, धूप और गतिविधि की ज़रूरत है। एक नए शोध से पता चलता है कि व्यायाम कैंसर के इलाज में अहम भूमिका निभाता है, और जहाँ तक हो सके इसे प्रोत्साहित किया जाता है। उल्टी करते समय आपको पेशाब भी आ जाए ख़ास तौर पर कीमोथेरेपी आपके पाचन तंत्र को बिगाड़ देगी और आप जिस भी सार्वजनिक जगह पर होंगे, वहाँ के शौचालयों को तुरंत भूल जाएँगे। आपके बाल झड़ सकते हैं - हर जगह। नाक के बाल झड़ने का मतलब है कि आपकी नाक लगातार बहेगी। बाल झड़ने से आपको बहुत तेज गैस निकलेगी। स्टेरॉयड से आपका वज़न बढ़ता है; दूसरी दवाएँ इसे बहुत तेज़ी से कम कर देंगी।कैंसर दर्द देता है, और उस दर्द का कुछ हिस्सा आर्थिक भी होता है- पर उतना भारी-भरकम बिल नहीं है जितना आप उम्मीद कर रहे होंगे । चिकित्सा लागत तेज़ी से बढ़ती है।आपको एक जानकार मेडिकल टीम ढूंढनी चाहिए जो आपके हित में सोचे, लेकिन आप अपने शरीर को सबसे अच्छी तरह जानते हैं। दूसरी दवा आज़माना और इलाज के विकल्पों पर चर्चा करना ठीक है। आप मुश्किल नहीं हैं। आप समाधान के हकदार हैं।आप दोस्त खोएँगे और अनपेक्षित दोस्त पाएंगे जो लोग आपके साथ रहेंगे, वे आपको ऐसे तरीक़े से सहारा देंगे जिनकी आपको कभी ज़रूरत नहीं होगी, और आप नए दोस्त भी बनाएंगे।- एमिली थॉम्पसन मध्य पश्चिमी न्यू साउथ वेल्स में रहने वाली एक लेखिका हैं।

(द गार्जियन से साभार)

### पाकिस्तान में हर साल 1,000 लड़कियों का अपहरण और जबरन धर्मांतरण

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों की दुर्दशा लगातार दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच रही है। यहां ईसाई और हिंदू लड़कियों के अपहरण और जबरन धर्मांतरण के नए मामले उस स्थिति को उजागर करते हैं, जिसे 'व्यवस्थित संकट' कहा जाता है। मूवमेंट फॉर सॉलिडैरिटी एंड पीस के अनुसार, पाकिस्तान में हर साल लगभग 1,000 ईसाई और हिंदू लड़कियों (उम्र 12 से 25 वर्ष) का अपहरण किया जाता है। आलम ये है कि पुलिस अक्सर कार्रवाई करने से बचती है। जुबली कैंपेन और ओपन डोर्स जैसी मानवाधिकार संस्थाओं ने चेतावनी दी है कि ऐसे मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अकेले 2024 में ही 10 साल तक की उम्र की पीड़िताएं सामने आई हैं। कई पीड़ित आजीवन आघात और सामाजिक कलंक झेलती हैं।

### नरसंहार पर डार के दावों पर अवामी लीग ने यूनुस की आलोचना की

**ढाका (आईएएनएस)।** बांग्लादेश की सत्तारूढ़ पार्टी अवामी लीग ने सोमवार को आरोप लगाया कि मुहम्मद



यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार देश को "पाकिस्तानी सोच" की ओर ले जाने की कोशिश कर रही है। पार्टी ने इस सरकार पर "मुक्ति संग्राम विरोधी" और "राष्ट्र विरोधी" रवैया अपनाने का भी आरोप लगाया है। यह मामला तब सामने आया है जब पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने बांग्लादेश का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अंतरिम सरकार के शीर्ष नेताओं और देश के प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं से मुलाकात की।

### इजरायल ने गाजा पर आक्रमण जारी रखने का लिया संकल्प

**यरूशलम (आईएएनएस)।** इजरायल ने गाजा शहर पर आक्रमण जारी रखने का संकल्प लिया।



वहीं निवासियों ने भारी हवाई और जमीनी हमलों की सूचना दी है। स्थानीय अधिकारियों ने कहा है कि अकाल से मरने वालों की संख्या में वृद्धि जारी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा कि शहर पर हमला जारी रहेगा। इसके बाद से अंतर्राष्ट्रीय चिंता पैदा हुई है और विदेशों के साथ-साथ इजरायल में भी इसकी आलोचना हुई है। उन्होंने कहा, "आईडीएफ (इजरायल रक्षा बल) हमास को हराने, सभी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने और इजरायल द्वारा निर्धारित शर्तों के तहत युद्ध को समाप्त करने के लिए पूरी ताकत से काम कर रहा है और करता रहेगा। शुक्रवार को काट्ज ने कहा कि हमले की योजना को मंजूरी दे दी गई है।

# अब गांव वालों से पोस्ट ऑफिस के मार्फत म्यूचुअल फंड में कराया जाएगा निवेश

### एक लाख पोस्टमैन को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**पोस्ट ऑफिस पर गांव वालों के भरोसे का फायदा उठा उनका पैसा शेयर बाजार व कंपनियों में निवेश किया जाएगा**

● **यह अभी 4 राज्यों में शुरू होगा**

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया ने भारत के डाक विभाग के साथ मिलकर अब गांव वालों से म्यूचुअल फंड्स में पैसा लगवाएगा। डूबेगा तो क्या होगा, इसका कोई इंतजाम स्पष्ट नहीं है। जो भी हो, इसके लिए लगभग एक लाख पोस्टमैन को म्यूचुअल फंड्स वितरक के तौर पर में प्रशिक्षित किया जाए। कहा जा रहा है कि इससे निवेशकों की संख्या को दोगुना करने में मदद





मिलेगी। डाक विभाग व एएमएफआई ने पोस्ट ऑफिस के जरिए म्यूचुअल फंड बेचने का भी समझौता किया है। ताकि गाँव व छोटे जगहों तक भी इस धंधे को फैलाया जा सके। यह समझौता फिलहाल 22 अगस्त 2025 से शुरू होकर 21 अगस्त 2028 तक तीन साल के लिए है। बाद में सरकार व अफ़सर चाहेंगे तो बढ़ाया भी जाएगा। संचार मंत्रालय के अनुसार, इस पहल का मकसद म्यूचुअल फंड को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना है।यानी पोस्ट ऑफिस पर गांव वालों के भरोसे का फ़ायदा उठाना है। इस तरह से गाँव के आम लोगों का पैसा म्यूचुअल फंड के मार्फत कहां लगाना है , वित्त के जानकार अच्छी तरह समझ सकते हैं। एएमएफआई के मुख्य कार्यकारी वेंकट एन चलासानी ने बताया कि उन्होंने चार राज्यों को चुना है। ये राज्य हैं बिहार, आंध्र प्रदेश, ओडिशा व मेघालय। इन राज्यों में कॉलेज के छात्रों को ट्रेनिंग दी जाएगी। एएमएफआई का लक्ष्य है कि पहले साल में इन चार राज्यों में लगभग 20,000 नए म्यूचुअल फंड वितरक तैयार किए जाएं। इसके लिए तर्क दिया जा रहा है कि हर वर्ष लगभग 30,000 नए वितरक म्यूचुअल फंड उद्योग में शामिल होते हैं। लेकिन, शुद्ध रूप से लगभग 10,000 ही टिक पाते हैं। आन लाइन प्लेट फार्म के आने से नए म्यूचुअल फंड निवेशकों की संख्या में वृद्धि हुई है। खासकर सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान(सिप) के माध्यम से निवेश करने वालों की संख्या बढ़ी है। छोटे शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में म्यूचुअल फंड में धन लगवाने के लिए नए वितरक बहुत महत्वपूर्ण हैं।

| | शेयरों | म्यूचुअल फंड्स |
|---|---|---|
| निवेश का स्वरूप | प्रत्यक्ष निवेश | अप्रत्यक्ष निवेश |
| विविधता | एक समय में आप केवल एक विशेष शेयर ही खरीद सकते हैं। | आप एकमुश्त निवेश से विविधीकृत पोर्टफोलियो बना सकते हैं। |
| उद्देश्य | कंपनी की विकास रणनीति का हिस्सा। | एक व्यक्ति के लिए निवेश विकल्प. |
| निवेश पर नियंत्रण | स्टॉक के चयन के लिए आप सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। | शेयरों का पूर्वनिर्धारित पोर्टफोलियो। निवेश पर आपका कोई नियंत्रण नहीं है |
| निश्चित निवेश | स्थिर निवेश का कोई विकल्प नहीं है क्योंकि कीमतें नियमित रूप से उतार-चढ़ाव करती रहती हैं। | आप एक निश्चित मासिक व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) में निवेश कर सकते हैं |
| शुल्क और प्रभार | ब्रोकरेज शुल्क और अन्य लेनदेन शुल्क। | आपको फंड प्रबंधन शुल्क, फ्रंट-एंड लोड/बैक-एंड लोड शुल्क, शीघ्र मोचन शुल्क आदि का भुगतान करना होगा। |
| विकास पथ | त्वरित रिटर्न प्रदान कर सकते हैं | केवल दीर्घावधि में ही अच्छा रिटर्न दे सकता है; आमतौर पर 5 वर्षों के बाद |
| रिटर्न | दीर्घकालिक रिटर्न 14-16% तक हो सकता है | औसत रिटर्न 8% तक |
| निवेशक प्रकार | शेयर बाजारों में विशेषज्ञता रखने वाले लोगों के लिए सबसे उपयुक्त। | कोई भी व्यक्ति म्यूचुअल फंड में निवेश कर सकता है |
| जोखिम आकलन | उच्च बाजार अस्थिरता के अधीन | कम बाजार जोखिम. |

## पाकिस्तान में सोने के खनन के दौरान खरबों का घोटाला

**एनएबी का बड़ा खुलासा**

इस्लामाबाद (आईएएनएस)

पाकिस्तान की भ्रष्टाचार निरोधक निकाय राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में सोने के खनन के दौरान हुई गंभीर अनियमितताओं का खुलासा किया है। एनएबी ने सिंधु और काबुल नदियों के किनारे प्रांत में गोल्ड ब्लॉकों की नीलामी के लिए निर्धारित न्यूनतम मूल्य पर गहरी चिंता जताई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक एनएबी ने कहा है कि इन अनियमितताओं के कारण प्रांत को खरबों डॉलर का नुकसान हो रहा है। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने प्रांतीय सरकार के आधिकारिक दस्तावेज पर प्रकाश डालते हुए खुलासा किया कि पट्टाधारक खुलेआम उप-पट्टे दे रहे हैं और प्रति उत्खननकर्ता प्रति सप्ताह 5,00,000 से 7,00,000 पाकिस्तानी रुपए वसूल रहे हैं। एनएबी का कहना है कि इससे उनकी साप्ताहिक कमाई 75 करोड़ रुपए से एक अरब रुपए के बीच होने का अनुमान है, जबकि प्रांतीय सरकार को इसका केवल एक मामूली हिस्सा मिलता है। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने जियो न्यूज को बताया कि उनकी सरकार ने सोने के ब्लॉकों की नीलामी ऊंची कीमतों पर की। उन्होंने दावा किया कि जहां पहले एक ब्लॉक की नीलामी कीमत 650 मिलियन (65 करोड़) रुपए थी, वहीं उनकी सरकार ने न्यूनतम कीमत बढ़ाकर 1.10 बिलियन कर दी और 10 वर्षों के लिए चार ब्लॉक लगभग 4.6 बिलियन (अरब) में बेच दिए। उन्होंने दावा किया कि पिछले 20 वर्षों में ऐसी कोई नीलामी नहीं हुई, जिससे लोगों को अवैध रूप से सोना निकालने की अनुमति मिली हो।

## खामेनेई ने वाशिंगटन के साथ सीधी बातचीत को किया खारिज

**कहा- ईरान झुकेगा नहीं**

तेहरान (आईएएनएस)

ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने कहा कि अमेरिका इसलिए ईरान का विरोध करता



है क्योंकि वह चाहता है कि ईरान उसकी बात माने। उन्होंने इस मांग को अपमानजनक बताया और कहा कि ईरान कभी झुकेगा नहीं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना के हवाले से बताया कि तेहरान में रविवार को दिए भाषण में खामनेई ने साफ कहा कि अमेरिका से सीधी बातचीत की कोई जरूरत नहीं है। उनके अनुसार 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से अमेरिका की शत्रुता लगातार बनी हुई है। उन्होंने 13 जून को ईरान पर हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका से जुड़े समूह अगले दिन एक यूरोपीय राजधानी में "इस्लामी गणराज्य के बाद" व्यवस्था पर चर्चा करने के लिए मिले थे, यहां तक कि राजशाही का सुझाव भी दिया गया। खामेनेई के अनुसार, ईरानी जनता और संस्थाओं की मजबूती ने इन कोशिशों को नाकाम कर दिया। खामेनेई ने जून में इजरायल और अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए हमलों का भी जिक्र किया। उनका कहना था कि इन हमलों का मकसद ईरान को अस्थिर करना था, लेकिन ईरान ने इसका जवाब दिया। खामेनेई ने घरेलू एकता और राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के लिए समर्थन का आग्रह किया और चेतावनी दी।







# बॉम्बे हाईकोर्ट ने योगी पर बनी फिल्म को दी मंजूरी

### सीबीएफसी को बिना किसी कट के रिलीज करने का दिया निर्देश

कहानी फिल्म जगत की

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर बनी फिल्म अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी को बॉम्बे हाई कोर्ट से रिलीज की परमिशन मिल गई है। कोर्ट ने सोमवार को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन को निर्देश दिया है कि वह फिल्म को बिना किसी कट या बदलाव के रिलीज के लिए पास करे। दरअसल, सीबीएफसी की ओर से सर्टिफिकेट देने से इनकार करने के बाद फिल्म के मेकर्स ने कोर्ट का रुख किया था। ऐसे में कोर्ट ने खुद 21 अगस्त को फिल्म देखी और कहा कि फिल्म में ऐसा कुछ भी नहीं है, जिससे उसे सर्टिफिकेट देने से रोका जाए।





***बुक पर आधारित है फिल्म :*** *बता दें कि यह फिल्म शांतुन गुप्ता की बुक 'द मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टर' से प्रेरित है। जो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म में योगी आदित्यनाथ के बचपन से लेकर मुख्यमंत्री बनने तक के संघर्षों को दिखाया जाएगा। फिल्म में ड्रामा, इमोशन, एक्शन और बलिदान का शानदार मिश्रण होगा। यह बायोपिक दर्शकों को राजनीति, धर्म और समाज के बदलते समीकरणों से भी परिचित कराएगी।*

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महाधिवक्ता की पुस्तक का किया लोकार्पण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने सोमवार को झारखंड विधानसभा में महाधिवक्ता राजीव रंजन द्वारा लिखित पुस्तक बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग देवघर ए टच ऑफ द डिवाइन (दिव्यता का स्पर्श) पुस्तक का विधिवत लोकार्पण किया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महाधिवक्ता राजीव रंजन को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। ज्ञात हो कि इस पुस्तक में बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग की ऐतिहासिकता, प्राचीनता, पौराणिकता, धार्मिक आस्था सहित सांस्कृतिक तथा वैधानिक तत्वों पर विशद चर्चा की गई है। पुस्तक के लोकार्पण के अवसर पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, महाधिवक्ता राजीव रंजन, सचिव अरवा राजकमल, मुख्यमंत्री के वरीय आप्त सचिव सुनील श्रीवास्तव, अपर महाधिवक्ता अच्युत केशव, राजकीय अधिवक्ता मनोज कुमार उपस्थित थे।



## जीएसआई के नव-पुनर्निर्मित परिसर का उद्घाटन केंद्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री करेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई), जो भारत की खनिज अन्वेषण एवं भूवैज्ञानिक अनुसंधान की अग्रणी संस्था है जो कुजू स्थित फील्ड प्रशिक्षण केंद्र के नव-पुनर्निर्मित परिसर का उद्घाटन होने जा रहा है। केंद्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्रा दुबे परिसर का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में जीएसआई के महानिदेशक असित साहा एवं वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक, मीडिया प्रतिनिधि, प्रशिक्षु भूवैज्ञानिकों एवं अन्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। क्षेत्र प्रशिक्षण केंद्र ,कुजू , जीएसआई की प्रशिक्षण संरचना का एक महत्वपूर्ण अंग है, जो विशेष रूप से कोयला अन्वेषण, तलछटी भूविज्ञान, अनुक्रम स्तरी करण तथा संसाधन मूल्यांकन जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करता है। हाल ही में इस केंद्र को आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक नव परिवर्तित रूप दिया गया है, जिसमें सुसज्जित व्याख्यान कक्ष, सम्मेलन हॉल, आवासीय परिसर, तथा पर्यावरण-अनुकूल अवसंरचना शामिल हैं। यह केंद्र न केवल जीएसआई के नव नियुक्त भूवैज्ञानिकों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करता है, बल्कि देश-विदेश से आने वाले शोधार्थियों एवं उद्योग विशेषज्ञों के लिए भी अध्ययन एवं अनुभव का एक उत्कृष्ट मंच है। इस उद्घाटन समारोह का उद्देश्य न केवल इस नवपरिवर्तित केंद्र को राष्ट्र को समर्पित करना है, बल्कि देश की खनिज आत्मनिर्भरता की दिशा में जीएसआई की प्रतिबद्धता को दोहराना भी है।

## श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में मनी श्रीकृष्ण की छठी व नंदोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित झारखंड के सबसे बड़े श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में नंदोत्सव एवं भगवान की छठी महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया गया। यह दिव्य भव्य आयोजन भजन जागरण, संगीतमय नृत्य- नाटिका, आलौकिक श्रृंगार एवं महाप्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं के लिए एक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव लेकर आया। महोत्सव की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण के अलौकिक श्रृंगार दर्शन से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने बाल गोपाल के छठी पूजन के विशेष दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कोलकाता से पधारे कलाकारों ने संगीतमय नृत्य-नाटिका के माध्यम से- सांवरिया झंझट बड़े अपार,काला कृष्णा गोरा कृष्ण की लीला,नरसिंह अवतार की लीला, नंद उत्सव, महारास एवं जीवन प्रसंगों को अत्यंत भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया। भगवान श्रीकृष्ण के नंदोत्सव को दर्शाते हुए नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की भजन पर जब कलाकारों ने नृत्य किया, तो सम्पूर्ण वातावरण कृष्णमय हो गया। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, मनोज चौधरी, निर्मल जालान, सज्जन पाड़िया, संजय सर्राफ, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, मधुसूदन जाजोदिया, विशाल जालान,नवल अग्रवाल, मनीष जालान, नंदकिशोर चौधरी,विष्णु सोनी, मनीष सोनी, पवन पोद्दार, सुनील पोद्दार, ज्ञानचंद शर्मा, विद्या देवी अग्रवाल, संतोष देवी अग्रवाल, शोभा जालान, सुनीता अग्रवाल, के अलावे बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

### स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने यूनिसेफ की सराहना करते हुए कहा

# किशोरों में मानसिक परिवर्तन को लेकर सावधान रहने की जरूरत

- **कार्यशाला का उद्देश्य किशोरों में बढ़ रही मानसिक बीमारी पर लगाम लगाने के लिए पॉलिसी बनाने का आग्रह करना था**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में किशोरों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं एक बड़ी चुनौती बनती जा रही हैं। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में 11% किशोर मानसिक रोग से ग्रसित हैं। इस समस्या का मुख्य कारण मादक द्रव्यों का सेवन और मनोविकृति है।

यूनिसेफ ने झारखंड विधानसभा परिसर में एक कार्यशाला आयोजित की, जिसमें सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं ने भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य किशोरों में बढ़ रही मानसिक बीमारी पर लगाम लगाने के लिए पॉलिसी बनाने का आग्रह करना था।




**किशोरों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं**

किशोरावस्था में मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं एक आम बात है, लेकिन इसका समाधान संभव है। किशोरों को अक्सर शैक्षणिक तनाव, सामाजिक-आर्थिक कठिनाइयों, हिंसा और स्कूलों एवं समुदायों में मनो-सामाजिक समर्थन की कमी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। मानसिक स्वास्थ्य के आसपास फैली व्यापक भ्रांतियां इन चुनौतियों को और गहरा कर देती हैं।

**समाधान की दिशा में कदम**

यूनिसेफ की प्रमुख कनीनिका मित्रा ने कहा कि किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम आवश्यक है। इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाने और सरकार का सहयोग करना आवश्यक है। सरकार और यूनिसेफ के संयुक्त प्रयास से किशोरों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान संभव है।

स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने यूनिसेफ की सराहना करते हुए कहा कि किशोरों में मानसिक परिवर्तन को लेकर बहुत ही सावधान रहने की जरूरत है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि सरकार यूनिसेफ को हरसंभव मदद देगी और 40 हजार सहिया बहनों की सहायता भी प्रदान करेगी।

## विस्थापन और पुनर्वास आयोग का शीघ्र होगा गठन, बन रही नियमावली

- **विधायक रोशन लाल चौधरी के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर आया सरकार का वक्तव्य**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भू-अर्जन से विस्थापित व्यक्ति/ कुटुंब/ समुदाय के सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण हेतु 25 जुलाई 24 को मंत्री परिषद की बैठक में झारखंड राज्य विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग के गठन निर्णय लिया गया है। आयोग के सुचारू रूप से संचालन हेतु झारखंड राज्य विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग के (गठन कार्य एवं दायित्व) नियमावली 2025 का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। नियमावली प्रारूप सक्षम स्तर से अनुमोदन हेतु प्रक्रियाधीन है। राज्यसरकारने विधायक रोशन लाल चौधरी के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर यह वकतव्य दिया है। उन्होंने आज झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में ध्यानाकर्षण के माध्यम से राज्य सरकार से विस्थापन पुनर्वास, पुनर्व्यवस्थापन आयोग का गठन करने कीमांग का प्रस्ताव लाया। उन्होंने सदन में अपने प्रस्ताव में कहा कि राज्य में भू- अर्जन व विस्थापन अधिनियमों में भू- अर्जन, विस्थापन, पुनर्वास मुआवजा भुगतान की नीति अलग-अलग रहने के कारण राज्य के मूल निवासी आदिवासियों के विस्थापन के बाद उचित पुनर्वास, फिरसे बसाने, मुआवजा भुगतान भी अलग-अलग होता है। उन्होंने कहा कि 2024 के जुलाई में राज्य कैबिनेट की हुई बैठक में 90 दिन में विस्थापन आयोग का गठन करने के निर्णय लिया गया, बावजूद अब तक विस्थापन आयोग का गठन नहीं हो पाया है। जिसके कारण विस्थापन के पश्चात एक दो पीढ़ी के बाद विस्थापितों के परिवार को स्थिति दयनीय हो जा रही है। विस्थापितों के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए विस्थापन, पुनर्वास, पुनर्व्यवस्थापन नीति को समरूप करते हुए विस्थापन, पुनर्वास, पुनर्व्यवस्थापन आयोग का गठन करने का निर्णय लिया गया है। परंतु एक वर्ष से अधिक बीत जाने के बाद अब तक आयोग नहीं हो पाया है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले बजट सत्र में जब इस मामले को हमने उठाया था तो सरकार ने 90 दिनों के भीतर आयोग के गठन करने की बात भी कही थी। अब डेढ़ सौ दिन से ज्यादा हो रहा है।

# राहुल गांधी की मेहनत और संघर्ष देश में लाएगा बदलाव : डॉ इरफान

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** वोट अधिकार यात्रा के दौरान झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बिहार के पूर्णिया में कांग्रेस आलाकमान राहुल गांधी से भेंट की। इस मुलाकात के दौरान डॉ. अंसारी ने अपने विभागों की विस्तृत रिपोर्ट और कार्यों की जानकारी राहुल गांधी को सौंपा। वहीं कहा कि आपके मार्गदर्शन और प्रेरणा से मैं विभागीय जिम्मेदारियों को पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ निभा रहा हूं। परिणामस्वरूप आज झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था सहित अन्य विभागों में व्यापक सुधार हो रहे हैं और जनता तथा पार्टी-सरकार दोनों की वाहवाही मिल रही है। डॉ. अंसारी ने कहा कि राहुल गांधी का संघर्ष, समर्पण और जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता किसी मिसाल से कम नहीं। वे दिन-रात बिना थके-हारे आम जनता के बीच जाकर उनके सुख-दुख को साझा करते हैं। यह कार्य कोई साधारण इंसान नहीं कर सकता। राहुल गांधी जहां भी जाते हैं, वहां अपार जनसैलाब उमड़ पड़ता है। लोगों की आंखों में सिर्फ एक उम्मीद है – राहुल गांधी जी। उनसे हर पल सीखने को मिलता है। मैं मानता हूँ कि अगर मैं उनके जैसा एक प्रतिशत भी बन पाऊं तो यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य होगा।" उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी की लोकप्रियता और जनता का अपार समर्थन देख भाजपा की नींद उड़ चुकी है। उनकी बेचैनी साफ दिखाई दे रही है। देश में परिवर्तन की आंधी चल पड़ी है और राहुल गांधी जी की मेहनत व संघर्ष कभी बेकार नहीं जाएगा। इस देश में बदलाव निश्चित है।

## अवैध होर्डिंग्स पर चला बुलडोजर, सदर अस्पताल के पास पांच हटाए गए

**रांची।** शहर में अवैध तरीके से लगाए जा रहे होर्डिंग्स के खिलाफ रांची नगर निगम ने आज बड़ी कार्रवाई की। निगम की बाजार शाखा की टीम सुबह से ही पुरुलिया रोड इलाके में निकली और वहां अवैध होर्डिंग्स की जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम को सदर अस्पताल के पास कई अवैध होर्डिंग्स लगे मिले। निगम कर्मचारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 5 बड़े होर्डिंग्स को काटकर पूरी तरह हटा दिया। कार्रवाई के वक्त मौके पर नगर प्रबंधक और बाजार शाखा की टीम मौजूद रही। निगम अधिकारियों का कहना है कि ये होर्डिंग्स बिना अनुमति के लगाए गए थे। ऐसे होर्डिंग्स न सिर्फ शहर की सुंदरता बिगाड़ते हैं, बल्कि कई बार ट्रैफिक बाधित करने और हादसों का कारण भी बन जाते हैं। रांची नगर निगम ने साफ कहा है कि आने वाले दिनों में यह अभियान और तेज होगा।

## चोरों ने 24 घंटे में ही बदल डाला टेम्पो का रंग, 3 चोर गिरफ्तार

**रांची।** रात्री अल्कापुरी रोड न- 05, थाना सुखदेवनगर जिला राँची के पास घर के बाहर लगे एक हरे रंग की पियागो टेम्पो जिसका रजि० नं0 JH01BU1764 किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ली गयी थी। घटना के घटित होने से वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची के संज्ञान लिये जाने तथा पुलिस अधीक्षक, नगर रांची के नेतृत्व में अविलब कांड का उद्यभेदन करने का दिशा निर्देश दिया गया। तत्काल घटना की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात अपराधकर्मियों के विरुद्ध तकनिकी साक्ष्य एकत्रित करते हुए कांड को उद्दभेदित किया गया है। छापामारी दल का नेतृत्व पदाधिकारी पुलिस कृष्णा कुमार साहू, पु०नि० सह थाना प्रभारी, सुखदेवनगर थाना, राँची के नेतृत्व में किया गया जिसमें कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त 1. निरंजन कुमार साव, उम्र करीब 30 वर्ष, पिता श्रीकांत साय, पता संगड़ीगढ़ा ब्लॉक नं०-12, मकान नं0-12, स्थायी पता पिस्का मोड, शारदा बैटरी गली, शांति नगर थाना सुखदेवनगर जिला रांची 2. अनिल कुमार उर्फ बाला, उम्र करीब 20 वर्ष, पिता महेन्द्र राम, पता खलारी करकटा, महाबीर चौक, विश्रामपुर थाना खलारी, जिला रांची बर्तमान पता बोडेयाँ, चिरौदी, सरना टोली, थाना बरियातु जिला रांची 3. रिषु गिरी उर्फ बीशु गिरी, उम्र करीब 24 वर्ष, पिता राजु गिरी, पता रघुनाथ परसोनी, थाना खेम्पा, जिला देवरिया (उ० प्र०) वर्तमान पता सुबोध सिंह के मकान मे किरायेदार, बोडैयां, चिरौदी, थाना बरियातु जिला रॉची को विधिवत गिरफ्तार कर उनके निशानदेही पर कांड में चोरी गयी उपरोक्त हरे रंग की टैम्पु (जिसका रंग बदल कर काला कर दिया गया है) को कांड उद्दभेदित होने के 24 घंटों के अंदर उद्दभेदित करते हुए खुंटी जिला से बरामद कर विधिवत जारी सूची बनाकर जप्त किया गया है।

**बरामद समानो की सूची**

कांड में चोरी गयी एक पियागो टैम्पु,ऑटो चलाने का परमीट का छायाप्रति, कुल-4,550/- रुपया।

## न्यूज बॉक्स

### संविधान में प्रस्तावित 130वां संशोधन समय की मांग : धर्मेंद्र तिवारी



**रांची।** संविधान में प्रस्तावित 130वां संशोधन को लेकर जहां विपक्षी दल विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं झारखंड प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड) ने इसे समय की मांग बताया है। प्रदेश के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि विपक्ष केवल जनता को गुमराह कर रहा है और केंद्र सरकार पर जनविरोधी नीतियों का आरोप लगाते हुए स्वयं को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के विचारों का संरक्षक बताने की कोशिश कर रहा है, जबकि हकीकत यह है कि अधिकांश भ्रष्ट नेता सिर्फ अपने और अपने परिवार को बचाने की जुगत में लगे हैं। श्री तिवारी ने कहा कि आज राजनीति का दुर्भाग्य यह है कि लगभग 90 प्रतिशत नेता भ्रष्टाचार की जकड़न में हैं। वे किसी भी तरह ऐसा कानून नहीं चाहते जिसमें वे खुद फंस जाएं। भ्रष्टाचार को ये लोग अपना अधिकार समझ चुके हैं। यही कारण है कि 80 प्रतिशत से अधिक पूर्व और वर्तमान मुख्यमंत्री जांच के घेरे में होने के बावजूद सत्ता का आनंद उठा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष इस संशोधन का विरोध केवल इसलिए कर रहा है ताकि भविष्य में होने वाली जांच से बच सके और जेल जाने की नौबत न आए। नेताओं का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे जेल में रहकर भी सरकार चलाना अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानते हैं और इस्तीफा देने से इनकार करते हैं। जनता दल (यूनाइटेड) का स्पष्ट मत है कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत की दिशा में इस संशोधन का पारित होना अत्यंत आवश्यक है। देश की जनता पारदर्शी और जवाबदेह राजनीति चाहती है, न कि भ्रष्टाचार को संरक्षण देने वाली व्यवस्था।

### हिंदपीढ़ी में युवक की गोली मारकर हत्या में शामिल आरोपी ने किया सरेंडर



**रांची।** हिंदपीढ़ी में साहिल नाम के युवक की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी अमन राजा ने सोमवार को सरेंडर कर दिया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम लगातार अमन राजा की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। इसी दबिश से परेशान होकर अरमान ने सोमवार को रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया। उल्लेखनीय है कि इस मामले में रांची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पूर्व पार्षद असलम को जेल से निकलते ही गिरफ्तार कर फिर से जेल भेज दिया था। उल्लेखनीय है कि बीते दस अगस्त को हिंदपीढ़ी में साहिल की गोली मारकर हत्या करने के बाद इलाके में तनाव व्याप्त हो गया था। हिंदीपीढ़ी ग्वाला टोली में उपद्रव की स्थिति बन गयी थी। कुछ उपद्रवियों ने अरमान के घर में घुसकर तोड़फोड़ की। आगजनी भी की। अमन सोसाइटी सामुदायिक हॉल में भी उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की और कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। बुलेट मोटरसाइकिल में आग लगा दी। सैकड़ों कुर्सियों और शीशे को तोड़ डाला था। मृतक के परिजनों ने पूर्व पार्षद के भाई पर हत्या में शामिल होने का शक जताया है। साहिल की हत्या करने के बाद से अरमान फरार हो गया था।

### चैंबर ने ईस्टर्न टेक संगोष्ठी 2025 को राज्य के उद्योगों के लिए बड़ा अवसर बताया



**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की उद्योग उप समिति की बैठक सोमवार को चैंबर भवन में आयोजित हुई। बैठक में मंगलवार को दीपाटोली कैंट स्थित केरकेट्टा ऑडिटोरियम में भारतीय सेना की पूर्वी कमान, एसआईडीएम और सीआईआई द्वारा आयोजित ईस्टर्न टेक संगोष्ठी 2025 को राज्य के उद्योगों के लिए बड़ा अवसर बताया गया। सदस्यों ने कहा कि यह भारतीय सेना और उद्योग जगत के बीच साझेदारी के नए अध्याय की शुरुआत है। बैठक में एसआईडीएम के अधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दी कि किस प्रकार राज्य की स्थानीय उद्योग इकाइयों को रक्षा क्षेत्र से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के डिफेंस उपक्रमों से झारखंड की एमएसएमई इकाइयां किस प्रकार जुड़कर लाभान्वित हो सकती हैं।

## पृष्ठ एक के शेष

**हर घर तक पहुंचेगा पोषण व सशक्तिकरण...**

इस योजना ने बेटियों को शिक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाने का माहौल तैयार किया है। आज हर स्तर पर बेटियों के लिए अवसर बढ़ रहे हैं और नए आयाम जुड़ रहे हैं।

**सवाल :** ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार क्या कर रही है?

**जवाब :** ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। हमारा लक्ष्य 3 करोड़ 'लखपति दीदी' तैयार करना है। स्टैंड-अप योजना और अन्य वित्तीय योजनाओं के जरिए भी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर काम किया जा रहा है।

**सवाल :** महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए किन योजनाओं का विस्तार किया जा रहा है?

**जवाब :** गांव से लेकर शहर तक महिलाओं को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने की पहल की गई है। वस्त्र उद्योग से लेकर छोटे-छोटे उद्यमों तक महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। इससे महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सक्षम हो रही हैं, बल्कि उद्यमिता की दिशा में भी आगे बढ़ रही हैं।

**सवाल :** साइबर अपराध और महिलाओं पर ऑनलाइन हिंसा रोकने के लिए मंत्रालय की क्या रणनीति है?

**जवाब :** इसके लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। साइबर सुरक्षा के प्रति महिलाओं और युवतियों को जागरूक करना हमारी प्राथमिकता है।

**सवाल :** योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकारों की भूमिका को आप कैसे देखती हैं?

**जवाब :** केंद्र की योजनाओं को राज्य सरकारें यदि सही तरह से मॉनिटर करें तो उसका लाभ हर घर तक पहुँचेगा। नई योजनाएँ शुरू करना जितना आवश्यक है, उतना ही जरूरी पहले से चल रही योजनाओं को सही ढंग से लागू करना भी है। इससे जनहित का वास्तविक लाभ जनता तक पहुँच सकेगा।

इस अवसर पर पलामू भाजपा के जिला अध्यक्ष अमित कुमार तिवारी व पूर्व सांसद मनोज भुईयां मौजूद रहे।

**झारखंड को बारिश से नहीं...**

गोड्डा, पाकुड़ और दुमका) भागों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है. इतना ही नहीं, कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ वर्षा और वज्रपात होने की भी संभावना है. इस दौरान हवा की अधिकतम गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है.

**30, 31 अगस्त के लिए येलो अलर्ट :** 30 और 31 अगस्त के लिए भी मौसम विभाग का येलो अलर्ट जारी हुआ है. इसमें कहा है कि राज्य के पूर्वी और उससे सटे मध्य भागों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होगी. इस दौरान अगले चार दिन में अधिकतम तापमान में 3-4 डिग्री की वृद्धि होने का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है।

**25 घंटे में झारखंड में हुई 6.1 मिलीमीटर वर्षा :** पिछले 24 घंटे की बात करें, तो झारखंड में सामान्य वर्षा 6.9 मिलीमीटर की बजाय 6.1 मिलीमीटर बारिश हुई. यह सामान्य से 12 फीसदी कम वर्षा है. इस दौरान चितरपुर में 38.4 मिलीमीटर सबसे अधिक वर्षा हुई. सबसे अधिक उच्चतम तापमान गोड्डा जिले में 35 डिग्री सेंटीग्रेड और सबसे कम न्यूनतम तापमान लातेहार में 20.6 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया. इस दौरान खूंटी में 20 मिलीमीटर वर्षा हुई।

**रांची में 29 अगस्त तक होगी बारिश, वज्रपात की भी आशंका :** अब बात राजधानी रांची के मौसम की. 26, 27, 28 और 29 अगस्त को रांची में आसमान में बादल छाये रहेंगे. 26 अगस्त को एक-दो बार हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होगी. 27 और 28 अगस्त को गर्जन अथवा वर्षा हो सकती है. 29 अगस्त को एक या दो बार हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है. इस दौरान अधिकतम तापमान 28 से 30 डिग्री के बीच और न्यूनतम तापमान 22 से 23 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।

**कैमरून में फंसे बोकारो-हजारीबाग...**

सरकार के विदेश मंत्रालय को पूरे मामले से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई का आग्रह किया था। मंत्रालय ने अफ्रीकी देश में स्थित दूतावास की मदद से मजदूरों की बकाया मजदूरी का भुगतान और उनकी स्वदेश वापसी सुनिश्चित कराई है। सोमवार को घर लौटे मजदूरों में बोकारो के प्रेम टुडू, सिबोन टुडू, सोमर बेसरा, पुराण टुडू, रामजी हांसदा, विरवा हांसदा एवं महेन्द्र हांसदा और हजारीबाग के आघनू सोरेन, अशोक सोरेन, चेतलाल सोरेन, महेश मरांडी, रामजी मरांडी, लालचंद मुर्मू, फूलचंद मुर्मू, बुधन मुर्मू, जिबलाल मांझी, छोटन बासके और राजेंद्र किस्कू शामिल हैं। दो मजदूर हजारीबाग के फूलचंद मुर्मू और बोकारो के बबलू सोरेन 26 अगस्त को लौटेंगे। विदेशों में मजदूरों के फंसने का यह कोई पहला मामला नहीं है। पहले भी कई बार अधिक वेतन के लालच में मजदूर विदेश जाकर मुश्किल हालात में फंस चुके हैं, जिनकी वापसी के लिए लंबी प्रक्रिया अपनानी पड़ी थी।

**सूर्या हांसदा एनकाउंटर की सीबीआई...**

दोपहर 12.30 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई, लेकिन यह कार्यवाही भी 15 मिनट ही चल सकी। सदन के भीतर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। वे अपनी जगह छोड़ कर चेयर के सामने आ गए। वहीं पक्ष भी वेल तक आ गया। विपक्ष जहां सूर्या हांसदा एनकाउंटर पर हंगामा करता रहा। वहीं पक्ष ने संविधान बदलने को लेकर विपक्ष को आड़े हाथों लिया। काफी शोर शराबे के बीच वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने एजी की रिपोर्ट पेश की। इसके बाद सदन की कार्यवाही को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। पुनः कार्यवाही शुरू होने पर सदन के दूसरे सत्र में बजट के कटौती प्रस्ताव पर गढ़वा विधायक एसएन तिवारी ने अपनी बात रखी। जहां उन्होंने शुरुआत दिशोम गुरु शिबू सोरेन का उदाहरण देते हुए सूर्या हांसदा एनकाउंटर के मामले को उठाया। कहा कि वे जीवन भर आदिवासियों के बारे चिंता करते रहे। इधर गोड्डा में आदिवासी का एनकाउंटर हुआ है। इस पर संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा सदन में शिबू सोरेन की तुलना सूर्या हांसदा से करना सही नहीं है। वह आपराधिक छवि का व्यक्ति था। इस तुलना को स्पंज किया जाए। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वह राजनीति व्यक्ति थे। इस लिहाज से देखें तो गुरुजी शिबू सोरेन पर भी कई आरोप लगे थे।

मैं बस इतना आग्रह करता हूं कि सूर्या हांसदा एनकाउंटर की सीबीआई जांच के आदेश दे दिए जाएं। इस पर लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि भाजपा आदिवासी कार्ड खेलना चाह रही है। अपराधी किसी समुदाय का नहीं होता है। हेमलाल ने कहा कि सूर्या अंडरग्राउंड भी रहे हैं। अपनी बात रखते हुए रिम्स 2 की जमीन और जमीन रजिस्ट्री के मामले को भी उठाया।

इस दौरान बीजेपी विधायक वेल तक आकर हंगामा करते रहे। बढ़ते हंगामे को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को 3.30 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। इसके बाद सदन की पुनः कार्यवाही शुरू होने पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा-भाजपा एजेंसियों की मदद से पूरे देश में राज करना चाहती है। 130वां संशोधन लाकर पूरे संविधान को सप्ताह करना चाहती है। भाजपा के कई विधायक और सांसद दागी है, पहले वो इस्तीफा देने को तैयार हो जाए। हमलोग समर्थन करेंगे। भाजपा बिहार में भी यही करना चाह रही है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विपक्ष को कहा कि केंद्र में आपकी सरकार है। आप खुद ही सीबीआई जांच करवा लीजिए। बीजेपी सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले पर राजनीतिक ड्रामा कर रही है। बीजेपी ने सदन से वॉकआउट कर दिया। वहीं, चालू वित्तिय वर्ष के लिए 4296 करोड़ रुपए का पहला अनुपूरक बजट सदन से पारित हुआ। इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इधर, सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही सदन की सीढ़ियों पर भाजपा ने प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रिम्स 2 और सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार मामले को छिपा रही है। उन्होंने सूर्या हांसदा एनकाउंटर की सीबीआई जांच की मांग की।

**अनुबंध समाप्त होने से विधि-व्यवस्था व यातायात व्यवस्था...**

इस तरह पलामू प्रमंडल में कार्यरत 552 सहायक पुलिसकर्मी अनुबंध सेवा अवधि के समाप्त हो जाने से भविष्य को लेकर असमंजस में हैं। पलामू प्रमंडल में तीन जिलों पलामू, गढ़वा और लातेहार में सहायक पुलिसकर्मी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें पलामू जिले में 155, लातेहार जिले में 238 और गढ़वा जिले में 159 सहायक पुलिसकर्मी तैनात हैं। एसोसिएशन ने कहा है कि ये सभी पुलिसकर्मी थाना और विभिन्न प्रतिष्ठानों में अब तक संतोषजनक कार्य कर रहे हैं। झारखंड सहायक पुलिस प्रदेश एसोसिएशन ने अपनी आठ सूत्री मांगों के साथ यह आग्रह किया है कि सहायक पुलिसकर्मियों की सेवा अवधि बढ़ाई जाए। एसोसिएशन का कहना है कि यदि इनकी अनुबंध सेवा अवधि का विस्तार नहीं किया गया तो पलामू प्रमंडल में विधि-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। डीआईजी नौशाद आलम ने एसोसिएशन का पत्र संज्ञान में लेते हुए पुलिस उप-महानिरीक्षक (कार्मिक), झारखंड, रांची को अग्रसारित कर दिया है। इसमें यह स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि सहायक पुलिसकर्मियों का कार्य संतोषजनक रहा है और इनकी सेवा अवधि समाप्त होने पर कानून-व्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। ऐसे में अनुबंध सेवा अवधि विस्तार पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। सूत्रों के अनुसार, इस मुद्दे पर गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड जल्द ही निर्णय ले सकता है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व राज्य सरकार ने विशेष परिस्थितियों में अनुबंध सेवा अवधि को सात वर्ष से बढ़ाकर आठ वर्ष तक किए जाने का निर्णय लिया था। अब देखना होगा कि पलामू प्रमंडल के इन 552 सहायक पुलिसकर्मियों को सेवा विस्तार का लाभ मिलता है या नहीं।

## यूएस ओपन

# शानदार जीत के साथ दूसरे दौर में पेगुला पाओलिनी और अजारेंका



**न्यूयॉर्क (आईएएनएस)।** चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने मिस्र की मेयर शेरिफ को 6-0, 6-4 से शिकस्त देकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। यह मुकाबला एक घंटे 15 मिनट तक चला। अब जेसिका पेगुला का सामना एन्ना ब्लिंकोवा से होगा, जिन्होंने पहले दौर के एक अन्य मुकाबले में यूलिया स्टारोडुबत्सेवा को 6-3, 6-1 से हराया। ऐश स्टेडियम में जेसिका पेगुला और मेयर शेरिफ के बीच खेले गए इस मुकाबले में पेगुला ने शानदार शुरुआत की। उन्होंने पहला सेट 6-0 से अपने नाम किया। दूसरे सेट में, शेरिफ ने अपनी लय पकड़ी और अमेरिकी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर 4-1 की बढ़त बना ली। हालांकि, पेगुला ने अपनी लय वापस पाते हुए जीत दर्ज की। इस बीच, सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मिन पाओलिनी ने क्वालीफायर डेस्टेनी ऐवा को 6-2, 7-6(4) से हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। पहला सेट 6-2 से जीतने के बाद, पाओलिनी को दूसरे सेट में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को हराने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी सर्विस बचाकर सेट को टाईब्रेकर में पहुंचाया।

# विमेंस वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की कमान संभालेंगी फातिमा सना

**लाहौर (आईएएनएस)।** विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के लिए सोमवार को पाकिस्तान की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान हो गया। पाकिस्तानी टीम की कमान फातिमा सना को सौंपी गई, जबकि मुनीबा अली सिद्दीकी उप-कप्तान हैं।



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बताया कि यही टीम 16-22 सितंबर तक लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन वनडे मुकाबलों की सीरीज में हिस्सा लेगी। बोर्ड की ओर से जारी प्रेस रिलीज में कहा गया, "ये 15 खिलाड़ी पांच रिजर्व खिलाड़ियों के साथ 29 अगस्त से शुरू होने वाले 14-दिवसीय प्री-साउथ अफ्रीका सीरीज कैंप में हिस्सा लेंगी। मोहम्मद वसीम के नेतृत्व वाले कोचिंग स्टाफ के खिलाड़ी अभ्यास सत्रों के साथ-साथ 50 ओवर के अभ्यास मैचों में भी हिस्सा लेंगी। दाएं हाथ की बल्लेबाज एयमान फातिमा को इस टीम में मौका दिया गया है, जिन्होंने हाल ही में आयरलैंड के खिलाफ टी20 क्रिकेट में डेब्यू किया था।

## ड्रीम-11 ने टीम इंडिया की स्पॉन्सरशिप छोड़ी, 358 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट तोड़ा

# बीसीसीआई बोला- अब किसी ऑनलाइन गेमिंग कंपनी के साथ कभी नहीं जुड़ेंगे

**एजेंसी । मुंबई**

एशिया कप 2025 से पहले ड्रीम-11 ने भारतीय क्रिकेट टीम के लीड स्पॉन्सर से हटने का फैसला किया है। बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने सोमवार (25 अगस्त) को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा- ऑनलाइन गेमिंग को नियंत्रित करने वाला बिल पास हो गया है। लिहाजा बीसीसीआई और ड्रीम-11 अब साथ नहीं रहेंगे। बीसीसीआई भविष्य में ऐसी किसी भी (ऑनलाइन गेमिंग) कंपनी के साथ नहीं जुड़ेगा। बिल में ड्रीम-11 जैसे रियल-मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म्स को बैन किया गया है। ड्रीम-11 ने 2023 में बीसीसीआई के साथ 358 करोड़ रुपए में तीन साल का स्पॉन्सरशिप कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था।

**स्पेशल क्लॉज के कारण डील तोड़ने पर भी जुर्माना नहीं लगेगा :** ड्रीम 11 को बीसीसीआई के साथ अपने स्पॉन्सरशिप करार को समय से पहले खत्म करने के लिए जुर्माना नहीं देना होगा। इसका कारण यह है कि करार में एक स्पेशल क्लॉज शामिल है। ये कहता है कि यदि सरकार का कोई कानून स्पॉन्सर के मुख्य बिजनेस को प्रभावित करता है, तो उन्हें कोई जुर्माना नहीं देना पड़ेगा। सरकार के नए कानून ने रियल-मनी गेमिंग पर प्रतिबंध लगा दिया है, जो ड्रीम11 के कोर बिजनेस को प्रभावित करता है। इस वजह से ड्रीम 11 स्पॉन्सरशिप कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर सकता है।




### 2026 में खत्म होना था कॉन्ट्रैक्ट

**तीन बड़ी बातें**

- ड्रीम 11 इस डील के तहत बीसीसीआई को हर घरेलू मैच के लिए 3 करोड़ रुपए देता था।
- विदेशों में खेले गए हर मैच के लिए बीसीसीआई को 1 करोड़ रुपए मिलते थे।
- कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने के बाद बीसीसीआई अब नए स्पॉन्सर के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करेगा।

### टाटा-रिलायंस जैसी कंपनी बन सकती है **नई स्पॉन्सर**

टाटा ग्रुप, रिलायंस और अडाणी ग्रुप जैसी पुरानी कंपनियां मजबूत दावेदार के रूप में उभर रही हैं। टाटा पहले से ही आईपीएल का ऑफिशियल स्पॉन्सर है। रिलायंस जियो स्पोर्ट्स स्पॉन्सरशिप और प्रसारण अधिकारों में शामिल है। अडाणी ग्रुप ने भी स्पोर्ट वेंचर्स में निवेश किया है।

### ड्रीम 11 की 67% कमाई रियल मनी सेगमेंट से होती थी

ड्रीम 11 का रियल मनी गेमिंग सेगमेंट कंपनी की कुल कमाई का 67% हिस्सा है। यानी, कंपनी की ज्यादातर कमाई फैंटेसी क्रिकेट जैसे गेम्स से आती थी। यहां यूजर्स पैसे लगाकर अपनी टीमें बनाते थे और जीतने पर कैश प्राइज पाते थे। नए बिल के तहत ये गेम्स अब गैरकानूनी हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी के सीईओ हर्ष जैन ने कर्मचारियों को बताया कि नए कानून के तहत रियल मनी गेमिंग को जारी रखने का कोई कानूनी रास्ता नहीं है। इस वजह से ड्रीम 11 ने अपने इस कोर बिजनेस को बंद करने का फैसला किया। कंपनी अब अपने नॉन-रियल मनी गेमिंग वेंचर्स पर फोकस करेगी।

# कप्तान हरमनप्रीत सिंह को उम्मीद, हॉकी एशिया कप में शानदार प्रदर्शन करेगा भारत

**पटना (आईएएनएस)**

बिहार का राजगीर हीरो एशिया कप 2025 के आयोजन को तैयार है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया सोमवार को ट्रॉफी का अनारण कर चुके हैं। यह टूर्नामेंट 29 अगस्त से 7 सितंबर के बीच खेला जाएगा, जिसे लेकर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह काफी उत्सुक हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करेगी।



हरमनप्रीत सिंह ने पत्रकारों से कहा, "हमारी तैयारी शानदार रही है। पिछले डेढ़ महीने से हम कैंप में भी थे। हमारा टूर भी था। उम्मीद है कि पहले मैच में उतकर अच्छा परफॉर्म करेंगे। हॉकी में दोनों 'डी' महत्वपूर्ण हैं। आपको जो भी चांस मिल रहे हैं, उस पर अच्छा खेलना होगा। कप्तान ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा, "ऑस्ट्रेलियाई टूर पर हमने अच्छा प्रदर्शन किया। 24 खिलाड़ियों की टीम थी, सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया।

## आईएलटी20 सीजन 4

# अदाणी स्पोर्ट्सलाइन के गल्फ जायंट्स ने जोनाथन ट्रॉट को हेड कोच नियुक्त किया

**दुबई (आईएएनएस)**

इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) के चौथे सीजन की तैयारियों के बीच अदाणी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गल्फ जायंट्स ने लीग की पहली नीलामी से पूर्व एक मजबूत कोचिंग टीम की घोषणा की है। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जोनाथन ट्रॉट को हेड कोच नियुक्त किया गया, जिनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिकॉर्ड बेहद प्रभावशाली रहा है। बतौर कोच जोनाथन ट्रॉट अफगानिस्तान को आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल तक पहुंचा चुके हैं। उनके मार्गदर्शन में टीम ने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 में शानदार प्रदर्शन किया था। बतौर खिलाड़ी, ट्रॉट ने 52 टेस्ट मैचों में 3,835 रन बनाए, जबकि 68 वनडे मुकाबलों में उनके नाम 51 की औसत से 2,819 रन दर्ज हैं, जिसमें चार शतक और 22 अर्धशतक शामिल हैं। नए हेड कोच के रूप में गल्फ जायंट्स से जुड़ने पर खुशी जाहिर करते हुए ट्रॉट ने कहा, "गल्फ जायंट्स तेजी से आईएलटी20 की सबसे सफल टीमों में से एक बन गई है।

# खिलाड़ी के लिए अनुशासन और धैर्य बेहद जरूरी : रोहित शर्मा

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा के मुताबिक एक खिलाड़ी के लिए अभ्यास, तैयारी, अनुशासन और धैर्य बेहद जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने एकाग्रता के महत्व पर भी प्रकाश डाला है। सोमवार को एक कार्यक्रम में रोहित शर्मा ने कहा, "जब मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया, तो अपने सीनियर्स को अनुशासन में देखकर प्रभावित हुआ। किसी भी खेल को खेलने के लिए अभ्यास और तैयारी सबसे जरूरी है। हमें मैदान पर पांच दिन खेलना होता है। इसलिए तैयारी बहुत जरूरी है। आप जिंदगी में कुछ भी करें, तैयारी बेहद जरूरी है। लंबे फॉर्मेट में खेलने के लिए अभ्यास और धैर्य की जरूरत होती है। इसके लिए खेल में एकाग्रता की आवश्यकता है। भारत को विश्व कप खिताब जिताने वाले चुनिंदा कप्तानों में शुमार रोहित शर्मा अपने टेस्ट करियर में 67 मुकाबले खेल चुके हैं, जिसकी 116 पारियों में 40.57 की औसत के साथ 4,301 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 12 शतक और 18 अर्धशतक निकले। वहीं, 273 वनडे मुकाबले में इस दिग्गज खिलाड़ी ने 48.76 की औसत के साथ 11,168 रन जुटाए। यह दाएं हाथ का बल्लेबाज इस फॉर्मेट में तीन दोहरे शतक जड़ चुका है। रोहित शर्मा के टी20 करियर को देखें, तो उन्होंने भारत की ओर से 159 मुकाबले खेले। इस दौरान रोहित शर्मा ने 32.05 की औसत के साथ 4,231 रन अपने नाम किए, जिसमें पांच शतक और 32 अर्धशतक शामिल हैं। रोहित शर्मा बतौर कप्तान मुंबई इंडियंस को पांच आईपीएल खिताब जिता चुके हैं। उन्होंने इस लीग में कुल 272 मुकाबले खेलते हुए 29.73 की औसत के साथ 272 रन जुटाए, जिसमें दो शतक और 47 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 129 फर्स्ट क्लास मुकाबलों में 29 शतक और 38 अर्धशत के साथ 9,318 रन अपने नाम किए हैं। रोहित शर्मा का शानदार रिकॉर्ड उनके अभ्यास, अनुशासन और धैर्य का ही परिणाम है।




# सीएएफए नेशंस कप : भारत की 23 सदस्यीय टीम का ऐलान, गुरप्रीत संधू की वापसी...

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय सीनियर मेंस नेशनल टीम 29 अगस्त से शुरू होने वाले सेंट्रल एशियन फुटबॉल एसोसिएशन (सीएएफए) नेशंस कप 2025 में भाग ले रही है। इसके लिए सोमवार को 23 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया गया। इस टीम में गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू की वापसी हुई है। खालिद जमील की कोचिंग में गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह और ऋतिक तिवारी को गोलकीपर के तौर पर चुना गया है, जबकि इस टीम में राहुल भेके, नाओरेम रोशन सिंह, अनवर अली, संदेश झिंगन, चिंगलेनसाना सिंह, हिंगथनमाविया राल्टे और मोहम्मद उवैस डिफेंडर के रूप में शामिल किए गए हैं। मिडफील्डर के तौर पर इस टीम में निखिल प्रभु, सुरेश सिंह वांगजाम, दानिश फारूक भट, जेकसन सिंह, बोरिस सिंह, आशिक कुरुनियान, उदांता सिंह और नाओरेम महेश सिंह को टीम में शामिल किया गया है, जबकि फॉरवर्ड पंक्ति में इरफान यदवाड, मनवीर सिंह जूनियर, जितिन एमएस, लल्लियानजुआला चांगटे और विक्रम प्रताप सिंह को शामिल किया गया है।



### सीएएफए नेशंस कप 2025 के लिए भारतीय टीम

- **गोलकीपर:** गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, ऋतिक तिवारी।
- **डिफेंडर:** राहुल भेके, नाओरेम रोशन सिंह, अनवर अली, संदेश झिंगन, चिंगलेनसाना सिंह, हिंगथनमाविया राल्टे, मुहम्मद उवैस।
- **मिडफील्डर:** निखिल प्रभु, सुरेश सिंह वांगजाम, दानिश फारूक भट, जेकसन सिंह, बोरिस सिंह, आशिक कुरुनियान, उदांता सिंह, नाओरेम महेश सिंह।
- **फॉरवर्ड:** इरफान यदवाड, मनवीर सिंह (जूनियर), जितिन एमएस, लल्लियानजुआला चांगटे, विक्रम प्रताप सिंह।

# डीपीएल में बिखेरी चमक, अब आईपीएल में जाना चाहते हैं सार्थक रंजन



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** दिल्ली प्रीमियर लीग 2025 (डीपीएल) में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स की तरफ से खेलने वाले सार्थक रंजन सांसद पप्पू यादव के बेटे हैं। राजनीतिक परिवार से आने के बावजूद सार्थक का सपना एक क्रिकेटर बनना है। वह भारत के लिए खेलना चाहते हैं। सार्थक रंजन डीपीएल 2025 में अपनी चमक बिखेर रहे हैं। उन्होंने 8 मुकाबलों में 49.86 की औसत के साथ 349 रन बनाए, जिसमें 14 छक्के और 37 चौके शामिल हैं। सलामी बल्लेबाज सार्थक ने डीपीएल को युवा खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन मौका बताया है। उन्होंने कहा, "मेरे साथ, बहुत खिलाड़ियों के लिए यह शानदार मौका है। डीपीएल जैसे मंच के लिए मैं डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# कैंसर और आवश्यक दवाओं पर जीएसटी में कटौती का जीएसटी परिषद का फैसला सराहनीय: आईएमए

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने सोमवार को कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद द्वारा कैंसर से संबंधित और अन्य आवश्यक दवाओं पर जीएसटी में कटौती का फैसला एक सराहनीय कदम है। एक बयान में, आईएमए ने कहा कि इस कदम से देश भर के लाखों मरीजों के लिए स्वास्थ्य सेवा अधिक किफायती और सुलभ हो जाएगी। आईएमए ने कहा, "महत्वपूर्ण दवाओं पर जीएसटी में कमी, सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने और कैंसर, पुरानी बीमारियों और जानलेवा संक्रमण जैसी गंभीर चिकित्सा स्थितियों से जूझ रहे लोगों की सहायता करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब सरकार अपने व्यापक कर सुधारों के तहत कई आवश्यक और जीवन रक्षक दवाओं पर जीएसटी कम करने पर काम कर रही है। कैंसर की दवाओं और अन्य महत्वपूर्ण उपचारों के लिए, प्रस्तावित बदलावों में जीएसटी दरों को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करना और कुछ मामलों में उन्हें शून्य तक लाना शामिल है। दुर्लभ बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाओं पर भी छूट देने पर विचार किया जा रहा है। इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि महंगी चिकित्सा अधिक किफायती और व्यापक रूप से सुलभ हो।



विशेष रूप से, एसोसिएशन ने सरकार और जीएसटी परिषद से आग्रह किया है कि वे जीवनरक्षक और आवश्यक दवाओं, जिनमें कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी और लक्षित चिकित्सा में इस्तेमाल होने वाली दवाएं; मधुमेह के लिए इस्तेमाल होने वाले इंसुलिन और ओरल एजेंट शामिल हैं, पर जीएसटी छूट प्रदान कर मरीजों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं पर बोझ को और कम करें। एसोसिएशन ने उच्च रक्तचाप और हृदय संबंधी दवाओं; क्रोनिक किडनी रोग, कोलेजन संवहनी रोग, थायरॉइड विकार, अस्थमा, सीओपीडी, ऑस्टियोपोरोसिस और गंभीर संक्रमणों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं; अंतःशिरा इम्युनोग्लोबुलिन और हीमोफिलिया और मायलोडिस्प्लास्टिक सिंड्रोम जैसी रक्त संबंधी स्थितियों में इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं पर भी जीएसटी छूट देने का आग्रह किया। इसके अलावा, आईएमए ने चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी में कमी का आह्वान किया, जिससे अस्पतालों और क्लीनिकों की परिचालन लागत में कमी आएगी और इलाज अधिक किफायती हो जाएगा।

आईएमए ने अस्पताल में भर्ती होने की अफोर्डिबिलिटी सुनिश्चित करने के लिए हॉस्पिटल बेड पर जीएसटी को पूरी तरह से हटाने और विशेष रूप से आपात स्थिति के समय व्यक्तियों और परिवारों पर वित्तीय बोझ को कम करने के लिए स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी छूट की भी सिफारिश की।

# अमेरिकी फेड से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में बंद

**मुंबई ।** अगले महीने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के बीच सोमवार को भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।




आईटी क्षेत्र के दिग्गज शेयरों में खरीदारी इस तेजी का मुख्य कारण रही। सेंसेक्स 329.06 अंक या 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,635.91 पर बंद हुआ। पिछले सत्र में भारी गिरावट के बाद, 30 शेयरों वाला यह सूचकांक पिछले सत्र के 81,306.85 के बंद स्तर के मुकाबले 81,501.06 पर अच्छी बढ़त के साथ खुला। सूचकांक ने अपनी गति को बढ़ाते हुए 81,799.06 के उच्च स्तर को छुआ, लेकिन सीमित दायरे में ही रहा। निफ्टी 97.65 अंक या 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,967.75 पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "सितंबर में फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती और उसके बाद यूएस 10-ईयर यील्ड में गिरावट की उम्मीदों से घरेलू बाजार में आशावाद की लहर दौड़ गई।

# उबर के लिए भारत एक जरूरी मोबिलिटी बाजार : सीईओ

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

उबर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दारा खोसरोशाही ने कहा है कि भारत कंपनी का तीसरा सबसे बड़ा मोबिलिटी बाजार है, जहां 14 लाख से अधिक चालक हैं और यह कंपनी के लिए "जरूरी जीत" है। ज़ेरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ के साथ एक पॉडकास्ट में, उबर के सीईओ ने कहा कि भारतीय बाज़ार में वृद्धि 'शानदार' है। उन्होंने आगे कहा, "भारत उबर के लिए एक ज़रूरी जीत है, न सिर्फ़ कल, बल्कि अगले 10 सालों के लिए भी। खोसरोशाही ने कहा कि ओला पहले उबर की मुख्य प्रतिस्पर्धी हुआ करती थी, लेकिन रैपिडो वर्तमान में भारत में ज़्यादा मज़बूत प्रतिद्वंद्वी है। उन्होंने आगे कहा, "किसी व्यवसाय की असली परीक्षा यह नहीं है कि आप खर्च करते हुए कितनी तेज़ी से विकास कर सकते हैं। बल्कि यह है कि आप मुनाफ़े में रहते हुए कितनी तेज़ी से विकास कर सकते हैं। और मुझे लगता है कि रैपिडो अभी इससे बहुत दूर है। लेकिन वे नए-नए प्रयोग करते रहे हैं। उन्होंने भारत के मोबिलिटी भविष्य के लिए विद्युतीकरण के महत्व पर ज़ोर दिया और कहा, "अगर हमें लंबे समय तक यहां नेतृत्व करना है, तो इलेक्ट्रिक वाहनों को केंद्रीय भूमिका में रखना होगा। स्वचालित और इलेक्ट्रिक वाहन मोबिलिटी में बदलाव लाएंगे, लेकिन नवाचार में समय लगता है। विस्तार से पहले, खोसरोशाही ने सुझाव दिया कि स्टार्टअप विशिष्ट बाज़ारों पर ध्यान केंद्रित करें ताकि उत्पाद-बाज़ार में सामंजस्य सुनिश्चित हो और दीर्घकालिक निवेशक मूल्य के लिए सतत विकास के साथ तालमेल बिठाया जा सके।



### व्यवसाय की **असली परीक्षा**

- खर्च करते हुए तेज़ी से विकास करना असली पैमाना नहीं है।
- **असली चुनौती मुनाफ़े में रहते हुए तेज़ी से विकास करना है।**
- रैपिडो अभी इस स्तर से काफ़ी दूर है।

# भारत के टियर-2 शहरों में एफएमसीजी सेक्टर नौकरियों में तेजी से बढ़ोतरी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** फास्ट-मूविंग कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (एफएमसीडी) क्षेत्र में नए अवसर महानगरों से आगे भी उभर रहे हैं। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, टियर-2 शहरों में कुल एफएमसीडी नौकरियों में 22 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। सीआईईएल एचआर की रिपोर्ट में महानगरों से आगे नए उपभोक्ता बाजारों के उभरने को दर्शाया गया है। इसमें मई 2023 से मई 2025 तक कुल 30 प्रतिशत की वृद्धि के साथ निरंतर भर्ती गति भी प्रदर्शित की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है, "यह बदलाव गैर-महानगरीय बाज़ारों में कूलिंग अप्लायंसेज, इन्वर्टर और घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी वस्तुओं में बढ़ती उपभोक्ता रुचि के कारण है।



# चालू वित्त वर्ष में भारत के टायर उद्योग में मजबूत वृद्धि का अनुमान लगाया जा रहा

**नई दिल्ली (आईएएनएस) ।** क्षमता विस्तार में निरंतर निवेश, बेहतर विनिर्माण दक्षता और आरएंडडी क्षमताओं पर अधिक ध्यान केंद्रित किए जाने के बीच भारत के टायर उद्योग में चालू वित्त वर्ष में मजबूत वृद्धि का अनुमान है। उद्योग के आंकड़ों का हवाला देते हुए टायर सेक्टर के लीडर्स के अनुसार, घरेलू टायर उद्योग में मूल उपकरण की कम मांग के बावजूद, मजबूत घरेलू प्रतिस्थापन मांग के बल पर मजबूत वृद्धि हासिल करने की उम्मीद है। विश्लेषकों के अनुसार, शहरी मांग कम होने के बावजूद, प्रतिस्थापन मांग को अनुकूल ग्रामीण रुझान, त्योहारी मांग और उपभोग पर अपेक्षित ब्याज दरों में कटौती जैसे कारकों से समर्थन मिलने की संभावना है।

